खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 23°C

बरेली, शनिवार 27 सितम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 303 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

एआई की मदद से छात्रवृत्ति प्रक्रिया सरल बनाई जाएगी: योगी

पेज 2

हारिस रऊफ पर गिरी आईसीसी की गाज

खेल टाइम्स

प्रकृति, संस्कृति और समाज को जोड़ता सतत पर्यटन

सम्पादकीय

तुर्की के जवाब में भारत ने साइप्रस का मुद्दा उठाया

पेज 12

ट्रम्प ने अब ब्रांडेड दवाओं पर लगाया 100 प्रतिशत टैरिफ

वाशिंगटन, वार्ता

- एक अक्टूबर से लागू होगा नया फरमान, अमेरिका को 30 प्रतिशत दवाएं एक्सपोर्ट करता है भारत
- जेनेरिक दवाओं पर भी बैन लगा सकते हैं ट्रम्प
- जेनेरिक दवाओं का विश्व में सबसे बड़ा निर्यातक है भारत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ये टैरिफ एक अक्टूबर 2025 से लागू होगा।

यह टैक्स उन कंपनियों पर नहीं लगेगा, जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। भारत पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले ही 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। ये टैरिफ 27 अगस्त से लागू हो चुका है। कपड़े, जेम्स-ज्वेलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट इससे महंगा हो गया है। हालांकि दवाओं को इस टैरिफ से बाहर रखा गया था। ट्रम्प ने कहा कि एक अक्टूबर से हम ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगा देंगे, सिवाय उन कंपनियों के जो अमेरिका में अपना दवा बनाने वाला प्लांट लगा रही हैं। लगा रही हैं का मतलब होगा कंस्ट्रक्शन चल रहा है। इसलिए, अगर कंस्ट्रक्शन शुरू हो गया है, तो उन दवाइयों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। जियोजित इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड के चीफ इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट -शेष पृष्ठ दो पर

अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर हुई रचनात्मक बातचीत: सरकार

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गए भारतीय प्रतिनिधिमंडल की वहां के अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में रचनात्मक बातचीत हुई और दोनों पक्षों ने निर्णय तक शीघ्र पहुंचने के लिए बातचीत जारी रखने का फैसला किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने 22-24 सितम्बर तक अपने दौरे में वहां अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और भारत के लिए नामित अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ बैठकें कीं। बयान में कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल ने समझौते के विभिन्न पहलुओं पर अमेरिकी सरकार के साथ रचनात्मक बैठकें कीं। दोनों पक्षों ने समझौते की संभावित रूपरेखा पर विचारों का आदान-प्रदान किया और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर शीघ्र निष्कर्ष निकालने के उद्देश्य से बातचीत जारी रखने का निर्णय लिया गया।

वांगचुक एनएसए के तहत गिरफ्तार

लेह। लद्दाख में राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पर्यावरणविद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई उस घटना के एक दिन बाद हुई, जब लेह में बंद और विरोध प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई भीषण झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई थी। वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद लेह में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

पेपर लीक करवा रही भाजपा का दूसरा नाम 'पेपर चोर पार्टी' : राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तराखंड में पेपर लीक की ताजा घटना को लेकर भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए शुक्रवार को कहा कि बार-बार पेपरलीक होने की घटनाओं से युवाओं का सपना तबाह करने वाली भाजपा सरकार 'पेपर चोर' सरकार बन गई है। श्री गांधी ने कहा कि अब तक भाजपा वोट चोरी करवाकर सत्ता में आने के षड्यंत्र में लिप्त रही है, लेकिन अब इससे भी आगे निकल कर देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने उत्तराखंड में यूकेएसएससी के हाल में हुए पेपर लीक का हवाला दिया और कहा कि पेपर चोर हो चुकी भाजपा युवाओं की मेहनत पर पानी फेर रही है।

हाईकोर्ट ने खारिज की राहुल गांधी की याचिका

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सिख समुदाय से जुड़े विवादित बयान को लेकर दायर निगरानी याचिका के खिलाफ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायाधीश समीर जैन की अदालत ने इस मामले में सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद तीन सितम्बर को अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था,जिस पर शुक्रवार को फैसला सुनाया गया। राहुल गांधी ने वाराणसी के स्पेशल जज एमपी/एमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। उन्होंने वाराणसी एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा निगरानी याचिका स्वीकार किए जाने को दी थी। याचिका को खारिज कर दिया।

डा. मनमोहन सिंह के नाम पर पुस्तकालय का उद्घाटन

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को यहां पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के नाम पर अनुसंधान केंद्र और पुस्तकालय का उद्घाटन किया। डा. सिंह के नाम पर स्थापित इस एक का नाम डा. मनमोहन सिंह अनुसंधान केंद्र और पुस्तकालय रखा गया है। यह केंद्र कांग्रेस के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में स्थापित किया गया है। इस केंद्र पर डा. सिंह की पुस्तकें, उनके लेख और भाषणों के संकलन रखे गए हैं। इस मौके पर डा. सिंह की पत्नी गुरशरण कौर, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा अन्य कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

यूसीसी वक्त की जरूरत: हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की वकालत की। कोर्ट ने कहा कि पर्सनल लॉ बाल विवाह की परमिशन देता है, जबकि पोक्सो एक्ट, बीएनएस में यही अपराध है। इन कानूनों के बीच बार-बार होने वाले टकराव को देखते हुए इसकी कानूनी रूप से स्पष्ट व्याख्या जरूरी है।

आई लव मुहम्मद के बैनर को लेकर बरेली में बवाल

सड़कों पर उतरे सैकड़ों लोग, तोड़फोड़-हंगामा, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

- मौलाना तौकीर रजा नजरबंद जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न

बरेली। बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। शहर के अलग-अलग इलाकों में आई लव मुहम्मद लिखे पोस्टर बैनर लेकर सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे। इस दौरान खलील स्कूल के पास कुछ शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ की। पुलिस ने स्थिति पर काबू पाने के लिए लाठीचार्ज किया। साथ ही मौलाना तौकीर रजा को नजरबंद कर लिया गया है।

डीआईजी रेंज बरेली अजय कुमार साहनी ने कहा कि नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। कुछ शरारती तत्व माहौल खराब करना चाहते थे, उन्हें खदेड़ दिया गया है। श्यामगंज में पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान एसपी क्राइम से नोकझोंक भी हुई, लेकिन जुलूस के रूप से भीड़ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ती गई। स्थिति को देखते हुए श्यामगंज में पुलिस ने दुकानें भी बंद करा दी। नौमहला मस्जिद के बाहर भी सैकड़ों लोग जुटे। लोगों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वहीं, खलील स्कूल के पास प्रदर्शनकारियों ने अचानक वाहनों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। प्रदर्शनकारियों को शांत कराने के लिए पुलिस ने लाठियां पटकीं, तो भगदड़ मच गई। इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के ऐलान के बाद से शहर में गहमागहमी का माहौल है। मौलाना ने आई लव मुहम्मद मामले में डीएम के जरिये राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजने की बात कही है। ज्ञापन में लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से शामिल होने की अपील की। इसके मद्देनजर गुरुवार शाम से ही शहर में चौकसी बढ़ा दी गई थी। शुक्रवार को सुबह से ही इस्लामिया मैदान और बिहारीपुर को छावनी में तब्दील कर दिया गया। श्यामगंज मंडी वाले रोड पर बैरिकेडिंग करने के साथ भारी फोर्स तैनात की गई। सैलानी इलाका बंद रहा। दोपहर होते-होते लोग घरों से निकलने लगे। जुमे की नमाज के बाद लोग जुलूस -शेष पृष्ठ दो पर

पोस्टर को गाड़ियों पर लगाकर न घूमें

बरेली। दरगाह की तरफ से युवाओं से यह अपील की गई कि वह पोस्टर को गाड़ियों पर लगाकर न घूमें, घरों पर पोस्टर न चिपकाएं और पोस्टर लेकर जुलूस में शामिल न हों, क्योंकि यदि पोस्टर फटेंगे तो जमीन पर गिरेंगे और लोगों के पैरों तले आएंगे इससे इस्लाम की तौहीन होगी।

सहारनपुर में जुमे की नमाज के बाद लहराया 'आई लव मुहम्मद' का पोस्टर

सहारनपुर ब्यूरो। महानगर में जुमे की नमाज के दौरान एक युवक ने 'आई लव मुहम्मद' के नाम का पोस्टर लहराया। इसके बाद पुलिस ने तुरंत उसे पकड़ लिया। काफी जद्दोजहद के बाद उससे पोस्टर छीन लिया और अपने साथ ले गई। महानगर की जामा मस्जिद में शुक्रवार दोपहर एक बजे नमाज शुरू हुई। नमाज अदा होने के बाद नमाजी अपने-अपने घर की ओर जाने लगे, तभी उनमें से एक व्यक्ति ने अपनी जेब में से आई लव मुहम्मद लिखा पोस्टर निकालकर लहराना शुरू कर दिया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल उस व्यक्ति को पकड़ लिया और उसे वहां से ले गए। इस दौरान कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए कड़े बंदोबस्त किए थे। मौके पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल एवं अधिकारी मौजूद रहे। बताया गया कि पुलिस उक्त व्यक्ति से पूछताछ कर रही है।

दिल्ली-NCR में पटाखे बनाने की इजाजत, बिक्री पर रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट बोला- सिर्फ ग्रीन पटाखे बना सकेंगे, बैन का आदेश लागू नहीं हो सका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखा बनाने की इजाजत दे दी। कोर्ट ने कहा कि जिन मैन्युफैक्चरर्स के पास ग्रीन पटाखा बनाने के लिए एनईईआरआई और पीईएसओ का परमिट हैं, सिर्फ वे ही पटाखा बना सकते हैं।

सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने मैन्युफैक्चरर्स के लिए एक शर्त भी रखी। बेंच ने कहा कि वे कोर्ट के अगले आदेश तक एनसीआर में कोई भी पटाखा नहीं बेचेंगे। अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पटाखों पर पूरी तरह बैन न तो संभव है, न ही यह सही है। हम केंद्र से आग्रह करते हैं कि दिल्ली सरकार, पटाखा बनाने और बेचने वालों सहित सभी हितधारकों से बातचीत करके पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध को संशोधित करने का प्रस्ताव लेकर आएं। एक व्यावहारिक समाधान लेकर आएं, जिसे सभी स्वीकार करें। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल 2025 को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन सिर्फ सर्दियों के मौसम के बजाय पूरे साल तक बढ़ाने का आदेश दिया था। इस फैसले को कोर्ट में चुनौती दी गई है, जिस पर अभी सुनवाई चल रही है।

उत्तराखंड राज्य चुनाव आयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाया दो लाख का हर्जाना

- एसईसी की हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तराखंड राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) की उस चुनौती को खारिज कर दिया, जो उसने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर की थी। हाईकोर्ट ने आयोग के उस स्पष्टीकरण वाले सर्कुलर पर रोक लगाई थी, जिसमें कहा गया था कि जिन उम्मीदवारों के नाम कई मतदाता सूचियों में दर्ज हैं, वे पंचायत चुनाव लड़ सकते हैं।

जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश पारित किया और एसईसी पर 2 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जस्टिस नाथ ने आयोग के वकील से सवाल किया कि आप कैसे वैधानिक प्रावधान के विपरीत निर्णय ले सकते हैं? हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में बताया गया था कि कई मामलों में ऐसे लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति दी जा रही थी, जिनके नाम एक से अधिक मतदाता सूचियों में शामिल थे। एसईसी से स्पष्टीकरण में कहा गया था कि किसी उम्मीदवार का नाम एक से अधिक ग्राम पंचायत/क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र/नगर निकाय की मतदाता सूची में दर्ज होने के आधार पर उसका नामांकन पत्र निरस्त नहीं किया जाएगा। हाईकोर्ट ने उपलब्ध सामग्री का अध्ययन करने के बाद यह पाया कि यह स्पष्टीकरण उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम, 2016 का उल्लंघन प्रतीत होता -शेष पृष्ठ दो पर

मिग-21 ने भरी आखिरी उड़ान, 62 साल बाद हुआ रिटायर

चंडीगढ़, वार्ता

- मिग-21 की अंतिम उड़ान में एयरफोर्स चीफ हुए सवार
- 1965, 1971 और कारगिल जंग में शामिल रहा चर्चित एयरक्राफ्ट

भारतीय वायुसेना की रीढ़ कहा जाने वाला मिग-21 एयरक्राफ्ट शुक्रवार को रिटायर हो गया। चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट को विदाई दी गई। शुक्रवार से विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो गई हैं।

विदाई समारोह में एयरफोर्स चीफ एपी सिंह ने 23 स्क्वाड्रन के 6 जेट के साथ आखिरी उड़ान भरी। स्क्वाड्रन लीडर प्रिया शर्मा ने भी फ्लाईपास्ट में हिस्सा लिया। 1963 में एयरक्राफ्ट चंडीगढ़ में ही वायुसेना में शामिल हुआ था। 62 साल की सर्विस के दौरान सुपरसोनिक मिग-21 ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम, 1999 के कारगिल युद्ध और 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी ये आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकंड) से तेज उड़ सकता है। अब इसकी जगह तेजस एलसीए मार्क 1ए को शामिल किया जाएगा। मिग-21 के रिटायरमेंट समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेनाओं के प्रमुख समेत रक्षा मंत्रालय के कई अधिकारी शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लंबे समय से मिग-21 अनेक वीरतापूर्ण कार्यों का साक्षी रहा है। इसका योगदान किसी एक घटना या किसी एक युद्ध तक सीमित नहीं रहा है। 1971 के युद्ध से लेकर कारगिल संघर्ष तक, या बालाकोट हवाई हमले से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक, ऐसा कोई क्षण नहीं रहा जब मिग-21 ने हमारे सशस्त्र बलों को जबरदस्त ताकत प्रदान न की हो। आपकी वीरता की जो यह यात्रा रही है इसमें मिग-21 का भी योगदान रहा है। आज हम सब इसको विदाई दे रहे हैं। मेरे मन में गौरव और कृतज्ञता की भावना भी है। हम एक ऐसे अध्याय को विदाई दे रहे हैं, जिससे काफी यादें जुड़ी हैं। यह एक मशीन भर नहीं है बल्कि भारत रूस की मित्रता की मिसाल है। मिग ने कई गौरव के पल जोड़े हैं। भारत में 850 मिग रहे हैं। अभी आप लोगों ने देखा कि फाइनल फ्लाई पास्ट को खुद लीड किया। यह उसके प्रति सम्मान दर्शाता है। सूर्यकिरण टीम भारतीय वायुसेना की एरोबेटिक डिस्प्ले टीम है। इसे दुनिया की चुनिंदा और सबसे बेहतरीन सैन्य एरोबेटिक टीमों में गिना जाता है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

संक्षिप्त समाचार

दवाओं पर ट्रम्प के टैरिफ का सबसे ज्यादा असर होगा

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अक्टूबर से सभी ब्रांडेड और पेटेंट प्राप्त दवाओं पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा का सबसे अधिक भारतीय कंपनियों के प्रभावित होने की आशंका है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से अमेरिका को फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात 21.09 प्रतिशत बढ़कर 978.39 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया था। खासकर भारतीय कंपनियां अमेरिका को जेनरिक दवाओं का बड़े पैमाने पर निर्यात करती हैं, जो वहां सस्ती दवाओं का प्रमुख स्रोत है। उद्योग मंडल फिक्की की पिछले साल प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की जेनरिक दवाओं की 40 प्रतिशत मांग की पूर्ति भारतीय कंपनियों द्वारा की जाती है।

मुख्तार पर शिकंजा कसने वाले आईपीएस के घर में चोरी

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के विकासनगर क्षेत्र में तैनाती के दौरान माफिया मुख्तार अंसारी पर शिकंजा कसने वाले आईपीएस अधिकारी यमुना प्रसाद के घर में बीते बुधवार को चोरी की वारदात हुई है। चोरों ने घर से नकदी, घड़ियां, चांदी के बर्तन और टोटियां समेत कई सामान पार कर दिए। पुलिस सूत्रों के अनुसार यमुना प्रसाद वर्तमान में नोएडा में डीसीपी पद पर तैनात हैं और परिवार के साथ वही रहते हैं। लखनऊ के आवास पर रिश्तेदार असित सिद्धार्थ रहते थे, जिन्होंने चोरी की जानकारी पुलिस को दी। घटना का खुलासा 23 सितम्बर को तब हुआ, जब बिजली विभाग के कर्मचारी घर पहुंचे। घर खोलने पर भीतर का सामान अस्त-व्यस्त मिला।

हाईकोर्ट की यूपीपीएससी की मुख्य परीक्षा नहीं कराने के आदेश पर रोक

प्रयागराज, वार्ता

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की संयुक्त राज्य इंजीनियरिंग सेवा (मुख्य परीक्षा) पर रोक लगाने के एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि आयोग मुख्य परीक्षा का आयोजन करे, मगर इसका परिणाम जारी नहीं किया जाएगा।

इससे पूर्व एकल पीठ ने मुख्य परीक्षा के आयोजन पर रोक लगाते हुए प्रारंभिक परीक्षा-2024 के परिणाम को संशोधित करने का आदेश दिया था। एकल पीठ ने कहा है कि

■ परीक्षा कराएं, मगर परिणाम नहीं होगा जारी

आयोग पहले प्रारंभिक परीक्षा का संशोधित परिणाम जारी करे और उसके आधार पर ही मुख्य परीक्षा आयोजित करे। इस आदेश के खिलाफ आयोग ने विशेष अपील दाखिल की। न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अनीस कुमार गुप्ता की पीठ के समक्ष शुक्रवार को वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने अपील पर सुनवाई का अनुरोध किया, जिसे स्वीकार करते हुए खंडपीठ ने एकल न्याय पीठ के आदेश पर आंशिक रोक लगा दी है और मुख्य परीक्षा के आयोजन की छूट दे दी है। प्रतियोगी राजत मौर्या व 41 अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर कहा गया कि यूपीपीएससी ने प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम तैयार करते समय आरक्षण के माइग्रेशन (प्रवासन) के सिद्धांत का पालन नहीं किया। इसके तहत आरक्षित वर्ग के जिन उम्मीदवारों ने योग्यता के आधार पर अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के बराबर या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें अनारक्षित सूची में शामिल किया जाना अनिवार्य है।

भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा: राष्ट्रपति

रेयर अर्थ एलिमेंट के प्रोडक्शन पर बोलीं द्रौपदी मुर्मू, रिसर्च की अपील

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए भारत को रेयर अर्थ एलिमेंट के प्रोडक्शन में आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। मुर्मू ने यहां राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2024 में बोलते हुए कहा कि इससे भारत को विकसित राष्ट्र बनने के अपने लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी और देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यह बहुत जरूरी है कि भारत दुर्लभ अर्थ एलिमेंट के प्रोडक्शन में आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि ये एलिमेंट दुर्लभ इसलिए नहीं हैं क्योंकि इनकी उपलब्धता कम है, बल्कि इन एलिमेंट की पहचान करने की प्रक्रिया बहुत जटिल है।

■ बाढ़, भूस्खलन, भूकंप और सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं की रिसर्च करे वैज्ञानिक

राष्ट्रपति मुर्मू ने आगे कहा कि स्वदेशी तकनीक के विकास से इस जटिल प्रक्रिया को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडेक्टर और क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी का दौर है। स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और रेन्युबल एनर्जी टेक्नोलॉजी में रेयर अर्थ एलिमेंट आवश्यक हैं। बता दें कि रेयर अर्थ एलिमेंट 17 रासायनिक रूप से समान धात्तिक तत्वों का एक समूह है जो स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और वाइंड टर्बाइन सहित एडवांस टेक्नोलॉजी के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि माइन्स मंत्रालय स्थिरता और इनोवेशन के लिए प्रतिबद्ध है। खनन क्षेत्र एआई मशीन लर्निंग और ड्रोन-बेस्ड सर्वे को बढ़ावा दे रहा है। खदानों के अवशेषों से मूल्यवान तत्वों की प्राप्ति पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस साल देश के कई हिस्सों में बादल फटने और भूस्खलन के कारण लोगों को काफी नुकसान हुआ है और ऐसी प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी समय पर प्राप्त करना बेहद जरूरी है। राष्ट्रपति ने कहा कि भूवैज्ञानिक समुदाय से मेरी अपील है कि वे बाढ़, भूस्खलन, भूकंप और सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं की रिसर्च पर अधिक ध्यान दें।

चार लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित करते हुए बोले सीएम योगी

एआई की मदद से छात्रवृत्ति प्रक्रिया होगी सरल

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को चार लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित करते हुए कहा कि कई बार विद्यालयों से छात्रवृत्ति के लिए डाटा फीड करने में त्रुटि हो जाती है। ऐसे में छात्र अपने अधिकार से वंचित रह जाता है। इसके लिए हम एआई के माध्यम से प्रक्रिया को सरल बना रहे हैं।

योगी ने कहा कि इस प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप कम रहेगा और जैसे ही छात्र का पंजीकरण हो जाए, उसके फोन पर पूरी डिटेल उपलब्ध हो और समय पर छात्रवृत्ति पहुंच जाएगी। इसकी व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए यह बातें कहीं। इस दौरान उन्होंने

■ 2017 के पहले उप्र में छात्रों को छात्रवृत्ति देने में भेदभाव किया जाता था

कहा कि 2017 के पहले छात्रों को छात्रवृत्ति देने में भेदभाव किया जाता था। 2017 में जब हमारी सरकार आई तो हमने 2016-17 और 17-18 की छात्रवृत्ति एक साथ दी। उन्होंने कहा कि दरअसल फरवरी-मार्च में मिलने वाली छात्रवृत्ति इस बार सितम्बर में नवरात्र के अवसर पर छात्रों को दी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति सितम्बर के महीने में मिल रही है। इसकी सभी विद्यार्थियों को बधाई। पहले जो छात्रवृत्ति फरवरी-मार्च में मिलती थी अब सितम्बर में मिला करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने प्रतीकात्मक तौर पर कई विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का चेक प्रदान किया। इस बार फरवरी-मार्च में मिलने वाली छात्रवृत्ति इस बार सितम्बर में नवरात्र के अवसर पर छात्रों को दी जा रही है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर और सरदार पटेल ने अपनी शिक्षा से, अपनी योग्यता से हमारे देश को और समाज को दिशा दी थी। सरकार का प्रयास है कि हर छात्र को सहायता मिले जिससे कि वो अपनी शिक्षा से समाज के विकास में योगदान दे सके।

यूपी के 240 गांवों में बीएसएनएल के 4-जी नेटवर्क पर होगी बात

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उड़ीसा से भारत संचार निगम लिमिटेड की 4-जी सेवा का शुभारंभ करेंगे।

देश में बीएसएसनल की 4-जी सेवा के शुरू होने के बाद उत्तरप्रदेश के उन 240 गांवों में संचार नेटवर्क आसानी से उपलब्ध होंगे, जहां पर अभी तक मोबाइल पर लोगों का बात करना सपने के समान था। इन गांवों में अभी तक किसी भी दूरसंचार कम्पनी की कनेक्टिविटी नहीं है। बीएसएसनल की 4-जी सेवाओं के शुभारंभ से एक दिन पूर्व शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बीएसएसनल (पूर्वी परिमंडल) के चीफ जनरल मैनेजर एके गर्ग ने बताया कि पहली बार बीएसएसनल की 4-जी स्वदेशी सेवा की कल से शुरुआत हो रही है। इसके लिए पूरे देश मे 97500 साइट्स स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा बीपीएन नेटवर्क के तहत 18900 साइट्स को कवर किया जा रहा है। एके गर्ग ने बताया कि अभी तक हमारे पास 4-जी टेक्नोलॉजी नही थी। इस टेक्नोलॉजी को 22 माह के अंदर डेवलप किया गया है। टेक्नोलॉजी के डेवलप होने के बाद भारत विश्व के उन पांच देशों मे शामिल हो गया है, जिनके पास यह टेक्नोलॉजी डेवलप करने की क्षमता है। उन्होंने बताया कि कल इस सेवा के शुरू होने के मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व वित्त राज्यमंत्री भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन आईजीपी में किया गया है। उन्होंने बताया कि हम 5-जी सेवा पर भी काम कर रहे हैं।

कच्चे माल पर कर बढ़ाना भाजपा का गोलमोल सच

लखनऊ, वार्ता

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि दिखाने के लिए तैयार माल पर घटाने के साथ ही कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ाना 'जीएसटी गोलमाल' का सच है।

यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- भाजपा ने दिखाने के लिए तैयार सामान पर जीएसटी घटा दी, लेकिन वो सामान जिससे बनता है, उसके कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ा दी। यही है भाजपा के 'जीएसटी गोलमाल' का सच। उन्होंने कहा ष्भाजपा कारोबारियों को संकट में डाल रही है, क्योंकि भाजपाई तो सड़कों पर नारे लगाकर, 50 प्रतिशत का भाषण देकर निकल गए। जब जनता बाजार जा रही है और सस्ता माल नहीं पा रही है, तो दुकानदारों से झगड़ रही है। भाजपा सुधार नहीं, ग्राहक-दुकानदार के संबंधों को बर्बाद कर रही है। भाजपा किसी

■ अखिलेश ने बीजेपी पर बोला तीखा हमला

की सगी नहीं है। एक अन्य पोस्ट में सपा सुप्रीमो ने रिहायशी इलाकों में वन्य जीवों के बढ़ते हमलों को लेकर कहा कि कहीं भेड़िया, कहीं तेंदुआ, कहीं अजगर, कहीं सांड उप्र में दहशत का जो वातावरण बना हुआ है, उसके लिए भाजपा सरकार कुछ करेगी या ये कहकर पल्ला झाड़ लेगी कि जानवर के पदचिह्न नहीं मिले हैं। जिन पर हमले हो रहे हैं, क्या उनके घायल शरीर के निशान काफी नहीं हैं या फिर उनके जख्म जिनके बच्चे जानवर उठा ले जा रहे हैं। भाजपा अब क्या सीसीटीवी के खिलाफ एफआइआर कराएगी।

अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70

सोना रु. 113080
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 137467
प्रति किलो

बाजारों में चौतरफा बिकवाली, सेंसेक्स लुढ़का

सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल शेयरों में ज्यादा गिरावट रही

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार छठे दिन गिरावट देखी गई और शुरुआती कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 450 अंक लुढ़क गया। बाजार में शुक्रवार को शुरू से ही बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स 203.67 अंक की गिरावट के साथ 80,956.01 अंक पर खुला।

फार्मा, आईटी, बैंकिंग, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस और एफएमसीजी समेत लगभग सभी सेक्टरों में निवेशकों ने बिकवाली की। खबर लिखे जाते समय सेंसेक्स 378.57 अंक (0.47 प्रतिशत) की गिरावट में 80,781.11 अंक पर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 सूचकांक भी 72.5 अंक गिरकर 24,818.55

अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह भी 108.15 अंक यानी 0.43 प्रतिशत नीचे 24,782.70 अंक पर रहा।

सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और टीसीएस के शेयरों में ज्यादा गिरावट रही। एलएंडटी, टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी और आईटीसी के शेयर ऊपर चल रहे थे।

विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 702.57 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 सितम्बर को समाप्त हुए सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर पर आ गया। इससे पहले लगातार तीसरी साप्ताहिक तेजी के साथ 12 सितम्बर को यह अब तक के दूसरे उच्चतम स्तर 702.966 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बताया कि 19 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 86.4 करोड़ डॉलर घटकर 586.15 अरब डॉलर रह गया। हालांकि स्वर्ण भंडार 36 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 92.779 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार 10.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.879 करोड़ डॉलर पर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर की वृद्धि के साथ 4.762 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

सोने और चांदी के दाम में फिर आया उछाल

नई दिल्ली। लगातार दो दिन से गिरावट के बाद सोने में शुक्रवार को उछाल देखा गया। हालांकि ये तेजी इतनी अधिक नहीं है। वहीं चांदी की रफ्तार ने भी तेजी पकड़ ली। सुबह 9.30 बजे एमसीएक्स पर सोने में 174 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी देखी गई है। देश की राजधानी दिल्ली और मुंबई में 10 ग्राम गोल्ड खरीदने के लिए ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। 24 कैरेट 10 ग्राम गोल्ड के भाव देश की राजधानी दिल्ली में 250 रुपये प्रति 10 बढ़कर 113,080 रुपये पर आ गए है। मुंबई में सोने के दाम 450 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ गए हैं। सोने की कीमत 113,470 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। गोल्ड के भाव आज 0.400 फीसदी बढ़ गए हैं। पटना और रायपुर में आज सोना सबसे सस्ता मिल रहा है। यहां 24 कैरेट सोने की कीमत 113,200 रुपये प्रति 10 ग्राम है। आईबीजेए के अनुसार चांदी का भाव 2911 रुपये बढ़ा है। हालांकि एमसीएक्स में दोपहर 3.42 बजे चांदी की कीमत में 864 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी देखी गई है। शुक्रवार को 1 किलो चांदी का भाव 137,467 रुपये दर्ज किया गया है। इस हिसाब से देखें तो आज चांदी में 2911 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी आई है।

यूपी स्वास्थ्य विभाग में एक और फर्जीवाड़ा

14 अलग-अलग पिता के नाम पर 35 को मिली नौकरी, जांच में खुलासा

लखनऊ। यूपी स्वास्थ्य विभाग में एक्स-रे टेक्नीशियन पद पर भर्ती मामले में अब नया खुलासा हुआ है। खाद्य एवं रसद विभाग की जांच रिपोर्ट में चयनित अभ्यर्थियों की सूची में ऐसे कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जो सीधे-सीधे धांधली की ओर इशारा करते हैं। विभाग ने पूरे मामले की जांच रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को सौंप दी है।

खाद्य एवं रसद विभाग 2008 और 2016 में हुई नियुक्तियों की जांच कर रहा है। 2007 में एक्स-रे टेक्नीशियन के 572 पदों पर हुई नियुक्ति में भी फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। जांच रिपोर्ट से पता चला है कि 14 अलग-अलग पिता के नाम पर 35 अभ्यर्थियों की नियुक्तियां की गई है। उदाहरण के तौर पर एक ही पिता गुलाब सिंह के चार बच्चों जनार्दन सिंह, नेम सिंह, अजय सिंह व अतुल कुमार सिंह की नियुक्ति हुई है, जबकि पता सभी का अलग-अलग है। स्वास्थ्य विभाग में एक्स-रे टेक्नीशियनों की भर्ती मामले में फर्जीवाड़े के खुलासे से सवालिया निशान खड़ा हो गया है। यह भी पता चला है कि कई अभ्यर्थियों के नाम एक जैसे तो हैं, लेकिन उनकी जाति अलग-अलग दर्ज

की गई है। दस्तावेजों में इस स्तर की हेराफेरी से साफ जाहिर है कि भर्ती में पारदर्शिता को दरकिनार कर सुनियोजित फर्जीवाड़ा किया गया। कई अभ्यर्थियों के पते भी गलत पाए गए हैं। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि नियुक्तियां असल अभ्यर्थियों के बजाय अपने चहेते अभ्यर्थियों की हुई है। यह खुलासा 2016 और 2008 में हुई भर्तियों की जांच के दौरान हुआ है। अब 2007 की भर्ती उजागर होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की पूरी भर्ती प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव अमित घोष ने कहा कि एक्स-रे टेक्नीशियन की भर्ती मामले की जांच रिपोर्ट से संबंधित फाइलें देखने के बाद निर्णय लिया जाएगा।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

ट्रम्प ने...

वीके विजयकुमार ने कहा कि भारत, जो जेनेरिक दवाओं का एक्सपोर्टर है, उसे इससे ज्यादा असर नहीं होगा। लेकिन हो सकता है कि राष्ट्रपति का अगला निशाना जेनेरिक दवाएं हों। इस फैसले का फार्मास्यूटिकल स्टॉक्स पर भावनात्मक असर पड़ सकता है। भारत जेनेरिक दवाइयां अमेरिका को एक्सपोर्ट करने वाला सबसे बड़ा देश है। 2024 में भारत ने अमेरिका को लगभग 8.73 अरब डॉलर (करीब 77 हजार करोड़ रुपये) की दवाइयां भेजीं, जो भारत के कुल दवा एक्सपोर्ट का करीब 31 फीसदी था। अमेरिका में डाक्टर जो प्रिस्क्रिप्शन लिखते हैं, उनमें से हर 10 में से लगभग 4 दवाइयां भारतीय कंपनियों की बनाई होती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में अमेरिका के हेल्थकेयर सिस्टम के 219 अरब डॉलर बचे थे। 2013 से 2022 के बीच यह बचत 1.3 ट्रिलियन थी। भारत की बड़ी फार्मा कंपनियां, जैसे डा. रेड्डीज, सन फार्मा, ल्यूपिन सिर्फ जेनेरिक दवाएं ही नहीं बेचती, बल्कि कुछ पेटेंट वाली दवाएं भी बेचती हैं।

आई लव मुहम्मद...

के रूप से नारेबाजी करते हुए सड़कों पर निकले। इस दौरान कुछ लोगों ने हंगामा और तोड़फोड़ शुरू कर दी। इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने शुक्रवार सुबह एक वीडियो जारी कर कहा था कि मीडिया जो खबरें चल रही हैं, वह सरासर गलत हैं। पुलिस प्रशासन के साथ कुछ मुखबिरों ने मिलकर साजिश रचकर यह काम किया है। मौलाना ने कहा कि उन्होंने जो ऐलान किया था। उसके मुताबिक अमल किया जाएगा। जुमे की नमाज नौमहला मस्जिद में पढ़ेंगे। उसके बाद बहुत ही जिम्मेदारी और अमन के साथ हम अपनी तकलीफों और परेशानियों के लिए डीएम के जरिये राष्ट्रपति को ज्ञापन देना चाहते हैं। इसमें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। अगर जिला प्रशासन लोगों को रोक-टोक करेगा या उनके साथ बदतमीजी की जाएगी। ज्यादती की जाएगी, तो उसकी जवाबदेही जिला प्रशासन की खुद होगी। हमारा कार्यक्रम पूरी तरह अमन का है।

उत्तराखंड राज्य...

है। अदालत ने कहा कि यह अधिनियम की धारा 9(6) और 9(7) के विपरीत है। हाईकोर्ट का कहना था कि जब कानून स्पष्ट रूप से यह रोक लगाता है कि किसी मतदाता का नाम एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों या मतदाता सूचियों में दर्ज नहीं हो सकता और यह वैधानिक प्रतिबंध है, तो राज्य चुनाव आयोग द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण इस प्रतिबंध के बिल्कुल विपरीत प्रतीत होता है। इसलिए हाईकोर्ट ने उस परिपत्र पर रोक लगाई और निर्देश दिया कि उस पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी। इसी आदेश के खिलाफ एसईसी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया।

लद्दाख में पार्टी को बदनाम करने वालों के विरुद्ध होगी कानूनी कार्रवाई: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेता, न्यूज चैनलों के एंकर तथा सोशल मीडिया के कई लोग हिंसा में शामिल किसी व्यक्ति की तस्वीर गलत तरीके से पेश कर उसे कांग्रेस का पार्षद बता कर पार्टी को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं।

पार्टी ने इसे सोची समझी रणनीति का हिस्सा बताते हुए कहा कि यह राजनीतिक लाभ अर्जित करने के लिए कांग्रेस के खिलाफ चलाए जा रहे दुष्प्रचार का हिस्सा है और ऐसा करने वाले लागों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा के कई नेता और कुछ एंकर या सोशल



■ यह एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा

मीडिया इन्फ्लुएंसर किसी व्यक्ति की तस्वीर और फुटेज दिखाकर उसे कांग्रेस के निर्वाचित पार्षद फुंटसोग स्टैनजिन त्सेपाग बताकर उसे गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। हम उन सभी लोगों के खिलाफ कानूनी और आपराधिक कार्रवाई कर रहे हैं, जिन्होंने न केवल हमारी पार्टी को बदनाम करने की कोशिश की है, बल्कि अशांति पैदा कर विरोध को हवा देते हुए मतभेद और फैलाने का प्रयास किया है। खेड़ा ने कहा कि

डा. मनमोहन सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह को जयंती पर नमन करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

भाजपा और उसके लिए प्रचार में लगे मीडिया तथा सोशल मीडिया के उसके लोग लद्दाख के लोगों के साथ संवेदनशीलता दिखाने की बजाय अपनी आदत के अनुसार कीचड़ उछाल रहे हैं और लद्दाख में फैले आक्रोश का फायदा उठाकर राजनीतिक विरोधियों से हिसाब बराबर करने का मौका तलाश रहे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, कब्जकमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी विज्ञापनदाता सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

पूर्व विधायक समेत दो कर्मचारियों व 15-20 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला। भानपुर वार्ड संख्या 14 के सभासद कपिल चौधरी उर्फ भानू की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पूर्व विधायक हरपाल सिंह समेत तीन नामजदों व 15-20 अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

दर्ज कराए गए मुकदमें में सभासद कपिल चौधरी का आरोप है कि 25 सितम्बर को नगर पालिका बोर्ड की बैठक में पूर्व विधायक हरपाल सिंह, अमित व अजय समेत 15-20 अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया और उनके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वहीं पुलिस ने दूसरा मुकदमा वार्ड 21 बुधबाजार की सभासद अंशु चौधरी पत्नी अमित कुमार

■ सभासद कपिल चौधरी व सभासद अंशु चौधरी ने दर्ज कराए अलग अलग केस

की तहरीर पर दर्ज किया। मुकदमे में आरोप है कि बोर्ड बैठक के दौरान जब सभासदों ने कार्रवाई को फेयर रजिस्टर पर दर्ज करने को कहा तो अध्यक्षा ने अपने पति पूर्व विधायक हरपाल सिंह को फोन करके बुला लिया। हरपाल सिंह अपने साथियों के साथ बैठक में आए और गाली गलौच करते हुए और रजिस्टर उठाकर भागने लगे। उन्हें रोकने का प्रयास किया तो पूर्व विधायक हरपाल सिंह व कर्मचारी अजय व अमित ने उनके साथ मारपीट की। इन दोनों मुकदमों की जांच अधिकारी भी मण्डी धनौरा की क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया हैं।

मेरठ में चल रहा पूर्व विधायक हरपाल का उपचार

सीने में दर्द और सांस लेने संबंधी शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला। नगर पालिका बोर्ड की बैठक में हुए हंगामे और विवाद के बाद हालत बिगड़ने पर पूर्व विधायक व पालिकाध्यक्षा राजेन्द्री उर्फ उमा देवी के पति हरपाल सिंह का उपचार मेरठ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। बताया कि वे रात 12 घंटे आईसीयू वार्ड में रहे थे, अब उन्हें जनरल वार्ड में शिफ्ट किया गया है। उनके सीने में दर्द और सांस लेने में शिकायत है।

बता दें कि 25 सितम्बर को बोर्ड की बैठक में विवाद होने के बाद पूर्व विधायक हरपाल सिंह थाने में आए थे। यहीं पर उनकी हालत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें पहले सीएचसी ले जाया गया तो वहीं फिर अमरोहा और फिर उन्हें मेरठ रेफर किया गया। जहां पर उनका उपचार चल रहा है। शुक्रवार को ईओ ललित कुमार आर्य, लिपिक आदेश कुमार अग्रवाल, ललित कुमार, डॉ.राजीव शुक्ल आदि ने मेरठ पहुंचकर उनकी कुशलक्षेम जानी।

सात सभासद व चार पतियों पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला। बेहद हंगामेदार रही नगर पालिका बोर्ड की बैठक में पालिकाध्यक्षा के पति पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने सात सभासदों व चार सभासद पतियों के विरूद्ध मारपीट करने, कपड़े फाड़ने, जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुक. दमा पंजीकृत कराया है।

मुकदमे के अनुसार हरपाल सिंह का आरोप है कि 25 सितम्बर को आयोजित बोर्ड की बैठक में वे अपनी पत्नी पालिकाध्यक्षा को लेने गए थे, इस दौरान महिला सभासद अंशु चौधरी, पुष्पा चौधरी, मनु शर्मा, विनीता अग्रवाल, सभासद कपिल चौधरी, अरविंद यादव व विजेन्द्रपाल ने रोककर मारपीट की, जातिसूचक शब्दों से अपमा.

■ पूर्व विधायक हरपाल सिंह की तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई

नित किया और उनके कपड़े फाड़ते हुए जान से मारने की धमकी दी। कार्यालय से निकलने के बाद रास्ते में खड़े अशोक चौधरी उर्फ दिले, अमित चौधरी, देवेश शर्मा व अनिल अग्रवाल सभासद पतियों ने गाड़ी रोककर उनके साथ मारपीट की और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस तरह पूर्व विधायक की तहरीर पर पुलिस ने सात सभासदों व चार सभासद पतियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच अधिकारी मण्डी धनौरा की सीओ अंजलि कटारिया हैं।

हमलावर गिरफ्तार न हुए तो 29 को धरना

गजरौला चेयरमैन पर हमले पर भड़की एससीएसटी महासभा

शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा। एसएसीएसटी महासभा ने चेतावनी दी कि यदि गजरौला चेयरमैन व उनके परिजनों पर हुए प्राणघात हमले के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो 29 सितम्बर को कलेक्ट्रेट में विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

वरिष्ठ समाजसेवी श्री हरि सिंह मौर्य की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया गया। यह सभा नगर पालिका परिषद अमरोहा की चेयरपर्सन श्रीमती राजेंद्र देवी के पति, पूर्व विधायक श्री हरपाल सिंह पर बीते दिन कुछ सभासदों एवं उनके परिजनों द्वारा किए गए प्राणघातक हमले के विरोध में आयोजित की गई थी। सभा में उपस्थित लोगों ने इस घटना की कड़ी निंदा की और गजरौला थाना में दर्ज नामजद मुकदमे के अनुसार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो आगामी 29 सितंबर को जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष एक विशाल ज्ञापन और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सभा में श्री राजकुमार अरुण, मुनेंद्र मोहन, वरण सिंह, जयप्रकाश सिंह, हीरा सिंह, योगेश कुमार, महेंद्र सिंह मौर्य, शब्द कुमार वाल्मीकि, विजेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, श्रीमती निशि भूषण, नितिन कुमार पराग, डॉक्टर धर्म सिंह, करतार सिंह, जगबीर सिंह, रामवीर सिंह, विनोद कुमार गौतम, डॉक्टर अशोक कुमार, इंद्रपाल सिंह, आदेश अमरोही, राम बहादुर सिंह, नितिन कुमार कसेरवा, जॉनी कुमार, अंकित कुमार, देवकांत भूषण, शीशपाल सिंह सहित कई अन्य नागरिक मौजूद रहे।

छात्रा को फरार करने वाले पर मुकदमा

हसनपुर। छात्रा को बहला फुसला कर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर के मोहल्ला निवासी एक विधवा की बेटी बालिका शहर के ही बालिका विद्यालय में कक्षा 8 में पढ़ती थी। विधवा महिला के मुताबिक उसकी पुत्री अभी नाबालिक है। उसकी उम्र 17 वर्ष है। मोहल्ले का एक युवक उसकी बेटी का स्कूल आते जाते समय पीछा करता था। साथ ही वह उसके साथ छेड़छाड़ भी करता था। 24 सितंबर को वह उसकी बेटी को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। उसने पुत्री को तमाम संभावित स्थानों पर तलाश किया। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने विधवा महिला की तहरीर पर राजा पुत्र जगपाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

घायल दूल्हे ने तड़के चार बजे डाली वरमाला

बारात चढ़त के दौरान दबंगों ने किया था हमला

शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर। बारात पर हमला कर दूल्हे को बग्गी से खींचकर उसके साथ मार पीटकर सर फाड़ जाने के मामले में पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कर लिया है।

थाना सैदनगली क्षेत्र में गुरुवार की रात ऊपर वाला तरारा गांव निवासी आकाश की बारात इसी थाना क्षेत्र के गांव सोहत गई थी। जिसमें एक दर्जन से अधिक युवकों ने हमला कर दिया। हमलावर साइकिल की चेन, लोहे के कड़े और चाकू लेकर आये थे। उन्होंने दूल्हे को बग्गी से खींचकर उस पर हमला किया। इस दौरान दूल्हे का सिर फट गया और उसके कपड़े भी फट गये थे। बारा. तियों को एक जुट होता हुआ देखकर हमलावर दूल्हे को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये थे। दूल्हे के पिता वीर सिंह ने बताया कि एक दिन पहले गांव का एक युवक बारात में हंगामा करने की धमकी देकर गया था। उन्होंने इस घटना को पूर्व नियोजित साजिश बताया है। वही मारपीट करने का वीडियो भी सामने आया है। वही

■ दुल्हे की तहरीर पर तीन नामजद व कई अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

सुबह 4 बजे पुलिस की मौजूदगी में दूल्हे दुल्हन के फेरे कराये गये। इसके बाद बारात को विदा किया गया।वीर सिंह ने बताया कि पुलिस की मौजूदगी में बेटे के उपचार के बाद करीब 4:00 बजे फेरों की रस्म अदा कर दुल्हन को घर लाया गया है। सैद नगली थानाध्यक्ष विकास सेहरावत ने बताया कि दूल्हे आक. ाश की तहरीर पर आरोपी जसवंत पुत्र अमर सिंह,पवन पुत्र अमर सिंह,जसवीर पुत्र अमर सिंह निवासी तरारा तथा तीन से चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

फ्लैगमार्च निकाल दिया सुरक्षा का भरोसा

शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर। जुमे की नमाज के मद्देनजर और हाल ही में हुई कानपुर घटना के साथ-साथ ब्आई लव मोहम्मद्ध को लेकर हसनपुर नगर में पुलिस अलर्ट मोड पर रही। नगर की सभी मस्जिदों और प्रमुख चौराहों पर पुलिस का कड़ा पहरा देखा गया।

शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस द्वारा विशेष सतर्कता बरती गई। जुमे की नमाज से काफी पहले ही पुलिस की गाड़ियां जामा मस्जिद, लाल मस्जिद, संभल अड्डे पर स्थित मस्जिद, रीतया मस्जिद, संभलवाना मस्जिद समेत नगर की सभी मस्जिदों पर पहुँच गईं। इन सभी स्थानों पर खाकी वर्दी वाले पूरी तरह अलर्ट थे और नमाज संगीनों के साये में संपन्न हुई। स्थिति को नियंत्रण में रखने और लोगों में विश्वास बनाये रखने के लिए प्रशासन ने फ्लैग मार्च भी निकाला। एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत, प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने पुलिस बल के साथ नगर के विभिन्न हिस्सों में फ्लैग मार्च का नेतृत्व किया। पुलिस-प्रशासन की इस सक्रियता से नगर में पूर्ण शांति और अमन-चौन बना रहा। पुलिस की मुस्तैदी सुरक्षा की गारंटी के रूप में दिखी।

आकाश की हत्या में दो दोस्त गिरफ्तार

तीसरे नाबालिग आरोपी की तलाश जारी, भीड़ ने घेरी थी पुलिस चौकी

शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात। आकाश को डंडे से पीटकर मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने दो दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को गैर इरादतन हत्या के आरोप में न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। जबकि तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक तीसरा आरोपी नाबालिग है। पकड़े गए आरोपी सोवीर और नीटू का रामल. ीला देखते हुए मृतक आकाश के भाई से झगड़ा हो गया था। बस उसी का बदला लेने के लिए सोवीर और नीटू ने नाबालिग के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद कर लिया है। एसपी अमित कुमार ने बताया कि आकाश बीबड़ा कलां गांव निवासी सोमपाल सिंह के बेटे थे। तीन भाइयों में बड़े आकाश झांसी में शादी समारोह में डेकोरेशन का काम करते थे। दस सितंबर को झांसी से घर लौटे आकाश 12 सितंबर की रात गांव में चल रही रामलीला देखने गए थे। इस दौरान कुछ युवक आकाश को पकौड़ी खाने के बहाने रामलीला से उठाकर गांव के बाहर ले गए और हमला कर दिया। आरोपियों ने आकाश के सिर पर डंडों वार किए और लात घुसों-डंडों से भी बुरी तरह पीटा। अधमरा होने पर आरोपी आकाश को छोड़कर भाग गए। सूचना पर पहुंचे परिजन आकाश को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे, जहां से गंभीर हालत में डॉक्टरों ने आकाश को मेरठ के लिए रेफर कर दिया। मेरठ में इलाज के दौरान आकाश की मौत हो गई थी। इस मामले में परिजनों ने तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुक. दमा दर्ज कराया था। जबकि घटना को लेकर गुस्साई भीड़ ने जमुना चौकी घेकाव कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया था।एसपी ने बताया कि गैर इरादतन हत्या के मामले में सोवीर और नीटू को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

विधवा से मारपीट, जेठ समेत तीन पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता जोया। डिडौली थाना क्षेत्र के इकोंदा गांव में चारा काटने की मशीन हटाने को लेकर हुए विवाद में विधवा महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर जेठ सहित पिता-पुत्र के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।इकोंदा गांव निवासी स्व. रामचरन की पत्नी संतोष देवी के घर के बरामदे में चारा काटने की मशीन लगी हुई थी। इसी बात को लेकर उनके जेठ श्याम सिंह अपने बेटे अरविन्द को साथ लेकर आए और संतोष देवी के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने लाठी-डंडों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।पुलिस ने संतोष देवी की तहरीर पर जेठ श्याम सिंह व उसके बेटे अरविन्द के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रदीप व अजयपाल ने सबसे दूर फेंका भाला

संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का समापन

शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला। नगर के शिव इण्टर कॉलेज में आयोजित हो रही त्रिदिवसीय संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन शुभारंभ चिकित्सक रवि भूषण शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करता है।

सीनियर वर्ग: भाला फेंक में प्रदीप प्रथम व शिवम द्वितीय, चक्का फेंक में अजयपाल प्रथम व प्रशांत द्वितीय, गोला फेंक में मयंक प्रथम व शिवम द्वितीय, लम्बी कूद में कैफ प्रथम व नितिन द्वितीय, ऊंची कूद में नितिन प्रथम व कैफ द्वितीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग: भाला फेंक में

अजयपाल प्रथम व मुकुल द्वितीय, चक्का फेंक में अजयपाल प्रथम व प्रशांत द्वितीय, गोला फेंक में शुभमन प्रथम व हिमांशु द्वितीय, लम्बी कूद में अजयपाल प्रथम व सीताराम द्वितीय, ऊंची कूद में मनमोहन प्रथम व हनी द्वितीय स्थान पर रहे, वहीं इसी तरह से सब जूनियर वर्ग: चक्का फेंक में आरव प्रथम व वंश चड्ढा द्वितीय, गोला फेंक में वंश चड्ढा प्रथम व देवांश द्वितीय, लम्बी कूद में सचिन प्रथम व सचिन द्वितीय, ऊंची कूद में देव कुमार प्रथम व मनु द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यवाहक प्रधानाचार्य गगन अग्रवाल ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में मेजबान विद्यालय सहित सम्मिलित विद्यालयों के स्टॉफ व छात्र-छात्राओं के प्रयास की सराहना की। इस मौके पर विशाल अग्रवाल, जयविंदर सिंह, शरद कुमार शर्मा, पंकज कुमार, हरीश कुमार वर्मा, नरेश दत्त शर्मा, कपिल कुमार, ज्ञानेश कुमार, बृजेश कुमार, नरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

भगवान राम ने तोड़ा शिव धनुष

रामलीला महोत्सव में परशुराम संवाद का मंचन

शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा। श्री धार्मिक रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव 2025 के अंतर्गत मंचन में भगवान राम द्वारा अहिल्या उद्धार की लीला प्रस्तुत की गई। इसके उपरांत प्रभु राम जनकपुरी पहुंचे और मीना बाजार का आनंद लिया।

महर्षि विश्वामित्र के कहने पर राम ने सीता स्वयंवर में भाग लिया, जहां देश-विदेश से आए राजाओं ने शिव धनुष तोड़ने का प्रयास किया, किंतु सभी असफल रहे। अंतत: भगवान राम ने शिव धनुष भंग कर दिया। शिव धनुष टूटने पर परशुराम जी का आगमन हुआ, जिनसे लक्ष्मण का संवाद हुआ। तत्पश्चात भगवान राम ने परशुराम को शांत किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश फिल्म बोर्ड के उपाध्यक्ष श्रीमान तरुण राठी ने भी रामलीला में आकर प्रभु राम का आशीर्वाद प्राप्त किया और रामल. ीला कमेटी का आभार व्यक्त किया। रामलीला कमेटी की ओर से विमल कुमार टंडन, करुणेश गोयल, शार्दुल अग्रवाल, राकेश वर्मा, कुमार विनीत अग्रवाल, करन रघुवंशी, अंश अग्रवाल, कपिल शर्मा, अजय चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर 156 घंटे का विशेष सफाई अभियान

शाह टाइम्स ब्यूरो जोया। संचारी रोग महाअभियान की रूपरेखा तैयार करने हेतु नगर पंचायत कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जोया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आए डॉक्टरों ने सफाई कर्मचारियों को संचारी रोगों जैसे मलेरिया, डेंगू आदि से बचाव के उपायों की जानकारी दी। बैठक में मुरादाबाद मंडल से आए मंडल कार्यक्रम प्रबंधक विश्वास जी ने सफाई व्यवस्था पर जोर देते हुए कर्मचारियों से वार्ता की। वहीं जिला कार्यक्रम प्रबंधक नदीम अख्तर ने शासन के निर्देश पर महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर 156 घंटे चलने वाले महा सफाई अभियान की बारीकियों से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष जुबेर अहमद, अधिशासी अधिकारी विपिन कुमार सिंह सेंगर, कार्यालय अधीक्षक विजय शर्मा, सभासद मोहम्मद नसीम, डोर-टू-डोर प्रशिक्षण कार्य हेतु नियुक्त संस्था के कर्मचारी, मोहम्मद नौमान, फहीम अहमद सहित कई लोग उपस्थित रहे।

स्वदेशी उत्पाद बढ़ाने से होगा विकास

शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा। नगर में शुक्रवार को जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। इस मौके पर भाजपा विधायक राजीव तरारा ने स्थानीय व्यापारियों और समाजसेवियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जरूरी है कि हर नागरिक स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करे। जीएसटी दरों में कमी और नियमों की सरलता से लघु एवं कुटीर उद्योगों को लाभ मिलेगा, जिससे न केवल कारोबार बढ़ेगा बल्कि टैक्स का बोझ भी कम होगा। विधायक ने आह्वान किया कि अब समय है जब देशवासी मिलकर भारत में बने सामान को बढ़ावा दें। कार्यक्रम में कमल अग्रवाल, सुरेंद्र सैनी, पवन चौधरी, महकपाल प्रधान, सुशील सिद्धू, अशोक घरोटिया, जगत सिंह सैनी, प्रिंस चावला, बृजेश गड़वाल, नरेंद्र सिंह, सूरज अग्रवाल, नितिन चौधरी आदि मौजूद रहे।

नौ प्रतिशत ब्याज से भुगतान करेगी बीमा कम्पनी

उपभोक्ता फोरम ने बीमा कम्पनी को दिए भुगतान के ओदश

शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा। उपभोक्ता फोरम बीमा कम्पनी को मृतक के परिजनों को नौ प्रतिशत ब्याज की दर से दस लाख रूपये का भुगतान देने के आदेश दिये है। जबकि वाद व्यय के रूप में पांच हजार रूपये की क्षतिपूर्ति भी देनी होगी। उक्त धनराशि का एक माह के अंदर करने के निर्देश दिये गये हैं।

मंडी धनौरा थानाक्षेत्र के छोटी गांव में अतुल कुमार का परिवार रहता है। उनके पिता रवि कुमार उर्फ रविंद्र किसान थे। उनका एक बैंक में खाता था। इस दौरान बैंक ने साल 2021 में 500 रुपये की प्रीमियम धनराशि खाते से काटकर बीमा किया था। बैंक के साथ मुंबई की एक बीमा कंपनी भी जुड़ी हुई थी। एक साल की इस बीमा पॉलिसी का 26 सितंबर 2022 को नवीनीकरण कराया गया। इस दौरान बीमा कंपनी और बैंक ने रिनुअल प्रीमियम धनराशि स्वयं काट ली थी। इसके बाद 25 सितंबर 2023 तक के लिए फिर नवीनीकरण हो गया, लेकिन 26 जुलाई 2022 को रवि कुमार का एक्सीडेंट हो गया। इसके बाद वह कोमा में चले गए और 15 नवंबर 2022 को उनकी मौत हो गई। इस मामले में अतुल कुमार ने बछरायूं थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद अतुल कुमार ने अपने पिता रवि कुमार उर्फ रविंद्र की पॉलिसी का क्लेम लेने के लिए आवेदन किया। इस दौरान बैंक और बीमा कंपनी ने टोल फ्री नंबर पर बात करने की सलाह दी। सुनवाई नहीं होने पर पीड़ित अतुल कुमार ने बैंक और बीमा कंपनी को नोटिस भेज भेजा। लेकिन उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। इस मामले में पीड़ित अतुल कुमार ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली। प्रकरण को गंभीरता से लेकर आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह और महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित बैंक और बीमा कंपनी का अधिकारियों को तलब कर लिया। बीमा कंपनी में दावा किया कि रवि कुमार उर्फ रविंद्र के अस्पताल में भर्ती होने के मामले में सभी दस्तावेज प्रमाणित कॉपी मांगी गई थी, जिन्हें उपलब्ध नहीं कराया गया। एक जून 2023 को बीमा दावा पत्रावली बंद कर दी गई। दावा किया कि रवि कुमार उर्फ रविंद्र की अस्पताल से डिस्चार्ज होने के दो महीने बाद मौत हुई थी। 17 अगस्त 2022 को सांस लेने में तकलीफ हुई थी, जिस कारण उन्हें दोबारा से अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इसका दुर्घटना से कोई संबंध नहीं है। कंपनी का तर्क सुनने के बाद उपभोक्ता आयोग ने स्पष्ट कहा कि रवि कुमार की मौत सड़क हादसे में आई गंभीर चोटों के कारण हुई है, जबकि बैंक और बीमा कंपनी के द्वारा दिया गया तर्क विधिसंगत नहीं है। लिहाजा उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी को नौ प्रतिशत ब्याज समेत क्लेम के 10 लाख रुपये देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मानसिक और आर्थिक क्षति के लिए 10 हजार व वाद व्यय के रूप में पांच हजार रुपये देने को कहा है। बीमा कंपनी को यह धनराधिश एक महीने के भीतर अदा करनी होगी।

छात्रा नबीला को बनाया एक दिन की प्रधानाचार्य

शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा। स्वच्छता अभियान सेवा पखवाड़ा और मिशन शक्ति के तहत शर्मा देवी कन्या इंटर कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रधानाचार्या चारु शर्मा ने शिक्षिकाओं व छात्राओं संग विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की और छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता व हाथ धोने के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में कक्षा 12 की छात्रा नबीला को अस्थायी प्रधानाचार्या बनाया गया, जिसने विद्यालय के प्रशासनिक कार्यों का अनुभव लिया। महिला कल्याण, न्याय और पुलिस विभाग की संयुक्त गोष्ठी में छात्राओं को महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण संबंधी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्या चारु शर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति नारी सम्मान की परंपरा को पुनर्जीवित करने की दिशा में मील का पत्थर है। इस अवसर पर शिक्षिकाएँ पुष्पा वर्मा, ममता अग्रवाल, जकिया खातून, श्वेता, शालिनी, संगीता, शकेबा, अर्शिया, जया, मीना सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

मतदान अधिकार न मिलने पर करेंगे धर्म परिवर्तन

चुचैला खुर्द के ग्रामीणों का तहसील में हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडी धनौरा। तहसील क्षेत्र के ग्राम चुचैला खुर्द के ग्रामीणों ने शुक्रवार को तहसील मुख्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि वे चुचैला खुर्द के मूल निवासी हैं, लेकिन उनके वोट शहजादपुर ग्राम पंचायत में दर्ज कर दिए गए हैं। लगभग 100 मतदाताओं को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी कि यदि वोट चुचैला कला ग्राम पंचायत में दर्ज न किए गए तो वे धर्म परिवर्तन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन में अंकुश देवल, गजेंद्र, वीरेंद्र, सावित्री, हरवीर, जसवीर, आशीष देओल, रोली, करातरी, आशा, मंजीत, रूपक, गौरव, अर्पित, संदीप, प्रकाश, प्रयंक, राजेश, हरकेश, दीपक कुमार, पल्लवी, रितु, कमलेश, ममता समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीण गजेंद्र कुमार ने कहा हम चुचैला खुर्द के बाशिंदे हैं, मगर हमें शहजादपुर में मतदान करना पड़ता है। यह हमारे साथ नाइंसाफी है। अगर समय रहते वोट सही ग्राम पंचायत में दर्ज नहीं किए गए तो हम धर्म परिवर्तन करने पर मजबूर होंगे। महिला शशि ने कहा कई बार अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। वोट डालना हमारा अधिकार है और हमें हमारा हक मिलना चाहिए। राजीव कुमार ने कहा लगभग सौ लोग इस समस्या से परेशान हैं। यदि हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो सामूहिक रूप से बड़ा कदम उठाया जाएगा

कैंटीन से सामान लेने गए युवक को पीटा

अमरोहा। कैंटीन से सामान लेने गए युवक को घेरकर पीटा। हमले में वह गंभीर घायल हो गया। मामले ने एक नामजद समेत तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र में हाईवे किनारे स्थित गांव नीलोखेड़ी में बुधवार रात की है। यहां सीएनजी पंप के पास एक कैंटीन है। गांव निवासी मारूफ सामान लेने के लिए कैंटीन आया था। आरोप है कि मामूली कहासुनी में गांव के ही अरबाज ने अपने तीन-चार साथियों के साथ मिलकर अचानक हमला कर दिया। मारपीट में मारूफ गंभीर घायल हो गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में आरोपी अरबाज के अलावा उसके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

22 साल बाद बनेगी नई मतदाता सूची

बीएलओ, सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडी धनौरा। आगामी चुनाव को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने की दिशा में प्रशासन ने बड़ी पहल की है। शुक्रवार को तहसील सभागार में सुप. रवाइजरों और बीएलओ का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इसमें बताया गया कि वर्ष 2003 से लेकर वर्ष 2025 तक की मतदाता सूचियों का मिलान किया जाएगा।

इस बार अभियान के तहत न केवल मतदाता सूची का पुनरीक्षण होगा, बल्कि धुंधली, अस्पष्ट या मानक से बाहर फोटो को हटाकर स्पष्ट फोटो अपलोड की जाएगी। साथ ही मकान संख्या की गलतियों को भी सुधारा जाएगा। विशेष ध्यान उन युवाओं पर है जिनकी आयु 1 जनवरी 2025 तक 18 वर्ष पूरी हो रही है या 18-19 वर्ष आयु वर्ग में हैं। उन्हें सक्रिय रूप से मतदाता सूची में शामिल करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। नाम, पिता के नाम, जेंडर या अन्य किसी विवरण में गलती होने पर फार्म-8 से सुधार किया जाएगा, वहीं जिनका नाम सूची में डबल दर्ज है, उनके लिए फार्म-7 भरकर नाम हटाया जाएगा। इसके अलावा, जिनका नाम अब तक सूची में शामिल नहीं हो पाया है, वे अपने बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं या भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर मोबाइल नंबर के जरिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष पुनरीक्षण अभियान शुरू किया गया है। इसमें हर बीएलओ और सुपरवाइजर को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने को कहा गया है। हमारा प्रयास है कि मतदाता सूची पूरी तरह त्रुटिरहित बने, ताकि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो। इस दौरान तहसीलदार मूसाराम थारू, बीआरसी गौरव कुमार समेत तमाम सुपरवाइजर और बीएलओ मौजूद रहे।

पूठधाम जाने वाली सड़क का हो निर्माण

शाह टाइम्स संवाददाता

हसनपुर। ग्रामीणों ने गंगा पूठधाम को जाने वाली सड़क की चौड़ीकरण करवाये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया है।

तहसील क्षेत्र के गांव गंगा चोली में पूठ गंगा धाम को जाने वाले मुख्य मार्ग पर लोक निर्माण विभाग पीडब्लूडी द्वारा कराये जा रहे सड़क के गड्ढे भरने के कार्य का ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत अत्यधिक खस्ता है और केवल गड्ढे भरने से समस्या का समाधान नहीं होगा। यह मार्ग जगह-जगह से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिससे आये दिन हादसे होते रहते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि गड्ढे भरवाने की जगह सड़क का चौड़ीकरण करते हुए इसका पूर्ण नवनिर्माण कराया जाये। ग्रामीणों ने बताया कि आगामी कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान के मद्देनजर इस सड़क पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ेगी। यदि समय रहते सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने जल्द से जल्द इस महत्वपूर्ण मार्ग के नये सिरे से निर्माण की मांग प्रशासन से की है। प्रदर्शन करने वालों में अशोक कुमार, रामकुमार, शिशपाल, जयपाल सिंह, नेमचंद, सूर्यकांत,उदय सिंह, चंद्रपाल सिंह, गंगासरन, श्री राम, श्याम सिंह,प्रीतम ओमपाली, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

भरत मिलाप देखकर भर आंई भक्तों की आंखे

कलाकारों के अभिनय से सभी गदगद

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडी धनौरा। श्री रामलीला प्रबंध समिति मंदिर महादेव के तत्वावधान में चल रहे रामलीला महोत्सव ने शुक्रवार को श्रद्धा और संस्कृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। मंच पर जब भरत मिलाप और पंचवटी विश्राम के प्रसंग हुए तो पंडाल भावविभोर दर्शकों की तालियों और जयघोष से गूंज उठा।

अयोध्या से आए ब्रजकिशोर महाराज श्री किशोर आदर्श रामलीला मंडल के कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय और सशक्त संवाद अदायगी से मानो पौराणिक प्रसंगों को सजीव कर दिया। कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों को ऐसा अनुभव कराया जैसे वे स्वयं त्रेतायुग में प्रवेश कर गए हों। इस मौके पर नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल और समिति अध्यक्ष जागेश अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। वहीं बजरंग दल प्रांत गौरक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत, जगअवतार त्यागी, ओमकार गर्ग, राजेंद्र सिंघल, पवन गुप्ता, अवनीश कुमार, कपिल अग्रवाल, शरद गर्ग, वीरेंद्र शर्मा, सुनील अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, राजू बादशाह, सुनील प्रजापति, दिवेश तंवर, अक्षय अग्रवाल, अमरजीत कोहली, मिंटू सिंह और चारस सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग भी दर्शक दीर्घा में मौजूद रहे।

स्कार्पियो चालक पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर। तेज गति से चल रही स्कॉर्पियो में साईकिल में जोरदार टक्कर मारकर ग्रामीण को घायल कर दिया। उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। अज्ञात चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सैमला निवासी धन सिंह पुत्र पूरन सिंह 24 सितंबर को अपनी साईकिल से घर से गजरौला को जा रहे थे। रास्ते में तेज गति से आ रही स्कार्पियो ने साईकिल में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे ग्रामीण धन सिंह पूरी तरह से घायल हो गये थे। गजरौला उपचार के लिए ले गये थे। लेकिन वहां पर उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने धन सिंह के दामाद विवेक पुत्र रामचंद्र मोहल्ला होशियारपुर बैंक कॉलोनी मुरादाबाद हाल निवासी मोहल्ला धुनपुरी सब्जी मंडी रोड गजरौला की तहरीर के आधार पर अज्ञात स्कार्पियो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

भयभीत होकर न रहें पुलिस हमेशा साथ

मिशन शक्ति के अन्तर्गत कार्यक्रम

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। एसपी अमित कुमार आनन्द ने कहा कि महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों को लेकर पुलिस प्रशासन हरसंभव मद्द को तैयार है।

मिशन शक्ति पांचवे चरण के अंतर्गत छात्राओं और महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर की जानक. ारी दी गई। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में जिले में मिशन शक्ति फेज 5 को लेकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिले में अलग अलग स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिले के हसनपुर में भी छात्राओं और महिलाओं को अमरोहा पुलिस द्वारा महिला शक्ति फेज 5 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं अथवा महिलाओं को किसी से भी भयभीत होने की जरूरत नहीं है। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी श्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा शारदीय नवरात्र से पूर्व मिशन शक्ति फेज 5 की योजना शुरू की गई है इसका उद्देश्य केवल इतना ही है कि भारत देश में जहां देवियों की पूजा करने की परम्परा सदियों से चली आ रही है वहां नारी को अपमानित न होना पड़े।

जीएसटी रैली निकाल किया जागरुक

सभी को मिलेगा छूट का लाभः ललित

शाह टाइम्स संवाददाता

हसनपुर। भाजपाईयों जीएसटी के प्रचार प्रसार के लिए नगर में रैली निकालकर व्यापारियों को जागरूक किया। केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए इसे सराहनीय कदम बताया गया।

शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अमरोहा बस स्टैंड चौराहा से नगर में जीएसटी जागरूकता रैली निकाली। भाजपा कार्यकर्ता हाथों में केंद्र सरकार की उपलब्धियां के नारे लिखी हुई बोर्डो को लेकर चल रहे थे। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण भी किया गया। इस दौरान श्री तंवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी में कटौती कर छोटे व बड़े व्यापारियों को लाभ देने का काम किया है। मोदी सरकार समाज के प्रत्येक तबके की सच्ची हितैषी है। उन्होंने व्यापारियों को समझाया कि केंद्र सरकार ने जीएसटी में कटौती कर उन्हें बहुत बड़ा लाभ दिया है। इस दौरान बाजार में जीएसटी से संबंधित पोस्टर भी जगह-जगह लगाये गये।

जीएसटी जागरूकता रैली अंबेडकर पार्क, वर्मा मार्केट, इंदिरा चौक, मैन बाजार, पंसारा बाजार होते हुए रहरा बस स्टैंड चौराहा पर पहुंची जहां पर उसका समापन हो गया। इस अवसर पर पालिक. ाध्यक्ष राजपाल सैनी, महेश खड़गवंशी, चंद्रपाल सिंह खड़गवंशी, सचिन गुप्ता, अरविंद अन्ना, विक्रांत शर्मा, संजय सहदेव, सुमित गुप्ता, पिंटू भाटी आदि मौजूद थे।

बीएलओ पर वोट न बनाने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर। बीएलओ की लापरवाही के चलते परिवार वोटर आईडी नहीं बनवा पा रहा है। बीएलओ पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा इस समय नये वोट बनवाये जाने का कार्य चल रहा है। तहसील क्षेत्र के गांव भटौरा निवासी चंद्रपाल सैनी का कहना है कि लगभग 15 दिन पूर्व घर पर बीएलओ आये थे। उन्होंने बताया था जिनकी शादियां नहीं है तथा उम्र 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष हो जायेगी। उनका वोट बनाने का कार्य चल रहा है। उनसे आधार कार्ड की फोटो स्टेट करने के लिए कहा गया था। चंद्रपाल सिंह का कहना है कि उन्होंने बीएलओ द्वारा बताये गये सभी कागज तैयार करा लिए है। लेकिन अब बीएलओ का कोई पता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि वह अपने कार्य को ठीक से अंजाम नहीं दे रहा है।

आशा बनीं मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी

शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा। महिला अपराधों से जुड़े मामलों से निपटने के लिए जिले के थानों में खोले गए मिशन शक्ति केंद्रों पर प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। एसपी अमित कुमार आंनद के मुताबिक महिला उ.नि. आशा तोमर को प्रभारी मिशन शक्ति केंद्र थाना अमरोहा नगर, महिम चौधरी को प्रभारी मिशन शक्ति केंद्र थाना अमरोहा देहात, रानी यादव को प्रभारी मिशन शक्ति केंद्र थाना नौगावां सादात, कंचन टोलिया को प्रभारी मिशन शक्ति केंद्र डिडौली, कृष्णा देवी को प्रभारी मिशन शक्ति केंद्र गजरौला, मोनिक । तोमर को प्रभारी मिशन शक्ति केंद्र धनौरा, संयोग तोमर को प्रभारी मिशन शक्ति केंद्र थाना बछरायूं, नेहा नेहरा को प्रभारी मिशन शक्ति केंद्र थाना हसनपुर नियुक्त किया गया। इनके अलावा उ.नि. नरेशपाल सिंह को रजबपुर, देवेन्द्र कुमार को सैदनगली, ईंग्लेश कुमार को आदमपुर व संदीप पंवार को रहरा का प्रभारी बनाया है।

राम बारात में शामिल झांकियों ने मन मोहा

श्री रामलीला सेवा समिति की ओर से हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता,

गजरौला। श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित हो रही रामलीला में शुक्रवार को परम्यागत रूप से नगर के मालगा. ेदाम से भव्य राम बारात निकाली गई, जिसका शुभारंभ प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, पूर्व चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल व जुबिलेंट इन्ग्रेवियां लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी ऋषिपाल सिंह ने भगवान श्री राम व लक्ष्मण की आरती उतारकर किया।

अतिथियों ने कहा कि, रामल. ीला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। गाजे बाजे के साथ निकली राम बारात में श्री राम लक्ष्मण की झांकियों के साथ भगवान विश्वामित्र, गणेश जी, हनुमान जी, श्री राधा कृष्ण के रास आदि की झांकियां सम्मिलित रहीं। राम बारात के साथ चल रहे बैंड बाजों

से भक्ति के गीत गूंजते रहे। मालगोदाम रोड से प्रारंभ होने के बार राम बारात बुध बाजार, खादगूजर चौक, रमाबाई डिग्री कॉलेज रोड, इंदिरा चौक होते हुए फ्लाईओवर के नीचे से स्टेशन जाने वाले रास्ते से रामलीला स्थल पहुंचकर समाप्त हुई। लोगों ने अपने घरों से बाहर निकलकर राम बारात पर पुष्पवर्षा की। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मनोज गर्ग, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति काविन्द्र सिंह, डॉ.एलसी गहलौत, सोनू कश्यप, नवीन गर्ग, अजय गर्ग, यश बंसल, प्रीतम चौहान, मनमोहन सैन, सोनू कश्यप, शशिकांत शर्मा, दीपांशु रस्तौगी, गजेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहे।

एक दिन के लिए प्रधानाचार्य की कुर्सी पर बैठी अलीना

भौतिक कार्यो का किया सत्यापन

शाह टाइम्स संवाददाता

हसनपुर। मिशन शक्ति अभियान के तहत कक्षा 12 की छात्रा ने एक दिन के लिए प्रधानाचार्य के पद पर रहते हुए कॉलेज के भौतिक कार्यों का सत्यापन किया।

शुक्रवार को श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में कक्षा 12 द की छात्रा अलीना ने प्रधानाचार्य पद पर दिवस पर्यन्त कार्य किया। इस दौरान अलीना ने कक्षाओं का पर्यवेक्षण प्रयोगात्मक परीक्षाओं का प्रयोगशाला में जाकर भौतिक सत्यापन भी किया। मिशन शक्ति के तहत यह उत्तरदायित्व मिलने पर छात्रा अलीना ने कहा कि वह अपने आप को सौभाग्यशाली मानती हैं। मुझे आज प्रधानाचार्य पद पर कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। मुझे प्रधानाचार्य पद की गरिमा एवं उसके द्वारा संपादित महत्व कार्यों के विषय में जानकारी प्राप्त हुई है। वह बालिकाओं से कहना चाहती हैं कि वह खूब पढ़े खूब बढ़े तथा अपने अंदर आत्मविश्वास पैदा कर सरकार की समस्त प्रोत्साहन संबंधी योजनाओं में बढ़कर सहभागिता करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश बाबू ने मिशन शक्ति के तहत अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के द्वारा ऐसे अवसर प्रदान करना बालिकाओं एवं नारी शक्ति के विकास के लिए मिल का पत्थर सिद्ध होगा। हमें ऐसे प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करनी चाहिये। उन्होंने बालि. काओं को प्रोत्साहित करते हुए इस अभियान में सक्रियता एवं सहभागिता प्रदान करने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर रेखा सिंह चौहान, श्रीमती तनवीर जहां, विपिन, विक्रम सिंह, संदीप कुमार सिंह यादव, डॉक्टर ललित कुमार सारस्वत आदि मौजूद थे।

धूमधाम से निकली राम बारात

शाह टाइम्स संवाददाता

अमरोहा। नगर में भगवान राम की बारात धूमधाम से निकाली गयी। जिसमें सजी झांकियों ने सभी का दिल जीत लिया। बैंडबाजों में बज रही धुनों से सारा माहौल भक्तिमय हो गया।

मोहल्ला कोट स्थित दिल्ली वालों के मकान से राम बारात की शुरूआत हुई। यहां से मुख्य बाजार होते हुए बारात हिन्दू इंटर कालेज के मैदान में जाकर समाप्त हुइ। राम बारात में नारद मोह, भगवान शंकर ज्योतिर्लिंग, भगवान राम की झांकी, भगवान हनुमान की झांकी, काली माता की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहीं। जगह जगह राम बारात का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर करूण गोयल, विमल टंडन, अनिल टंडन, कपिल शर्मा, शारदुल अग्रवाल, राकेश वर्मा, अजय चतुर्वेदी, दीपक बंसल आदि मौजूद रहे।

बेस्ट क्रॉप कम्पनी के दस प्लांट बंद

गैस रिसाव के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने की कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

गजरौला। बेस्ट क्रॉप कंपनी के दस प्लांट कराए बंद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेश पर हुई कार्रवाई फैलाने पर शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला। गैस रिसाव होने व नियमों की अनदेखी करने के मामले में बेस्ट क्रॉप साइंस लिमिटेड कंपनी के प्रोडक्शन के दस प्लांट बंद कर दिए गए हैं। बाकी आठ प्लांट भी जल्द ही बंद किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि उन प्लांटों में अभी कुछ काम चल रहा है। बिजली विभाग ने भी कनेक्शन काट दिया है।

मालूम हो कि 22 सितंबर की रात बेस्ट क्राप के गोदाम में रखे दो केमिकलों के मिश्रण से गैस का रिसाव हो गया था। मोहल्ला तिगरिया भूड़, अल्लीपुर, नाईपुरा, मछली मंडी समेत कई मोहल्लों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। लोगों का दम तक घुटने लगा था। यहां तक कि अस्थमा के कई मरीज तो अस्पतालों तक में भर्ती हुए थे। रात को ही जिला व तहसील स्तरीय अधिकारियों ने कंपनी पहुंचकर मामले की जानकारी थी। एनडीआरएफ की टीम ने किसी तरह गैस के रिसाव पर काबू पाया था। इसकी जांच रिपोर्ट प्रदूषण विभाग के अधिकारियों ने लखनऊ में स्थित अपने हैड क्वार्टर भेजी थी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कंपनी को बंद करने के निर्देश दिए थे। जिसके चलते गुरुवार देर शाम एसडीएम विभा श्रीवास्तव के अलावा तहसीलदार व बिजली विभाग तथा प्रदूषण विभाग की टीम ने फैक्ट्री पहुंचकर उसके दस प्लांट बंद कर दिए हैं। गोदाम में रखे कच्चे माल को भी सील कर दिया। इसके अलावा आठ प्लांट भी जल्द ही बंद किए जाएंगे

गजरौला। बेस्ट क्रॉप कम्पनी का निरीक्षण करती प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम।

रामजी की निकली सवारी रामजी की लीला है न्यारी

शाह टाइम्स संवाददाता

जोया। जोया रामचरण सिंह बाल विद्या मंदिर से भगवान राम बारात की शुरुआत सीएल गुप्ता के निदेशक प्रणीत गुप्ता ने आरती से शुरू की राम बारात कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में होते हुए रामलीला ग्राउंड पर जाकर समापन हुआ बारात का जगह जगह फूल वरसकर स्वागत किया गया कस्बे में चल रही रामलीला के पांचवे दिन राम बारात निकाली गई रामचरन सिंह बाल विद्या मंदिर से भगवान राम की आरती सीएल गुप्ता के निदेशक प्रणीत गुप्ता ने कर की इसके बाद बारात मोहल्ला खेडा मुल्लान मुंशियान जाटव कालोनी चौधरियान चौकी दारान से हाइवे पर होते हुए रामलीला ग्राउंड पर जाकर समाप्त हुई बारात का जगह जगह फूल बरसाकर स्वागत किया गया इस मौके पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष मयंक कुमार मोनू विजय पांडेय विपिन गुप्ता राजू चौधरी अनिल त्यागी चन्द्रभान तोमर अतुल चौधरी जीत सिंह सुभाष गुप्ता सुभम चौधरी गुड्डू गुप्ता राजू टांक बबलू गुप्ता राहुल गुप्ता मुशील गुप्ता राजीव तोमर आदि मौजूद रहे।

इस्लामनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई चोरी की ईको कार के साथ युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

इस्लामनगर। थाना इस्लामनगर पुलिस ने शुक्रवार रात गश्त के दौरान एक शातिर चोर को चोरी की ईको कार (UP 25 BN 3450) के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया युवक चोरी की कार लेकर घूम रहा था और मुखबिर की सूचना पर उसे दबोचा गया। पकड़े गए आरोपी का नाम अनुपम उर्फ सोनू पुत्र मुनेन्द्र निवासी ग्राम लखकरपुर ओझा, थाना इस्लामनगर, जिला बदायूं, उम्र 28 वर्ष है। बरामद ईको कार चोरी की निकली, जिस पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पर पहले से ही कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, मारपीट, गाली-गलौज व आर्म्स एक्ट जैसे मामले शामिल हैं।गिरफ्तारी करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार सिंह,30नि0 हरिशंकर सिंह,हेड कांस्टेबल रामकुमार कांस्टेबल दिपांशु, पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। चोरी की ईको कार के साथ शातिर आरोपी की गिरफ्तारी बड़ी सफलता है। अभियुक्त को जेल भेजा जा रहा है।

सफाई व्यवस्था में लापरवाही मिली तो होगी कड़ी कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

बिसौली। नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद ने त्योहारों के मद्देनजर कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने कर्मचारियों से त्योहार पर साफ सफाई व पेयजल आपूर्ति दुरुस्त रखने पर जोर दिया। श्री अहमद ने सफाई नायकों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में कर्मचारियों से सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराएं। अगर सफाई व्यवस्था में कोई भी लापरवाही मिली तो उस कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर की प्रकाश व्यवस्था व सड़कों के गड्ढों को त्योहारों से पहले ही दुरुस्त करा लें। इस दौरान मशकूर खान, राजीव कुमार, सफाई नायक अजय बाबू, राजेश बाबू, विक्रम, धर्मपाल, सुशील आदि उपस्थित रहे।

रास्ते में रोडा डाल रहा है ग्राम प्रधान, तहसीलदार ने लिया एक्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। जिले के ग्राम सभानगर जो कि शहीद सैनिक मोहित का गांव है और सरकार द्वारा शहीद सैनिक मोहित का पार्क का निर्माण कराया गया था लेकिन पार्क तो सरकारी जमीन में बनकर तैयार गया है।

लेकिन पार्क तक जाने के लिए रास्ते की भी जरूरत थी जिसमें एक किसान की निजी जमीन पर होकर रास्ता निकलना था जिसके बदले में मोहित के परिवार द्वारा किसान को अपनी निजी जमीन देने के लिए बोला गया था जिससे शहीद सैनिक मोहित के पार्क तक रास्ता जा सके आरोप है कि गांव का प्रधान राधे श्याम आए दिन निजी जमीन देने वाले किसानों को धमकाकर पार्क के रास्ते को जमीन नहीं लेने दे रहा है जिसको लेकर आज जिले के काफी पूर्व सैनिक इकट्ठे होकर तहसीलदार विजय शुक्ला से मिले और प्रधान द्वारा शहीद सैनिक मोहित के पार्क के बारे में की जा रही साजिश के बारे शिकायत की गई तहसीलदार विजय ने तत्काल ग्राम प्रधान राधे श्याम को फोन कर सहयोग करने को कहा और कहा कि शहीद सैनिक मोहित के पार्क के रास्ते में अड़चन डालने वालों सख्त कार्रवाई की जाएगी इधर पूर्व सैनिक राजपाल सिंह ने बताया कि अगर शहीद सैनिक मोहित के पार्क को जल्दी ही रास्ते का समाधान नहीं किया गया तो वो लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री जी से शिकायत करेंगे।

तहसीलदार विजय शुक्ला से बात करते हुए पूर्व सैनिक

जायंट्स ग्रुप स्टार्स ने मोक्षधाम पर चलाया स्वच्छता अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

बिसौली। जायंट्स ग्रुप बिसौली स्टार्स ने सेवा समर्पण सप्ताह के तहत शुक्रवार को बिल्सी रोड स्थित मोक्षधाम पर स्वच्छता अभियान चलाया। ग्रुप के सदस्यों ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। ग्रुप के अध्यक्ष साहू सावेंद्र ने बताया कि स्वच्छता से वातावरण सुंदर बनता है। इस अवसर पर यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय, संरक्षक प्रवीण अग्रवाल नादान, अध्यक्ष साहू सावेंद्र, नितिन गुप्ता, रवींद्र मोहन अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, डॉ गुंजन वार्ष्णेय, जितेंद्र वार्ष्णेय, निशांत गोयल, अमित बाबू, मोहित वार्ष्णेय, विपुल वार्ष्णेय, मनोज टाटा, शिवशंकर रस्तोगी सभासद आदि उपस्थित रहे।

शिक्षक विधायक ने छात्र-छात्राओं को वितरित किए छात्रवृत्ति के प्रमाण पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

उघैती। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा छात्रवृत्ति व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन करते हुऐ नव रात्रि में 3.96 लाख छात्र-छात्राओं को 89.9करोड़ की छात्रवृत्ति की धनराशि उनके खातों में ट्रांसफर की इसी के तहत क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया के सभागार में क्षेत्रीय शिक्षक विधायक डॉ हरि सिंह ढिल्लो ने तीस छात्र-छात्राओं छात्रवृत्ति के प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में विधायक डॉ हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि प्रदेश सरकार छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में विकास को कटिबद्ध है। छात्रवृत्ति के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित किया जा रहा कि उनकी शिक्षा में किसी प्रकार का व्यवधान न उत्पन्न होने पाए।सरकार की मंशा है ।कि बच्चों को समय से उनकी छात्रवृत्ति का धन प्राप्त हो सके।इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों से मिलकर शिक्षकों की समस्या सुनी और शीघ्र ही निराकरण की बात कहीं। इस अवसर पर कालेज के उप-प्रबन्धक पण्डित श्यामपाल पाठक,प्रधानाचार्य राज. कुमार शर्मा, महावीर प्रसाद,वित्त. विहीन शिक्षक महासभा के अध्यक्ष नीरज शर्मा,नगर पंचायत रुदायन के पूर्व चेयरमैन अरविंद शर्मा,पूर्व जिला पंचायत सदस्य चौधरी प्रदीप सिंह,वृजेश शंखधार, मनोहर गुप्ता, विपलव भारती, दिनेश पाल सिंह,डॉ प्रमोद शर्मा, अश्वनी शर्मा,प्रवीण मिश्रा, दुर्गेश शर्मा, मंयक पाठक, अनमोल उपाध्याय, विपुल प्रताप सिंह, यशपाल सिंह आदि रहे। शिक्षक विधायक ने छात्र- छात्राओं को वितरित किये छात्रवृत्ति के प्रमाण पत्र।

क्यूआर कोड को स्कैन करके अपने विचार करें साझा

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के सपने को साकार करने में हम सभी का योगदान अमूल्य है। कृपया दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके अपने विचार, सुझाव व फीडबैक साझा करें। आपका एक सुझाव हमारे प्रदेश व देश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय कर सकता है। आइए, मिलकर एक समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित उत्तर प्रदेश की ओर कदम बढ़ाएँ।

पुलिस लोगों की सुरक्षा और सेवा के लिए हमेशा तैयार

शाह टाइम्स संवाददाता

बिसौली। नगर में अमन शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया। एसपी देहात हदेश कठेरिया एवं पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में जवानों ने नगर में फ्लैग मार्च किया। एसपी देहात ने कहा कि पुलिस लोगों की सुरक्षा और सेवा के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने नागरिकों से त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था, आपसी भाईचारा बनाए रखने और प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। साथ ही यह भी संदेश दिया कि यदि किसी ने समाज में वैमनस्यता फैलाने की कोशिश की तो प्रशासन ऐसे लोगों से शक्ति से निपटेगा। पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने कहा कि अगर किसी ने अमन शांति और भाईचारे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान एसएसआई शिवेंद्र भदौरिया, विदेश शर्मा, एसआई जब्बार अली, मदनपाल सिंह, रवि कुमार, मो. याकूब, निशांत मान, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

धान की शिकायतों के निस्तारण के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अतुल कुमार वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान, बाजरा, मक्का क्रय में प्राप्त होने वाली शिकायतें दर्ज करने, प्राप्त शिकायतों के अनुश्रवण एवं समीक्षा हेतु उनके कार्यालय में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष 05832-266127 मोबाइल एवं व्हाट्अप नंबर 8923136221 है। इसके लिए प्रात: 09:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक कार्यालय के वरिष्ठ सहायक नरेश पाल के साथ सहायक राहुल सक्सेना की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त रविवार व राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर अन्य अवकाश के दिनों में प्रात: 10:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक क्रियाशील रहेगा

पोर्टल के माध्यम से बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार का अवसर

रोजगार संबंधित सूचना और समस्याओं के निस्तारण को 155330 पर करें कॉल

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। जनपद में अब बेरोजगारों को रोजगार की कमी नहीं होगी। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत शुक्रवार को आहूत जिला कार्यकारी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि शासन स्तर से रोजगार संगम पोर्टल ेजिजचे://तवरहतेंदहंउ.नच. हवअ.पद बनाया गया है, जिस पर हाई स्कूल से कम तथा आईटीआई, स्नातक, डिप्लोमा व इंजीनियरिंग पास व अन्य रोजगार के इच्छुक युवा व रोजगार देने वाले नियोक्ता अपना पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहे कुछ समिति सदस्यों पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त की। कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक में मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जिला रोजगार सहायता अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह जनपद में अधिक से अधिक नौकरी देने वाले नियोक्ताओं जैसे एच0पी0सी0एल0 व 50 करोड़ रुपए से अधिक के टर्नओवर वाली कंपनियों आदि विभिन्न कम्पनियों, संस्थानों का पंजीकरण करवाएं, जिससे जनपद में रोजगार सृजन होगा व बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने बताया कि रोजगार प्रक्रिया के संचालन और निगरानी के लिए एक ऑनलाइन व्यवस्था विकसित की गई है, इसके अंतर्गत रोजगार संगम पोर्टल की स्थापना की गई है जिसमें विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध हैं जैसे जॉब सीकर, नियोजकों एवं रिक्रूटमेंट एजेंसियों का पंजीकरण, शैक्षिक संस्थाओं व कॉलेजों का पंजीकरण, कैम्पस प्लेसमेंट की व्यवस्था आदि हैं। इसके अतिरिक्त रोजगार संबंधित सूचना और समस्याओं के लिए ईटीग्रेटेड कॉल सेंटर का संचालन किया गया है इस कॉल सेंटर का टोल फ्री नंबर 155330 है। यहां से जॉब सीकर्स को मार्गदर्शन और सहायता मिल सकती है। जिला रोजगार सहायता अधिकारी शशिकांत ने जानकारी देते बताया कि रोजगार संगम पोर्टल पर 13 व्यावसायिक शिक्षा, 15 उच्च शिक्षा, 02 चिकित्सा शिक्षा व 03 प्राविधिक शिक्षण संस्थान सहित कुल 33 संस्थान पंजीकृत हैं, वहीं जनपद में जनपद के 22 सरकारी विभाग व क्षेत्र, 02 अर्ध सरकारी विभाग व क्षेत्र तथा 05 निजी क्षेत्र सहित कुल 29 नियोक्ता पंजीकृत हैं, जिनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए, उप निद. ेशक कृषि, आईटीआई प्रधानाचार्य, बदायूँ सिटी मॉल के प्रोपराइटर प्रतीश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व समिति सदस्य मौजूद रहे।

मदरसा फैजान ए रजाए मुस्तफा में धर्मगुरुओं एवं प्रबुद्धजनों की बैठक संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

बिसौली। मदरसा फैजान ए रजाए मुस्तफा में सामाजिक सदभाव को लेकर आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद एवं पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। नगर में सामाजिक सदभाव बनाए रखने के लिए पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने मुस्लिम धर्मगुरुओं एवं प्रबुद्धजनों के साथ बैठक करते हुए कहा कि नगर में गंगा जमुनी तहजीब को बनाए रखने के लिए धर्मगुरुओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी धर्मगुरुओं से अपील की कि वह आपसी, प्रेम, भाईचारे का उदाहरण प्रस्तुत करें। सिंह ने कहा कि अगर कोई अफवाह फैलाकर नगर का माहौल बिगड़ने का प्रयास करें तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। आखिर में मदरसे की प्रिंसिपल इफ्तेखार हुसैन असरफी ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर मौलाना इफ्तिखार हुसैन असरफी, मौलाना अफलाक रजा उवैसी, कारी अब्दुल गफ्फार लतीफी, हाफिज शादाब रजा उवैसी, हाफिज मजहर खान, हाफिज मो. कैफ, मशहूद खां हमदम, शेर मो. सिद्दीकी, मदरसे के सदर इश्शाद खान, बड़ी मस्जिद के सदर मुन्ने खां, इसहाक सैफी, शब्बीर हुसैन, अमीर अहमद सिद्दीकी, सभासद सफीक अहमद, सैय्यद मुस्तफा अली, इमरान सैफी, रहीस अहमद अंसारी, शकील अहमद सैफी, नासिर कुरैशी, मुन्नयाज खां, मो. रजा आदि मौजूद रहे।

डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। रोहिलखंड क्षेत्र का मिनी कुंभ कहे जाने वाले जनपद के प्रसिद्ध मेला ककोड़ा को सकुशल रूप से आयोजित कराए जाने के संबंध में जिलाधिकारी अवनीश राय ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर मेले को भव्य रूप से आयोजित किए जाने व सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मेले का उद्घाटन 04 नवंबर 2025 को अपराह्न 1:00 किया जाएगा। मेला अवधि 29 अक्टूबर से 12 नवंबर 2025 तक रहेगी।कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार मे आहूत बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी से स्पष्ट रूप से कहा कि 03 नवंबर 2025 की शाम को जितने कार्य मेला स्थल पर मिलेंगे, उनको फोटो सहित प्रमाणित कराकर दिया जाएगा व उन्हीं का भुगतान कराया जाए। इसलिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाए।जिलाधिकारी ने मेला स्थल तक जाने हेतु मार्ग की व्यवस्था, मेले की सुरक्षा व्यवस्था, मेले में लगने वाले विभिन्न विभागों की विकास प्रदर्शनी, सफाई व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, यातायात सुविधा, अस्थाई पशु चिकित्सालय, मनो. रंजन व्यवस्था और गंगा जल नियंत्रण आदि विभिन्न बिंदुओं पर एक-एक कर चर्चा की व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने झाड़ियों की छटाई कराने, इमरजेंसी मार्ग बनवाने, पब्लिक एड्रेस सिस्टम सहित कंट्रोल रूम बनाने, खोया-पाया केंद्र बनाने, मोबाइल टॉयलेट लगवाने, चिकित्सा व्यवस्था करने व पैरामेडिकल को मरीज के पास तक पहुंचाने की व्यवस्था करने, 10 बेड का अस्पताल बनाने तथा मेले मे लगने वाले झूले का इलेक्ट्रिक व फायर सेफ्टी हेतु निरीक्षण करने तथा मेले में बिकने वाली खाद्य सामग्री का समय-समय पर परीक्षण कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि मेला ककोड़ा का मुख्य पर्व कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान 05 नवंबर 2025 को होगा। मेला ककोड़ा का इतिहास लगभग 500 वर्ष पुराना है। मेला धार्मिक भावनाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक, सामाजिक परंपराओं से पूर्ण है। इस अवसर पर अनेक साधु संत समाज और जन समुदाय और श्रद्धालु जन एकत्रित होते हैं। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि सभी तैयारियां को समय से पूर्ण कराया जाएगा। 05 नवम्बर को सायं 7:00 बजे से गंगा तट पर गंगा महासभा व कछला के विद्वानों द्वारा गंगा आरती की जाएगी। 29 अक्टूबर 2025 को झंडी प्रात: 9:00 बजे ककोड़ा देवी मंदिर से मेला स्थल तक आएगी। मेला स्थल गंगा तट पर हवन-पूजन के साथ ही मेले का शुभारंभ हो जाएगा।

नारी सशक्तिकरण पर विशेष कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

इस्लामनगर। जनता इंटर कॉलेज, नूरपुर पिनौनी में नारी सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा को केंद्र में रखकर एक विशेष विद्यालय आयोजन किया गया। 0.5 विशेष अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा 10 की कुमारी सुकमणि को एक दिन के लिए प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया। प्रधानाचार्य अतुल गुप्ता ने छात्रा को जिम्मेदारी सौंपी और कहा कि यह पहल विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और समाज-संदेश जगाने के उद्देश्य से की गई है।कुमारी सुकमणि ने एक दिन का प्रधानाचार्य बनकर विद्यालय के शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्यों का अनुशासित संचालन किया। उन्होंने अन्य छात्राओं की समस्याएँ सुनीं और कई समस्याओं का तत्काल निस्तारण भी करवाया।छात्राओं ने अपने-अपने मुद्दे खुलकर रखे।ग्र स्कूल परिवहन, शौचालय की मरम्मत, पुस्तकालय की व्यवस्था, अनुशासन से जुड़ी परेशानियाँ और शिक्षा हेतु अधिक प्रेरणा-कार्यशाला की मांग मुख्य रूप से सामने आईं। सुकमणि ने इन समस्याओं पर तत्काल ध्यान देने का आश्वासन दिया और शिक्षकों से मिलकर निस्तारण करवा दिया गया। प्रधानाचार्य अतुल गुप्ता ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि नारी सशक्तिकरण केवल नारे नहीं बल्कि व्यवहारिक कदमों से संभव है।

विज्ञापन व खबरों के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Emil mkkhan 741@gmail-com

नर्क बना जिला अस्पताल

गंदगी से मरीज-तीमारदार परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

बदायूं। पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने सुनीति पेट्रोल के पास एक अज्ञात व्यक्ति पड़ा देखा जिसके सिर में कीड़े पड़ गए थे। बुधवार को पुलिस की मदद से उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल की बड़ी लापरवाही सामने आई है कर्मचारियों ने उस अज्ञात व्यक्ति को हाथ तक नहीं लगाया पशु प्रेमी और पुलिस ने वार्ड तक पहुंचवाया। सिर में कीड़े पड़े मरीज को देखने पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा जिला अस्पताल पहुचे, वहां पता लगा की मरीज आइसोलेशन वार्ड में भर्ती है,वहां जाकर देखा तो आइसोलेशन वार्ड की स्थित बेहद खराब नजर आयी, जिस पर पशु प्रेमी ने वीडियो बना कर सभी उच्च अधिकारियों को भेज दिया है, उन्होंने कहा इससे ज्यादा तो हमारी गौशाला साफ है। यह तो जिला अस्पताल है। अस्पताल का आईसोलेशन वार्ड में रहना किसी नर्क से कम नहीं है। वार्ड में बेड पर गंदगी खून लैटरीन सड़ी हुई रोटी से पूरे वार्ड में बदबू आ रही है। अस्पताल आइसोलेशन वार्ड का नाम सुनते ही मरीजों के मन में उल्टी सी होने लगती है, मरीजों को सबसे बड़ी दिक्कत यह है बदबू की वजह से वार्ड के आसपास बैठना मुश्किल है। मरीजों के बेड के पास लैटरीन पड़ी हुई है। वार्ड में खून फैला हुआ है इससे बदबू के मारे उनका बुरा हाल है।

ग्राम प्रधानों का रचनात्मक सहयोग आवश्यक

शाह टाइम्स संवाददाता

आसफपुर। स्थानीय खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार निराला के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग से संबद्ध यूनिसेफ की सगुप्ता बी ने संचारी अभियान को सफल बनाने के लिए सफाई कर्मचारियों व गांव के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को विषय से संबंधित आवश्यक जानकारी दी । इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार निराला व ए डी ओ पंचायत लोकमन सिंह ने सफाई कर्मचारियों को अपनी ग्राम पंचायत की गलियों , मोहल्लों व सार्वजिनक स्थानों पर साफ सफाई रखने व रोडस्टर के अनुरूप कार्य करने के कड़े निर्देश दिए । इस दौरान सफाई कर्मचारी संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि अधिकांश ग्राम पंचायतों में संबंधित सफाई कर्मचारियों के साथ राजनैतिक द्वेष भाव से बर्ताव किया जाता है जिसके चलते सफाई कर्मचारी के काम करने की गुणवत्ता प्रभावित होती है साथ ही वे राजनीति का शिकार होकर रह जाते हैं । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संचारी रोग दस्तक अभियान को सफल बनाने को संबंधित आशा बहुओं व गांव के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों का रचनात्मक सहयोग व सुझाव अति आवश्यक है। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ,सी एम फॉलो रजनीश कुमार , राकेश कुमार निराला , ए डी ओ पंचायत लोकमन सिंह , सगुप्ता बी , आशुतोष शर्मा , सफाई कर्मचारी संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश कुमार , ग्राम प्रधान हरीराम , चंद्र पाल सिंह , गोपी चंद , मनोज कुमार यादव , महिला ग्राम प्रधान पति अय्यूब खां ,प्रधान पिता रामकुमार व सफाई कर्मी नन्हूं राम मौर्य , रामबीर , देवानंद , सुनील कुमार मौर्य , लखपति आदि मौजूद रहे ।

प्रदर्शनी के माध्यम से दी जा रही रोचक जानकारियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार के व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी और लाभार्थीपरक योजनाओं के संबंध में गत 17 सितंबर से जनपद के बदायूं क्लब बदायूं में संचालित प्रदर्शनी के माध्यम से रोचक जानकारियां दी जा रही हैं।

प्रदर्शनी आगामी 02 अक्टूबर 2025 तक प्रात: 10:00 बजे से शाम 5:00 तक संचालित रहेगी। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जी के जीवन के संघर्षों, उपलब्धियों व विजन आदि का सचित्र विवरण बहुत ही भव्य रूप से प्रदर्शित किया गया है वहीं दूसरी ओर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी भी सहज ढंग से उपलब्ध कराई गई है। आमजन, गणमान्य लोगों विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापकों, छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर उसको एक सराहनीय प्रयास बताया व उसकी प्रशंसा की। शुक्रवार को लाला छोटे लाल राधेश्याम नवयुवक इंटर कॉलेज बदायूं के अध्यापकों व छात्रों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री जी के जीवन के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां ली। योजनाओं की जानकारी लेकर उसको आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया ताकि जरूरतमंदों को उसका लाभ मुहैया हो सके। प्रदर्शनी में विकसित भारत व विकसित उत्तर प्रदेश 2047 में उत्तर प्रदेश व भारत कैसा हो, इसके लिए आमजन से सुझाव लिए जा रहे हैं, जिसके लिए बारकोड की व्यवस्था भी प्रदर्शनी में की गई है। आगामी 05 अक्टूबर 2025 तक कोई भी बारकोड स्कैन करके अपने सुझाव सरकार को भेज सकता है। अच्छे सुझाव देने वालों को सरकार की ओर से सम्मानित भी किया जाएगा।

कानपुर के बाद अब बरेली में लिखी गई स्क्रिप्ट

- मौलाना की अपील पर लोग सड़कों पर उतरे
- स्थिति बेकाबू हुई तो पुलिस को करना पड़ा लाठीचार्ज
- प्रदर्शन के दौरान कुछ खुराफातियों ने बाइकों में की तोड़फोड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

बरेली। मौलाना की अपील पर शहर के कई इलाकों में लोग सड़कों पर उतरे। आई लव मोहम्मद लिखे पोस्टर-बैनर लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। स्थिति बेकाबू हुई तो पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। सबसे दोपहर करीब तीन बजे खलील स्कूल के पास प्रदर्शन के दौरान कुछ खुराफातियों ने बाइकों में तोड़फोड़ कर दी।

कानपुर से शुरू हुए आई लव मोहम्मद प्रकरण में शुक्रवार को बरेली में बवाल के हालात बन गए। इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने धरना-प्रदर्शन का एलान किया और खुद लापता हो गए। मौलाना को न देखकर समर्थक भड़क गए। नौमहला मस्जिद से शुरू हुआ विरोध जल्द ही बवाल में बदल गया। भीड़ ने दुकानों व वाहनों में तोड़फोड़ और पथराव किया तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर स्थिति नियंत्रित की। स्थिति यह हुई कि श्यामगंज में बवालियों के पीछे एसएसपी को लाठी लेकर दौड़ना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद शाम पांच बजे माहौल सामान्य हुआ। अब बवालियों पर कानूनी कार्रवाई की तैयारी है।

सड़क पर प्रदर्शन करते लोग।

आई लव मोहम्मद मामले में नवी की शान में गुस्ताखी करने वालों पर कार्रवाई की मांग करते हुए मौलाना तौकीर ने 19 सितंबर को एलान किया था कि शुक्रवार को वह इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान में विरोध-प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद कलक्ट्रेट जाकर वहां राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन डीएम को देंगे। गुरुवार रात करीब 12 बजे पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने आईएमसी का पत्र मीडिया को भेजा, इसमें इस्लामिया कॉलेज में कोई कार्यक्रम न होने व नमाज के बाद पार्टी प्रमुख की ओर से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजने का जिक्र था। पत्र की पुष्टि के लिए प्रयास किए गए तो आईएमसी पदाधिकारियों ने कॉल ही रिसीव नहीं की।

रात में जारी पत्र को शुक्रवार की सुबह मौलाना ने वीडियो जारी कर फर्जी बताया। दावा किया कि विरोध-प्रदर्शन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप ही होगा। उन्होंने लोगों को बुलाया और अपील की कि शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताएं। दोपहर साढ़े तीन बजे तक मौलाना का कोई पता न चला। तब उनके बुलावे पर आए समर्थकों ने हंगामा शुरू कर दिया।

शुरू में नौमहला मस्जिद पर मौलाना के आने की सूचना थी तो ज्यादातर भीड़ वहां जुटी। भीड़ ने यहां हंगामा व नारेबाजी शुरू कर दी। यहां मौजूद डीआईजी रेंज अजय साहनी व एसपी सिटी मानुष पारीक ने उन्हें समझाने की कोशिश की।

भीड़ वहां से हटी तो बिहारीपुर में स्मार्ट सिटी ऑडिटोरियम के सामने बेकाबू हो गई। यहां उग्र युवकों ने एक डॉक्टर की दुकान के शीशे तोड़ दिए। दुकान के बाहर खड़ी दो बाइक में तोड़फोड़ कर दी। पीछे से आई पुलिस ने जब भीड़ को समझाया तो युवा हावी होने लगे। तब पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। फिर ऐसी भगदड़ मची कि भीड़ चप्पल छोड़कर भाग खड़ी हुई। इसके बाद शुरू हुआ पुलिस से तकरार का सिलसिला शाम पांच बजे तक जारी रहा। नावल्टी तिराहा, श्यामगंज समेत कई स्थानों पर भीड़ को रोकने के लिए बैरियर लगाए गए थे।

यहां भी भीड़ बेकाबू हुई और पथराव की नौबत आई तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया।

हंगामें के बाद सूना पड़ा रोडवेज बस स्टेशन।

पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के बाद मस्जिद के बाहर पड़े जूते-चप्पल।

अब कानूनी शिकंजा कसने की तैयारी

नावल्टी चौराहे पर आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को खदेड़ा गया। साथ ही श्यामगंज बाजार में एसएसपी अनुराग आर्य के साथ सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने भीड़ को तितर बितर करने के लिए लाठी चलाई। एसएसपी ने माइक हाथ में लेकर भी लोगों से घर जाने की अपील की। शहर में बवाल भड़काने के लिए पुलिस मौलाना व उनके सहयोगियों पर कानूनी शिकंजा कसने की रूपरेखा बना रही है। अभी मौलाना या पुलिस की ओर से कोई अधिकृत बयान जारी नहीं हुआ है।

कौन हैं मौलाना तौकीर रजा?

मौलाना तौकीर रजा खान बरेलवी मुस्लिम समाज के एक प्रमुख धर्मगुरु और राजनीतिक चेहरा हैं। वे बरेलवी मुसलमानों में बड़ी अहमियत रखते हैं। तौकीर रजा ने अपनी पहचान इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर बनाई। यह संगठन मुसलमानों के सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक मुद्दों को उठाने का दावा करता है। वे खुद को बरेलवी समाज का प्रतिनिधि बताते हैं और अक्सर धर्म से जुड़े विवादित मुद्दों पर खुलकर बयान देते हैं। उनकी रैलियों और प्रदर्शन कई बार सुर्खियों में रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं।

छात्रा से छेड़छाड़ और मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज

- वीडियो फुटेज के माध्यम से हमलावरों की पहचान में जुटी पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

फतेहगंज पश्चिमी। कस्बे में छात्रा से छेड़छाड़ और परिजनों के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़िता प्रीति गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी राहिल और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से पीड़िता प्रीति गुप्ता के घर के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों के घर दबिश भी दी लेकिन आरोपी मौके से फरार मिले।

थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और वीडियो फुटेज के माध्यम से अन्य हमलावरों की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच अता की गई जुमा की नमाज

- चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा पुलिस बल, किया पैदल फ्लैग मार्च

शाह टाइम्स संवाददाता

शीशगढ़। आई लव मोहम्मद को लेकर शीशगढ़ कस्बे में कोई खुराफात न हो इसको लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट रही। शुक्रवार को सुबह से ही पुलिस ने अलर्ट मोड रहकर पूरे कस्बे में पैदल मार्च कर लोगों को यह समझने का प्रयास किया कि पुलिस मुस्तैद है। खुराफात करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

शीशगढ़ कस्बा मुस्लिम बाहुल्य होने की वजह से पैदल मार्च के बाद जुमा की नमाज से पहले ही कस्बे में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। नमाज के बाद कोई खुराफात न हो जिसको लेकर मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस की शक्ति देख सभी मस्जिदों के नमाजी नमाज के बाद अपने-अपने घरों को चले गए। बाद नमाज के बाद भी पुलिस पूरे कस्बे में गश्त करती रही। थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि मुस्लिम बाहुल्य कस्बा होने से उन्होंने पहले से ही अलर्ट होकर पुलिस फोर्स तैनात करने के साथ ही वह भी नजर रखते रहे। कस्बे में नमाज शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई है। पुलिस शरारती तत्वों पर पूरी तरह नजर रखे हुए है।

प्रभारी निरीक्षक की रणनीति कामयाब हुई

आई लव मोहम्मद को लेकर शीशगढ़ कस्बे में कोई खुराफात पैदा न हो इसके लिए प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने रणनीति के तहत काम किया। कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में अलग-अलग उलेमाओं से सहयोग लेकर बैठकें की और जुमा की नमाज के बाद कोई प्रदर्शन न करने की अपील भी उलेमाओं द्वारा की गई। इस अपील का असर देखने को भी मिला कि सब कुछ शांतिपूर्ण रहा। जुमे की नमाज के बाद लोग अपने-अपने घरों को चले गए। हालांकि प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने एहतियात के तौर पर सुबह से ही पुलिस बल तैनात कर रखा था। प्रभारी निरीक्षक इस कड़े इम्तिहान में पास हो गए।

रेलवे में नौकरी के नाम पर 11.70 लाख की ठगी

- एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, आरोपी फरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

बरेली। रेलवे में जेई की नौकरी दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 11.70 लाख की ठगी की गई है।

देवरनियां थाना क्षेत्र के कटरों गांव निवासी मोहनलाल पुत्र गंगाराम ने पड़ोसी गांव गुना हट्टू निवासी सुनील कुमार पुत्र ओम प्रकाश पर नौकरी के नाम पर ठगी का आरोप लगाया है। मोहनलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनकी सुनील कुमार से जान-पहचान थी, और सुनील कुमार ने उन्हें बताया कि उनके बेटे कपिल देव ने जीटीआई में सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया है, और वह उनके बेटे की नौकरी रेलवे जेई के पद पर लगवा देगा।

सुनील कुमार ने नौकरी लगवाने के लिए 12 लाख रुपये की मांग की, जिसे मोहनलाल ने विश्वास कर अपनी सहमति दे दी। मोहनलाल ने बताया कि उनके पास अभी इतने रुपये नहीं हैं, और वह थोड़ा-थोड़ा करके रुपये दे देंगे। मोहनलाल ने कई बार में ऑनलाइन के माध्यम से सुनील कुमार के बैंक खाता संख्या 26790100017525 बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सेमीखेड़ा में कुल 11,70,400 रुपये का भुगतान 22 मार्च 2025 तक कर दिया। सुनील कुमार ने मोहनलाल के बेटे कपिल देव के सभी कागजों की छायाप्रति भी ले ली, और उन्हें विश्वास दिलाया कि वह बहुत जल्दी नौकरी लगवा देगा।

जब मोहनलाल ने सुनील कुमार से नौकरी के बारे में पूछा, तो वह टाल-मटोल करने लगा। जब मो. हनलाल ने दबाव बनाया तो सुनील कुमार ने रुपये वापस करने की बात कही, लेकिन अब वह फोन नहीं उठा रहा है, और घर में ताला डालकर पूरे परिवार सहित फरार है।

मोहनलाल की तहरीर पर एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर देवरनियां पुलिस ने सुनील कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस टीम ने कस्बे में की पैदल गश्त

- शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील

शाह टाइम्स संवाददाता

फतेहगंज पश्चिमी। थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बेहतर बनाए रखने और लोगों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार, ईस्पेक्टर क्राइम वरुण कुमार व चौकी प्रभारी अनूप सिंह सहित भारी पुलिस बल शामिल रहा। पुलिस टीम ने मुख्य बाजार, अंसारी मोहल्ला, पुराना कपड़ा बाजार, भीड़भाड़ वाले इलाकों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त की और आम जनता से शांति एवं सहयोग बनाए रखने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अराजकता या उपद्रव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस हर समय सतर्क है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

ईस्पेक्टर क्राइम वरुण कुमार ने कहा कि पुलिस आपकी मित्र है पुलिस का सहयोग करें किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने कहा कि हर समस्या से निपटने के लिए पुलिस बल मुस्तैद है आप लोग अफवाहों पर ध्यान ना दें। लोगों ने भी पुलिस की इस पहल का स्वागत किया साथ ही सहयोग का वायदा किया।



अवैध खनन पर विधायक ने नायब तहसीलदार को तहसील पहुंचकर हड़काया

शाह टाइम्स संवाददाता

नवाबगंज। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध खनन को लेकर एक बार फिर विधायक डॉक्टर एमपी आर्य बिफर पड़े। शुक्रवार को अपने कार्यकर्ताओं के साथ तहसील पहुंचे विधायक ने नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह को अवैध खनन के मामले में जमकर हड़काया।

तीन दिन पहले क्षेत्र के गांव बथुआ नवादा से होकर निकली पनघैली नदी में बड़े पैमाने पर खनन होने पर तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह को कार्यवाही को कहा था। तहसीलदार ने नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह को तत्काल ही मौके पर जाकर कार्यवाही के निर्देश दिए थे। आरोप है कि नायब तहसीलदार के पहुंचने से पहले ही किसी ने इसकी सूचना खनन माफिया को दे दी, जिससे वह नायब तहसीलदार के पहुंचने से पहले ही जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली लेकर मौके से फरार हो गया।

बाद में तहसीलदार सत्यवीर सिंह ने तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह को मौके पर किसी के न मिलने की जानकारी देकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया। जब इसकी जानकारी विधायक डॉक्टर एमपी आर्य को मिली तो उनका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया।

विधायक बोले नायब तहसीलदार करा रहे हैं खनन

क्षेत्र में हो बड़े पैमाने पर हो रहे खनन को लेकर जब विधायक डॉक्टर एमपी आर्य से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनके कहने पर तहसीलदार ने नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह को भेजा था, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही उनके आने की सूचना खनन माफियाओं तक पहुंच गई, और वह फरार हो गए थे। उन्होंने नायब तहसीलदार पर खनन माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाया है।

आज शुक्रवार को विधायक श्री आर्य अपने समर्थकों के साथ तहसील जा धमके, और उन्होंने नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह को जमकर हड़काया।

विधायक ने खुले तौर पर उन पर खनन माफियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। इतना ही नहीं विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने नायब तहसीलदार पर एक दाखिल खारिज के मामले में भी सुविधा शुल्क ऐंठने का आरोप लगाते हुए आला अधिकारियों से मिलकर कार्यवाही कराए जाने की बात कही है।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ाः बहेड़ी में चला स्वच्छता अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

बहेड़ी। नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वार्ड नंबर 7 में एक घंटा एक दिन एक साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति सामुदायिक जागरूकता और भागीदारी बढ़ाना था।

अभियान के उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना,

सार्वजनिक स्थलों की सफाई और स्वच्छता बनाए रखना,

लोगों को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और निभाने के लिए प्रेरित करना था।

नगर पालिका परिषद बहेड़ी ने स्वच्छता के प्रति सामुदायिक भागीदारी और जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया है। इस अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया, और उन्हें अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि जयसवाल के पति अजय जायसवाल बाबी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, पालिका के सफाई एवं खाद निरीक्षक अहमद हसन, अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी, वार्ड प्रोत्साहन समिति के सभी अध्यक्ष, सदस्य और वार्ड सभासद ने इस अभियान में भाग लिया।

शाह टाइम्स आपके साथ....

हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

एक नजर

कनू नगला गांव में गौ माता का विधि-विधान से अंतिम संस्कार

शाह टाइम्स संवाददाता

शाही। विकासखंड के ग्राम पंचायत कनू नगला के मजरा रमपुरा में शुक्रवार को एक गौ माता के मृत होने की सूचना मिली। सूचना पर विश्व हिंदू महासंघ (गौ रक्षा प्रकोष्ठ) के कार्यकर्ता महीपाल गुज्जर और नवनीत गंगवार मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्राम प्रधान डा. हरिशंकर और पुलिस प्रशासन की सहायता से तत्काल जेसीबी की व्यवस्था कराई। इसके बाद गौ माता का अंतिम संस्कार विधि-विधान से उनकी मौजूदगी में संपन्न कराया गया। गांव के लोगों ने समय पर पहुंचकर अंतिम संस्कार कराने में सहयोग देने वाले सभी जिम्मेदारों का आभार जताया।

हिंदू जागरण मंच के नगर अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

शाह टाइम्स संवाददाता

नवाबगंज। हिंदू जागरण मंच के नगर अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

कस्बे के युवा नेता अनिल गुप्ता पिछले तीन सालों से हिंदू जागरण मंच के नगर अध्यक्ष के पद पर रहकर कार्य कर रहे थे, शुक्रवार को उन्होंने अपने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर डाला। श्री गुप्ता ने संगठन के जिला अध्यक्ष के साथ ही जिला उपाध्यक्ष को भेजे गए अपने इस त्याग पत्र को स्वीकार करने का अनुरोध किया है।

पट्टों पर कब्जा पाने को दर-दर भटक रहे हैं दलित ग्रामीण

शाह टाइम्स संवाददाता

नवाबगंज। भदपुरा ब्लॉक के गांव धनौर जागीर के दलित ग्रामीणों को डेढ़ दशक पूर्व यानि वर्ष 2008 में तहसील प्रशासन ने कृषि पट्टे आवंटित किए थे, पट्टे मंजूर होने के बाद क्षेत्रीय लेखपाल ने सभी को कब्जा दिलवा दिया था, लेकिन उसके कुछ दिनों बाद ही सभी की पट्टे वाली भूमि पर दबंगों ने फिर कब्जा जमा लिया था।

उच्च न्यायालय का आदेश भी बेअसर, सीएम पोर्टल दर्ज कराई शिकायत

उसके बाद इन बेचारे दलित ग्रामीणों को दोबारा पट्टों पर तहसील प्रशासन कब्जा नहीं दिला पाया। यहां तक कि पुलिस और राजस्व कर्मी उच्च न्यायालय के आदेशों पर भी अमल नहीं करा पाए। बेचारे यह सभी दलित पट्टा धारक पट्टों पर कब्जा पाने को दर दर भटक रहे हैं। शुक्रवार को इन पट्टा धारकों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए पट्टों पर कब्जा दिलवाए जाने की मांग की है। क्षेत्र के गांव धनौर जागीर के दलितों हरिदेव, नेमचंद्र, अनिल कुमार, बाबू राम, गंगा दयाल, भगवान दास, रामकुमार, बुद्धसेन, लालाराम, सत्यपाल को 2008 में कृषि पट्टे आवंटित किए गए थे। बताया जाता है कि पट्टे मंजूर होने के बाद लेखपाल ने सभी को इन पट्टों पर कब्जा दिला दिया था, लेकिन कुछ समय बाद ही दबंगों ने उनके पट्टों पर कब्जा कर लिया था, और उन्हें बेदखल कर दिया था। तब से उन्हें उनके पट्टों पर कब्जा नहीं मिल पाया है। तब से बेचारे पट्टों पर कब्जा पाने को दर दर भटक रहे हैं। इतना ही नहीं उच्च न्यायालय के आदेशों पर न तो पुलिस ने कोई कार्यवाही की और न ही तहसील प्रशासन ने इस पर कोई अमल किया है। एक साल पहले इन पट्टा धारकों ने एसडीएम को एक शिकायती पत्र दिया था, जिसपर उन्होंने थाना क्योलडिया पुलिस के साथ ही राजस्व कानूनगो को जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए थे, लेकिन एक साल गुजर जाने के बाद भी इस मामले में कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है।

शुक्रवार को इन पट्टा धारकों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए पट्टों पर कब्जा दिलाए जाने की मांग की है।

आतिशबाजी की दुकानों-गोदाम की जांच के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

बरेली। दीपावली त्योहार नजदीक आने के मद्देनजर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जिलेभर के आतिशबाजी के थोक और फुटकर लाइसेंस धारकों की दुकानों और गोदाम की जांच कराने के आदेश जारी किए हैं। नगर मजिस्ट्रेट के साथ सभी उप जिला मजिस्ट्रेट और अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम व द्वितीय को जांच कर 31 बिंदुओं पर जांच कर आख्या देने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा है कि जनपद में बिना वैध लाइसेंस के आतिशबाजी व विस्फोटकों का भंडारण व क्रय-विक्रय करना विस्फोटक अधिनियम के तहत अपराध है। ऐसी स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। नगर मजिस्ट्रेट, समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट और अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम व द्वितीय को आतिशबाजी लाइसेंसधारकों की सूची भेज निर्देश दिए हैं कि संबंधित सीओ के साथ संयुक्त रूप से भ्रमण करें और अपने क्षेत्र में पायी जाने वाले आतिशबाजी व विस्फोटकों के नवीनीकृत व वैद्य प्रतिष्ठानों को छोड़ उसका अवैध भंडारण व क्रय-विक्रय वालों के विरुद्ध तत्काल नियमानुसार कार्रवाई करें। मुख्य अग्निशमन अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि आतिशबाजी स्थलों के निरीक्षण के दौरान संबंधित मजिस्ट्रेट व क्षेत्राधिकारी से समन्वय स्थापित कर स्थलीय सत्यापन में सहयोग करें।

पैसों को लेकर हुए विवाद में युवक की कर दी हत्या

शाह टाइम्स संवाददाता

बरेली। मजदूरी करने वाले युवक के सिर में ईंट मारकर हत्या करने वाले दो दोस्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने दो सौ रुपये देकर सलीम को खाना लेने भेजा था। लेकिन, वह सौ रुपये की शराब ले आया और बचे सौ रुपयों का हिसाब नहीं दे पाया। इस पर हुए विवाद के बाद उसके सिर में ईंट मारकर हत्या कर दी गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ग्राम खानपुर थाना कोतवाली जनपद औरैया निवासी रफीक उर्फ बबलू और पीरबहोड़ा निवासी गुड्डू उर्फ तौहीद के रूप में हुई है। दोनों को जेल भेज दिया गया।

पीरबहोड़ा स्थित पेट्रोल पंप के पास रहने वाले हसमुद्दीन ने मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उनका साला सलीम उर्फ हीरो अधिक शराब पीने का आदी था। वह देर रात तक रोजाना दोस्तों के साथ शराब पीता था। वह सोमवार रात भी दोस्तों के साथ शराब पी रहा था। इसी बीच उसकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। दोनों को गुरुवार को विलयधाम पुल के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी रफीक उर्फ बबलू ने पूछताछ में बताया कि वह मोहल्ला पीरबहोड़ा में रहकर मजदूरी करता है। उसकी दोस्ती सलीम उर्फ हीरो और गुड्डू उर्फ तौहीद से हो गई थी। तीनों रोजाना साथ बैठकर शराब पीते थे। घटना वाले दिन भी तीनों ने वहीं तख्त पर बैठकर शराब पी। इसके बाद सलीम उर्फ हीरो को दो सौ रुपये खाना लाने के लिए दिया। वह काफी देर बाद सिर्फ एक क्वाटर शराब लेकर लौटा। तीनों ने उसे भी पिया। इसके बाद बचे सौ रुपये का खाना लेकर आने को कहा, लेकिन वह बचे सौ रुपये का हिसाब नहीं दे पाया। इसे लेकर उनमें विवाद हो गया। दोनों ने गुस्से में सलीम उर्फ हीरो को थप्पड़ मार दिया। इस पर उसने ईंट उठाकर दोनों पर हमला करना चाहा, लेकिन दोनों ने सीमेंट की ईंट उठाकर सलीम उर्फ हीरो के सिर में दो बार वार किए, जिससे वह बेहोश होकर तख्त पर गिर गया। इसके बाद उसके चेहरे पर भी ईंट से वार कर हत्या कर दी गई। दोनों घबरा गए और पेट्रोल पंप पर गार्ड के पास गए। गार्ड ने वहां से धमका कर भगा दिया। इन्जतनगर थाना प्रभारी विजेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

धान खरीद सम्बन्धी जनपद स्तरीय कार्यशाला हुई सम्पन्न

'kkg VkbEl l okonnkrk

ihyhHkhrA जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में धान खरीद 2025–26 के अन्तर्गत धान क्रय तैयारी की कार्यशाला गांधी सभागार में आयोजित की गई।

सर्वप्रथम बैठक के प्रारम्भ में धान खरीद 2025–26 की तैयारियों के बारे में जिला खाद्य विपणन अधिकारी वीके शुक्ला द्वारा जानकारी दी गयी जनपद में अबतक 132 धान क्रय केन्द्र खोले जा चुके हैं। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रुपए है। क्रय केन्द्रों में खाद्य विभाग के 32, पीसीयू के 30, पीसीएफ के 26, यूपीएसएस के 35 एवं खाद्य निगम के 4 एवं मण्डी समिति के 5 धान क्रय केन्द्र खोले गये है। खाद्य विभाग के प्रत्येक क्रय केन्द्र पर 5 बोरा गांठ की उपलब्धता करा दिया गया है। धान क्रय के लिए सभी क्रय एजेंसियां स्वयं सर्विसेबुल/पुराने बोरे का स्वयं क्रय करेंगी। शासनाद.

शानुसार क्रय एजेसिंयों को पूर्व भुगतान के आधार पर मांग के अनुरूप बोरे दिये जायेंगे। अब तक कुल 745 किसानों द्वारा पंजीकरण करा लिया गया है जनपद में कुल 83 राइस मिलों का सत्यापन ई–उपार्जन के माध्यम से किया जा चुका है। राइस मिलों के सम्बद्वीकरण की कार्यवाही मुख्यालय स्तर से प्रक्रिया में है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान क्रय सत्र में राइस मिलों का क्रय केन्द्रों से सम्बद्वीकरण आटोमेटेड सिस्टम द्वारा खाद्य आयुक्त महोदय के कार्यालय से किया जायेगा। जनपद के समस्त धान क्रय केन्द सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक क्रियाशील रहेंगे। बांट माप निरीक्षक ने अवगत कराया कि सभी धान क्रय केन्द्रों पर कांटा बांट का सत्यापन हो गया है। यदि अतिरिक्त क्रय केन्द्र बनते है तो उसका भी सत्यापन 2 दिवस में कर दिया जायेगा। मण्डी सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 290 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 170 नमी मापक यंत्र, 126 उस्टर, 135 विश्लेषण किट, 150 छलना तथा पंखा व अन्य उपकरण उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मंडियों में उपकरण उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दी जाये साथ ही किसानों के धान की नीलामी दिन में 2 बार की जाये जिसके लिए सम्बन्धित कर्मचारियों/अधिकारियों की तैनाती मण्डी सचिव द्वारा कर दी जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि नीलामी के समय किसानों के धान की नमी अवश्य माप ली जाये और उसे मण्डी समिति अपने अभिलेखों में दर्ज करे, जिससे कि किसानों के धान के डिस्ट्रेस सेल को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति पैदा न हो। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि किसानों के धान की नीलामी कराते समय सभी एजेसियों के कम से कम एक एक केन्द्र प्रभारी अवश्य उपस्थित रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि धान क्रय से सम्बन्धित उपकरणों में यदि कोई खराबी आती है तो रियल टाइम उसकी मरम्मत करायी जाये जिसके लिए मण्डी सचिव मैकेनिक नामित करें। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक (सहका. रिता) द्वारा सहकारिता के धान क्रय केन्द्रों की तैयारियों के बारे में बताया कि धान खरीद से सम्बन्धित समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। सभी धान क्रय केन्द सरकारी/सार्वजनिक भवनों में ही खोले जायेंगे जहां इंटरनेट की सुविधा हो। जिला. धिकारी ने निर्देश दिये कि सभी क्रय केन्द्र सरकारी भवनों में ही खोले जाये, किसी भी क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा यदि प्राईवेट भवनों में धान क्रय किया जाता है तो उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि सहका. रिता सहित सभी क्रय केन्द्रों पर सरकारी कर्मचारी केन्द्र प्रभारी के रूप में तैनात किये जायें। सभी केन्द्र प्रभारियों को क्रय एजेंसी पहचान पत्र अवश्य उपलब्ध करायें जिससे कि बैचैलियों की पहचान की जा सके। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिया।

पीडीए ने पंचायत आयोजित कर जुटाया समर्थन

'kkg VkbEl l okonnkrk

ijuijA समाजवादी पार्टी द्वारा विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के ग्राम कढैया कनपारा मे आयोजित हुई जिसमें समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राज. कुमार "राजू" पूर्व विधायक अरशद खान और पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव सहित कई अन्य नेता भी मौजूद थे।

इस दौरान समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राज. कुमार "राजू" ने कहा कि "वर्तमान सरकार पूरी तरह से आरक्षण विरोधी है और संविधान के सिद्धांतों की धज्जियां उड़ा रही है। उन्होंने कहा कि पीडीए समाज के युवक, युवती, महिला और पुरुष अब जागरूक हो चुके हैं और 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए एकजुट हैं" पूर्व विधायक अरशद खान ने कहा कि "पीडीए पंचायत का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को एकजुट करना और उनके अधिकारों के लिए लड़ना है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एकमात्र विकल्प है जो इन वर्गों के हितों की रक्षा कर सकती है" पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा कि "पीडीए समाज को उनकी गिनती के हिसाब से उनका हक और समाज में उनकी भागीदारी के अनुपात में सही हिस्सा मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आरक्षण विरोधी है और बाबा साहेब के संविधान को अपमानित करने का काम कर रही है" पंचायत में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और समाजवादी पार्टी के नेताओं के साथ अपनी समस्याओं को साझा किया कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा नेता राजकुमार "राजू" ने की संचालन सपा नेता ओम शर्मा ने किया।

नारी शक्ति क्लब द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन

'kkg VkbEl l okonnkrk

ijuijA नगर के राम एंड रेस्टोरेंट में फैशन ब्लॉसम के नाम से नारी शक्ति क्लब द्वारा क्लब द्वारा एग्जिबिशन लगाई गई।

कार्यक्रम में आमंत्रित मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दलजीत कौर, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी की अध्यक्ष कल्पना गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी में बरेली, पीलीभीत, दिल्ली, बनारस, शाहजहांपुर और पूरनपुर से ज्वैलरी, सूट, ड्रेस, कुर्ते, जूतियाँ, चिकन के सूट, नाइट सूट, कॉड सेट और बनारसी साड़ी की विभिन्न रेंज उपलब्ध है इसके साथ ही स्टेशनरी,चाकलेट, ऑवला के उत्पाद, भगवान के वस्त्र और क्रोशिया के सामान की नई रेंज ने आकर्षण बढ़ाया। महिला स्वास्थ्य के अंतर्गत डॉक्टर लाल पैथ द्वारा निशुल्क जाँच की व्यवस्था भी की गई। नारी शक्ति सदस्यों के द्वारा भी विशेष स्टॉल लगाए गए। क्लब अध्यक्ष अंजली गुप्ता और सचिव स्मिता ने सभी आमंत्रित अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया।

अग्रवाल सभा गोलगप्पे प्रतियोगिता में अंजु प्रथम

'kkg VkbEl l okonnkrk

dklhdykA अग्रवाल सभा के तत्वाधान में आयोजित गोलगप्पा खाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें हुए विविध आयोजनों में महिलाओं ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। समान्य ज्ञान प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में दिपांशु गर्ग, कुश बिंदल, सार्थक अग्रवाल, जूनियर वर्ग में वंश गर्ग, यश अग्रवाल, काव्य बिंदल, गुब्बारे फुलाओं प्रतियोगिता में उन्नति जैन, वाशू अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, मेंहदी प्रतियोगिता में खुशी अग्रवाल, मोहिनी अग्रवाल, सलोनी अग्रवाल ने क्रमश प्रथम, घ्द्धितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में प्राची अग्रवाल जूनियर वर्ग में अवनी अग्रवाल ने बाजी मारी।

जुमे की नमाज को लेकर पुलिस का फ्लैगमार्च

'kkg VkbEl l okonnkrk

ihyhHkhrA आई लव मोहम्मद विवाद के बीच शुक्रवार को जुमे की नमाज के मद्देनजर जिले में हाईअलर्ट घोषित किया गया है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों की सभी मस्जिदों और प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

खुफिया विभाग को भी सतर्क कर दिया गया है। पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सोशल मीडिया पर भी पुलिस कड़ी निगरानी कर रही है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने नगर के संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गस्त कर फ्लैग मार्च निकला। उन्होंने बताया कि आगामी त्योहारों के मध्य नगर जनपद के सभी थाना क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कर असामाजिक तत्वों पर नजर

रखी जा रही है। एसपी के आदेश पर थाना सेहरामऊ उत्तरी प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को क्षेत्र में पुलिस टीम के साथ फ्लैगमार्च निकाला। पुलिस की गाड़ियों का काफिला सेहरामऊ उत्तरी गांव से निकलते हुए जोगराजपुर होते हुए रायपुर विचपुरी, गोरा, धनेगा, केसरपुर कलां गांव पहुंचा। इस दौरान मुख्य मार्गों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल ने फ्लैग मार्च कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस प्रशासन ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। बिना अनुमति जुलूस निकालने या कानून व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। नागरिकों से अपने क्षेत्र में संदिग्ध गति. विधियों की सूचना देने को कहा गया है।मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। साथ ही बताया कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाईक. रते हुए तत्काल गिरफ्तार किया जाएगा। हाल ही में सेहरामऊ पुलिस ने सीएम के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद रहेगी और सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

नगर आयुक्त ने श्रम दान कर किया महासफाई अभियान का शुभारंभ

'kkg VkbEl l okonnkrk

eFkqjkA स्वच्छता ही सेवा – 2025 अभियान के अंतर्गत नगर निगम मथुरा–वृंदावन क्षेत्र में 156 घंटे का महासफाई अभियान का शुभारंभ नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा श्रमदान कर किया गया।

स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान प्रधानमंत्री के जन्मदिन (17 सितम्बर) से लेकर पूज्य बापू की 156वीं जयंती (02 अक्टूबर) तक लगातार चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त जग प्रवेश के नेतृत्व में वार्ड संख्या 28 औरंगाबाद (द्वितीय) तथा वार्ड संख्या 10 औरंगाबाद (प्रथम) क्षेत्र में इस महाअभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद प्रति. निधि, नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त श्रीमती कल्पना सिंह चौहान, सफाई मित्र एवं नागरिक उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने गणेश मंदिर के

सामने मुख्य मार्ग तथा आसपास क्षेत्रों में स्वयं पॉलिथीन , एवं कूड़ा–कचरा इत्यादि को एकत्रित कर सफाई की एवं अभियान शुरुआत की। उनके साथ सफाई कर्मियों, क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि एवं नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया। अभियान के अंतर्गत नगर निगम मथुरा–वृंदावन द्वारा विभिन्न वार्डों में सतत सफाई कार्य संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वार्ड संख्या 21 चौतन्य विहार फेस–2 आनंद वाटिका में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही, स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार की उपस्थिति में मथुरा–वृंदावन ,जनरलगंज स्थित मथुरा नगर निगम सभागार, में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें स्वच्छता के महत्व एवं स्वच्छ जीवनशैली के लिए जागरूक किया गया।

इस स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान, नगर निगम टीम, नगर निगम की आईसी टीम ,स्थानीय नागरिकों, स्वच्छ सारथी क्लब तथा स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सहयोग से वार्ड–वार्ड में जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं।

इन कार्यक्रमों में लोगों को सिंगल–यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने, स्वच्छ वातावरण बनाए रखने तथा स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

आर्य समाज के प्रचार को रथ भ्रमण

dklhdykA आर्य समाज कोसीकला के 3 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले 87 वे वार्षिकोत्सव के प्रचार के लिए 4 दिवसीय प्रचार रथ शुक्रवार की सुबह दस बजे आर्य समाज मंदिर से रवाना हुआ। जो कि आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद के विचारों को कोस. ीकला क्षेत्र के दर्जनों गांव में भ्रमण कर फैलाने का कार्य करेगा, प्रचार रथ को रवाना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक गौशाला अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा समाज के संरक्षक ओमप्रकाश आर्य प्रधान डॉ प्रकाश आर्य मंत्री सुरेंद्र आर्य प्रचारक के शास्त्री बालकिशन आर्य ने ओम ध्वज दिखाकर किया। इस अवसर पर आर्य समाज के पदाधिकारी एवं शिक्षा संस्थान की अध्यापिकां विशेष रूप से मौजूद रहे। सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अमित चतुर्वेदी ने प्रचार रथ रवाना के दौरान आर्य समाज के ऊपर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि स्वामी दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना के साथ समाज में फैल रही।

राष्ट्रपति ने मथुरा वृंदावन के मंदिरों में किए दर्शन

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर, निधिवन में विधिविधान से की पूजा अर्चना

'kkg VkbEl l okonnkrk

eFkqjkA महामहिम राष्ट पति ने गुरुवार को मथुरा वृंदावन के मंदिरों में दर्शन किये। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अपने एक दिवसीय आध्यात्मिक दौरे पर वृंदावन पहुंचीं। वे मथुरा में सात घंटे के दौरे पर आयीं हैं।

यह विशेष ट्रेन से वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पर उतरीं जहां गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने उनका स्वागत किया। गुरुवार को निर्धारित समय 10.35 से दस मिनट पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कार से बांकेबिहारी की वीआइपी पार्किंग तक पहुंची। मंदिर के प्रवेश द्वार पर गोल्फ कार्ट से उतरते ही श्री बांके बिहारी हाईपावर प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार और सदस्य दिनेश गोस्वामी ने राष्ट्रपति और उनके साथ आए परिवार के लोगों का भी स्वागत किया। ठाकुरजी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। आराध्य के विशेष श्रृंगार में दर्शन करने के साथ ही मंदिर के सेवायतों ने विधि विधान से पूजन कराया। उन्होंने सबसे पहले चांदी का दीपक जलाया।

अपने साथ लाईं फल और मिठाई के दो थाल ठाकुर जी को अर्पित किए। इसके बाद उन्होंने चंदन कोठरी के बाहर छोटे दरवाजे पर देहरी पूजन किया। गुलाब के इत्र से मंत्रोच्चारण के साथ पूजन एवं कुंज बिहारी अष्टक के साथ पंच कलश पूजन किया। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर के सेवायत फ्रैंकी गोस्वामी और गौरव गोस्वामी ने कहा कि यह उनका चौथा अवसर हैं। इससे पहले देश के तीन राष्ट्रपति को ठाकुरजी के दर्शन और पूजन करा चुके हैं। इसके बाद वह गेट एक से ही मंदिर से निकलकर निधिवन के लिए रवाना हुईं। निधिवन में महामहिम ने पूजा अर्चना की। उनका मंदिर में पटका पहनाकर स्वागत किया। खास बात यह है कि ठाकुर जी का रात का शयन श्रृंगार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से किया गया। जिसकी सामग्री सेवायतों को भेंट की गई। बांके बिहारी मंदिर के बाद राष्ट्रपति निधिवन पहुंचीं। यहां उन्होंने वृक्षों की पूजा की और पांच सौ मीटर की परिक्रमा लगाई। निधिवन में वह आधे घंटे तक रहीं और बिहारी जी की प्राकट्य स्थली, रंग महल, रास मंडल, बंसी चोरी राधा रानी और स्वामी हरिदास जी के समाधि स्थल पर जाकर दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने वृंदावन की संस्कृति और धार्मिक महत्व को भी जाना। राष्ट्रपति का यह दौरा कई मायनों में ऐतिहासिक है। महामहिम ने भजन कुटी का भी दौरा किया। मथुरा में महामहिम ने कुब्जा कृष्ण मंदिर में दर्शन व पूजन किया। मंदिर के बारे में उन्हें जानकारी दी गई।

आज धूमधाम से निकलेंगी महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा

'kkg VkbEl l okonnkrk

dklhdykA अग्रवाल सभा के तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान निकलने वाली शोभायात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई। चांदी के सिंहासन पर महाराजा अग्रसेन डोला निकाला जाएगा।

आर्य नगर में कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में संयोजक देशबंधु अग्रवाल, अध्यक्ष संजीव जाविया, मंत्री जगदीश गोयल ने बताया कि शनिवार की शाम महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा ग्यालाल स्मृति भवन से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए भरत मिलाप चौक पर संपन्न होगी। मुख्य अतिथि उद्यमी वासुदेव गर्ग हवेलियां, आकाशदीप गर्ग शोभायात्रा का शुभारम्भ करेंगे। महाराजा अग्रसेन चांदी के सिंहासन पर विराजमान महारा. जा श्री अग्रसेन जी का फूलों से सुसज्जित डोला, महारानी माधवी, 18 राजकुमार सफेद घोडों पर सवार, कुलदेवी मां लक्ष्मी का भव्य डोला आकर्षक का केंद्र होगा। शोभायात्रा की अगुवाई आधा दर्जन से अधिक बैंड, शहनाई पार्टी करेंगे। शोभायात्रा का शहर में जगह–जगह भव्य स्वागत किया जाएगा।

शोभायात्रा के भरत मिलाप चौक पहुंचने पर सम्मान समारोह एवं समापन होगा। मुख्य अतिथि खेमचंद गर्ग, रूपकिशोर गर्ग होगें। इस मौके पर जितेंद्र अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, नीरज आढ़ती, दामा. दर अग्रवाल, नवल अग्रवाल भगतजी, गोविंद जविया, मनीष बठैनिया, पिंटू नेता आदि ने सभी अग्र बंधुओं से शोभायात्रा में हिस्सा लेगें।

जिलाध्यक्ष के आवास पर फायरिंग में पुलिस खाली

'kkg VkbEl l okonnkrk

dklhdykA थानाक्षेत्र की चौकी बठैनगेट के अंतर्गत हाइवे पर व्यापारी पुत्रों से हुई मारपीट के मामले में थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाष शुरू कर दी है। पीडित के पिता ने आरा. प लगया था कि थाना पुलिस ने 24 घंटे बाद भी आरोपियों को पकड नहीं सकी है, जिससे ऐसा लगता है कि पुलिस मामले को दबाने का प्रयास कर रही है।

उल्लेखनीय हो कि श्री कोसीकलां अग्रवाल सभा के तत्वाधान में आयोजित हो रहे छः दिवसीय महाराजा श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान गत बुधवार को देर सांय हाइवे स्थित अग्रवाटिका में वृद्धजन एवं अग्र गौरव सम्मान एवं भाईचारे के लिए माधवी रसोई (सहभोज) सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। जिसमें नगर निवासी नरेश विंदल के पुत्र तरूण विंदल को सीए बनने पर समाज की ओर से अग्रगौरव सम्मान से नवाजा था। सम्मान मिलने के बाद अपने छोटे भाई अनिकेत के साथ वाइक पर घर लौट रहे तरूण के साथ हाइवे पर पीछे से आए दो तीन अज्ञात वाइक सवारों ने दोनो भाईयों से गाली गलौज कर जमकर मारपीट की, जिसमें दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए।

मामले में तरूण मित्तल ने बठैनगेट चौकी पर तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने न तो पीडित का चिकित्सकीय परीक्षण ही कराया और न ही आरोपियों की तलाष की। पुलिस के इस रवैये से पीडित का परिवार आक्रोषित हो गया। इधर उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अंकित मालविया सहित अन्य व्यापारी संगठनों के कहा कि पुलिस आरोपियों को पकडने में नाकाम रही है, बदमाश बेलगाम हो गए जिसका जीता जागता उदाहरण सत्तारूढ पार्टी के जिलाध्यक्ष के आवास के बाहर नामजद एवं अज्ञात हथियारबंद बदमाशो द्वारा फायरिंग करने एंव केबिनेट मंत्री प्रतिनिधि को दो बार जाने से मारने या रास्ते से हटाने जैसी धमकियां मिलना पुलिस के लापरवाही का ही नतीजा है। ऐसे में कैसे व्यापारी अपने आपको सुरक्षित महसूस करेगा।

मामले में पुलिस हरकत में आयी और आनन फानन में अज्ञात हमलाबरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी धरपकड के लिए दबिष देनी षुरू कर दी है। बॉक्स

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎0581-2562222 (बरेली)
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

किसानों का फूटा गुस्सा, नहर पर कब्जा छुड़ाने की कस्बा राजपुर में गरजी किसान पंचायत

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। बिलासपुर के राजपुर कस्बा आज किसान आंदोलन का गढ़ बन गया। गुच्छन खान चेयरमैन के निवास पर सैकड़ों किसानों का सैलाब उमड़ा और भारतीय किसान यूनियन (भानू) के बैनर तले किसान हुंकार भरते नजर आए। एक ही स्वर गूंजा नहर कब्जा मुक्त करो, वरना होगा भीषण आंदोलन जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी ने मंच से गरजते हुए कहा भूमाफिया और दबंग लोग नहर का गला घोंट रहे हैं, अधिकारी सत्ता के दबाव में किसान विरोधी काम कर रहे हैं। किसान खून-पसीना बहाकर अन्न पैदा करता है, जिसे मंत्री-अधिकारी खाते हैं। अगर नहर का पानी टेल तक नहीं पहुंचा तो बिलासपुर में ऐसा आंदोलन होगा कि विभाग की नींद उड़ जाएगी। किसानों ने आरोप लगाया कि नहर विभाग के अधिकारी फर्जी रिपोर्ट बनाकर शासन को गुमराह कर रहे हैं। कब्जाधारियों की मदद से किसानों को पानी से वंचित किया जा रहा है।

किसान बोले डीजल, खाद, दवा सब महंगा हो गया है। अब अगर पानी भी रोक दिया गया तो किसान बर्बादी की कगार पर पहुंच जाएगा। यह सीधा-सीधा किसान विरोध है। पंचायत में गरजते किसानों ने साफ ऐलान कर दिया अगर नहर शुरू से आखिर तक कब्जा मुक्त कर पानी टेल तक नहीं पहुंचाया गया, तो

सहायक अभियंता नहर खंड बिलासपुर का कार्यालय किसानों के हजारों झंडों से घिर जाएगा और धरना-प्रदर्शन की ज्वाला उठेगी। सभा में गुच्छन खान, मोहम्मद अहमद, प्रधान असलम खान, सादिक अहमद, सोनू, जयपाल सिंह, रामवीर सिंह, शुऐब खान तसलीम खान खालिद खान जुबैर खान महबूब हसन राजीव इरफान खान बीर अब्दुल हमीद शरीफ शराफत खान विजय सिंह मोहम्मद अली रिहान रिजवान अली आरिफ समेत भारी संख्या में किसानों ने भाग लिया और कसम खाई कि अब किसान विरोधियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई होगी। किसानों का यह बिगुल सत्ता, प्रशासन और विभाग को खुली चुनौती है किसान इस देश का मालिक है और रहेगा। अगर हमारी आवाज नहीं सुनी गई तो सड़कों से लेकर शासन के दरबार तक हलचल मचा देंगे।

सैकड़ों ने ग्रहण की रालोद की सदस्यता

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। शुक्रवार को राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का एक कार्यक्रम ग्राम पंचायत नौगांव ब्लॉक चमरौआ तहसील सदर रामपुर में हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था राष्ट्रीय लोकदल का सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने राष्ट्रीय लोक दल के सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम संयोजक मोहम्मद जावेद जिला महासचिव मोहम्मद इदरीश अंसारी जिला उपाध्यक्ष द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रोहिलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू रहे। कार्यक्रम में बोलते हुए मोहम्मद उस्मान ने कहा कि देश की खुशहाली का रास्ता गांव और खेत खलियान से होकर गुजरता है। बोलते हुए उन्होंने बताया कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न

स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी ने अपना पूरा जीवन किसानों को समर्पित किया। उनके बाद उनके बेटे पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह ने भी अपना पूरा जीवन किसानों के लिए दिया अब उनकी तीसरी पीढ़ी भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह बराबर कौशल विकास विभाग से नारी शक्ति को युवाओं को रोजगार देने का कार्य कर रहे हैं। हमारा एनडीए से गठबंधन जरूर है लेकिन हम अपना संगठन खड़ा करने के लिए तन मन धन से लगे हुए हैं उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे देश के अंदर राष्ट्रीय लोकदल का संगठन को खड़ा किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में खास तौर पर सक्रिय सदस्यता अभियान जोर शोर के साथ चल रहा है। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष मुरादाबाद मंडल की प्रभारी एडवोकेट शशी वाला, क्षेत्रीय महासचिव नाजिया खान, क्षेत्रीय सबी सोफिया खान, नगर अध्यक्ष मंजू खान, निजी सचिव सलाहकार मुनाजिर हुसैन, हाजी जमील अहमद, अता हुसैन, अता मोहम्मद, हनीफ काका, अंजार, मोहम्मद उमर, आदि शामिल रहे।

भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा कमेटी का किया गठन

शाह टाइम्स संवाददाता

मसवासी। नगर पंचायत मसवासी मे बाल्मीकि समाज के लोगो ने भगवान बाल्मीकि शोभा यात्रा कमेटी का गठन किया जोकि पांच वर्ष तक मान्य रहे गी बाल्मीकि समाज के लोगो ने शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया जिसमे सर्वसम्मति से भगवान बाल्मीकि शोभा यात्रा कमेटी का गठन किया जिसमे अध्यक्ष नितिन कुमार, उपाध्यक्ष अरुन कुमार, कोषाध्यक्ष पप्पू कुमार, उप कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, सचिव करन सिंह, उप सचिव गौरव कुमार, प्रचार मन्त्री अजय कुमार, उप, कुनाल कुमार, संगठन मंत्री अजय कुमार, उप, विवेक कुमार, मिडिया प्रभारी विशाल को बनाया गया है, सदस्य अनिल कुमार, चिंटू, अर्जुन, अजय, सुनील, आदि को बनाया गया है। कमेटी का कोई भी पद अधिकारी या कार्य करता संगठन समाज या कानून के विरुद्ध कार्य करता है तो उस व्यक्ती के खिलाफ वरिष्ठ अधिकारी सोमपाल बाल्मीकि, दिनेश कुमार, विजय कुमार, संजय चौधरी, राजीव, राजेश, सरजीत आदि लोग कार्रवाई करने को बाध्य होगे।

नगर में निकली श्री राम शोभायात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

टाण्डा/रामपुर। नगर में गुरुवार की रात श्री रामलीला के उपलक्ष में श्रीराम बारात शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल झांकियों को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल तैनात रहा।

नगर में मंगलवार की रात्रि मढ़ी मंदिर से श्रीराम बारात शोभायात्रा शुरू हुई।इससे पहले मुख्य अतिथि 34 विधानसभा स्वार की पूर्व प्रत्याशी लक्ष्मी सैनी व समाजसेवी पन्नालाल द्वारा फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रभु श्रीराम भारतीय संस्कृति और सनातन सभ्यता के आदर्श हैं।

शोभायात्रा मढ़ी मंदिर से आरंभ होकर कुम्हारों वाली पुलिया, सदर बाजार होते हुई रामलीला मैदान पहुंची। जिसमें शामिल श्रीराम, लक्ष्मण और गुरु विश्वामित्र की

झांकियों को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए और जगह-जगह स्वागत किया।

दिनांक 25.9.2025 को टांडा नगर मंण्डल में युवा रामलीला मंच समिति द्वारा आयोजितश्रीराम बारातश में सहभागिता कर करोड़ों सनातनियों के आदर्श प्रभु श्रीराम जी के दर्शन के उपरांत मुख्य अतिथि 34 विधानसभा स्वार टांडा की पूर्व प्रत्याशी भाजपा रुश्रीमती;लक्ष्मी;सैनी;जी समाज सेवी रुश्री;पन्नालाल;सैनी;जी द्वारा फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया । प्रभु श्रीराम हमारी भारतीय संस्कृति और सनातन सभ्यता के आदर्श प्रतीक पुरुष हैं।

इस अवसर पर जनता डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल श्रीपाल सिंह चौहान, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार,भाजपा नेता योगेंद्र चौहान,अंकुश चौधरी, गन्ना समिति अध्यक्ष समर सिंह चौहान ,टांडा नगर के पूर्व मंण्डल अध्यक्ष योगेश सैनी जी, टांडा ग्रामीण का मंडल अध्यक्ष नवनीत चौहान, एडवोकेट सोरन सिंह, जिला मंत्री राजकुमार चौहान, आयोजित रामलीला कमेटी के अध्यक्ष प्रेम सिंह आचार्य, सनातन धर्म सभा के सभापति, रामस्वरूप सैनी,शुक्र सैनी, संजय ठाकुर रोहित शर्मा, कपिल शर्मा,पपन सक्सेना, लाखन सैनी, डॉ0भुदेव सैनी, प्रशांत पाल,करंन सिंह सैनी, चुन्नीलाल सैनी,नवल सैनी, निलेश वर्मा,कृष्ण अवतार सैनी,आशीष वर्मा,अमित सैनी,विशेष ठाकुर, मखलाल सैनी, विजय सैनी, एवं सभी समिति के सम्मानित सदस्य गण,व युवा साथी एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

महिला सुरक्षा दल ने मिशन शक्ति के बारे में दी जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

मिलक खानम। 26 सितम्बर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत चलाये जा रहे।

अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय ग्राम डिलारी में बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर।1090 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन नम्बर 1098 घरेलू हिंसा हेल्पलाइन नम्बर।181 पुलिस आपातकालीन सेवा 112 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर 1076 व साइबर क्राइम हेल्पलाइन नम्बर।930 की जानकारी महिला सुरक्षा दल थाना मिलक खानम द्वारा दी गई।

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत गैर संचारी रोग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मिलक /रामपुर। शुक्रवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक के परिसर में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत गैर संचारी डिसीज पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार व पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार के संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर बासित अली के द्वारा ब्लॉक प्रमुख तथा दीक्षा गंगवार को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य के दृष्टिगत संबंधित जांच की गई। जिसमें रक्तचाप मधुमेह स्तन कैंसर मुख कैंसर एनीमिया आयुष्मान कार्ड गर्भवती महिलाएं आदि की जांच कराई गई। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते

हुए ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार के द्वारा कार्यक्रम में आई महिला पेशेंट से वार्तालाप किया गया तथा हाल-चाल जाना कार्यक्रम में डॉक्टर बासित अली के द्वारा कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया गया तथा महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया एवं उनके उपचार के लिए वर्तमान सरकार द्वारा लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत 439 मरीजों का रजिस्ट्रेशन कराया गया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चार टीबी मरीजों का पोषण पोटली भी पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार के द्वारा वितरित की गई। इस अवसर पर डॉक्टर महजबी खानम, वेदपाल, अर्चना सागर, शेर सिंह, मंजू रानी आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन प्रोग्राम मैनेजर इरफान के द्वारा किया गया।

ब्लॉक प्रमुख और पालिका अध्यक्ष ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

मिलक /रामपुर। मिशन शक्ति कार्यक्रम चरण 5 के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय लोहा ष्टूनी मिलक में ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार विद्यालय में पहुंचे और विद्यालय के बच्चों से वार्तालाप किया तथा उनका हाल-चाल जाना। इस दौरान ब्लॉक स्तर से मिलने वाली जन सुविधाओं के बारे में जानकारी ली पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने नगर पालिका से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और आगे बच्चों को बताया गया कि नारी शक्ति का आप भविष्य है।

मन लगाकर पढ़ाई करें आदि जानकारी दी। इस अवसर पर सुनीता गंगवार, रेनू गंगवार, प्रियंका राठौर, इकरा कव्यूम, सुनंदा चंद्रा, हितेश सक्सेना, विकास कुमार, राम बेटी, रूपरेखा, मुन्नी देवी आदि उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत कुमारी नाफेआ बी बनी एक दिन की डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। नारी सुरक्षा और नारी सम्मान की थीम पर आयोजित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद रामपुर में पीएम राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज खुर्शीद तोपखाना की कक्षा-11 की छात्रा कुमारी नाफेआ बी को एक दिन का सांकेतिक जिलाधिकारी नामित किया गया।

सांकेतिक जिलाधिकारी नाफेआ बी ने कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संचालित एक महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाए जा रहे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान ने बालिकाओं की शिक्षा में अत्यंत सहायक भूमिका निभाई है। नाफिया बी ने कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि वे अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा के अवसर अवश्य दिलाएँ तथा इस दिशा में अधिकारियों को भी अभिभावकों को जागरूक करना चाहिए।

इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की सराहना की और कहा कि ऐसी पहल बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और प्रशासनिक व्यवस्था की समझ विकसित करती है, जिससे वे भविष्य में सशक्त नागरिक बन सकेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित जनसामान्य की शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया।जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि बालिकाओं को नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपने से उनका मनोबल बढ़ता है और समाज में यह संदेश जाता है कि बेटियाँ किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कुमारी नाफेआ बी अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर जनपद रामपुर का नाम रोशन करेंगी।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आमजनता और जनपदवासियों के लिए भी प्रेरणास्रोत रहेगा, जिससे यह संदेश जायेगा कि बेटियाँ आत्मनिर्भर और सशक्त बनकर समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अर्जलि अग्रवाल उपस्थित रहीं।

सैफनी नगर पंचायत में संचारी रोग की बैठक आयोजित की गई

शाह टाइम्स ब्यूरो

सैफनी/रामपुर। नगर पंचायत कार्यालय में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की मीटिंग आयोजित की गयी। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहाबाद के चिकित्सा अधिकारी पदम कुमार एवं बीएमसी शादाब अली ने संचारी रोग एवं इससे होने वाली बीमारियों के बारें में तथा इसके नियंत्रण की जानकी दी। यह अभियान 05/10/2025 से 31/10/2025 चलेगा। सीएम फेलो अनुज कुमार ने सफाई नायकों को निर्देश दिए और बताया कि कर्मचारी घर-घर जाकर लोगो को संचारी रोग के बारे जागरूक करेंगे एवं वार्डों में एंटी लारवा, फॉगिंग का छिड़काव करेंगे तथा इससे कैसे बचा जा सकता है इसके बारे में जानकारी देंगे। इस अवसर पर लिपिक वीर सिंह, विजय सागर, सभासद अरविन्द जोशी,गब्बर ,सफाई नायक विशाल,विनोद कुमार, अरशद आदि उपस्थित रहे।

आंगनवाड़ी केंद्र पर जन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। महिला कल्याण विभाग द्वारा जागरूकता अभियान के अंतर्गत थाना गंज क्षेत्र के जुम्मा बाजार में आंगनवाड़ी केंद्र पर जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

जिसके अंतर्गत वुमेन सेफ्टी एट वर्कप्लेस का कार्यक्रम जुम्मा बाजार के आंगनवाड़ी केंद्र पर और चादर वाला बाग के जिला प्रशिक्षण कार्यालय में किया गया।

वन स्टॉप सेंटर की टीम द्वारा बताया गया कि पॉश अधिनियम एक भारतीय कानून है, जिस कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न(रोकथाम,निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 कहा जाता है। इसका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित कार्य वातावरण निवारण के लिए एक औपचारिक तंत्र प्रदान करके यौन उत्पीड़न से बचाना है। यह

अधिनियम शिकायतों को निपटाने और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक शिकायत समितियां आईसीसी के गठन को बताता है।

इस दौरान महिलाओं को सुरक्षित कार्यस्थल का अधिकार भी बताया गया और शिकायती प्रतिक्रिया से भी अवगत कराया गया। सभी आंगनवाड़ियां एवं आशा बहनों एवं महिलाओं को बताया गया कि यह भारतीय कानून है, जो 2013 में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने, उस पर पाबंदी लगाने और उसका निवारण करने के लिए बनाया गया था। महिला कल्याण विभाग की ओर से चलाई जा रही समस्त विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पांसरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वन स्टॉप सेंटर आदि का प्रचार प्रसार कर सभी को जागरूक किया गया।

भारत सरकार द्वारा संचालित समस्त टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जैसे 112,181,1076 ,1090 इत्यादि के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी विजेंद्र कला सहित वन स्टॉप सेंटर से मनोसामाजिक परामर्शदाता चारु चौधरी, पैरामेडिकल स्टाफ नर्स कश्मीरा रानी, हेड कांस्टेबल कविता कुमारी मौजूद रहीं।

पुलिस ने एक नफर वारंटी किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

मिलक। पुलिस ने एक नफर वांछित वारंटी को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय को भेजा। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक जनपद रामपुर के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा आज एक

नफर वारण्टी अभियुक्त शादाब पुत्र जरीफ खां निवासी दरखत खिन्नी निकट हामिद इण्टर कालेज थाना कोतवाली जनपद रामपुर सम्बन्धित बाद संख्या 127/25 मु.अ.सं.402/24 धारा 316(2)/318(4)/352/351(3) बीएनएस चालानी थाना मिलक न्यायालय अपर सिविल जज प्रवर वर्ग द्वितीय रामपुर को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय रामपुर भेजा दिया।

बूथ स्तर पर मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता

मिलक/रामपुर। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को मनाया नगर पालिका परिषद के अंतर्गत 38 विधानसभा के नसीराबाद के बूथ स.353 पर बूथ अध्यक्ष विनोद प्रकाश सक्सेना के निवास स्थान पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती हर्षोल्लास से बनाई गई जिसका शुभारंभ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष दीक्षा गंगवार के द्वारा किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की फोटो पर पुष्प अर्पित कर जयंती हर्षोल्लास से बनाई गई।

अध्यक्ष दीक्षा गंगवार के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय चाहते थे कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए जिसमें सद्भाव संस्कृत राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो सके। उनका मानना था कि भारतीय धर्मराज राष्ट्रवादी और अंत्योदय की अवधारणा से ही भारत को विश्व गुरु का स्थान हासिल

होगा। वहां पर उपस्थित भाजपा पूर्व महामंत्री सरदार देवेंद्र सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी से हमें उनसे शिक्षा लेना चाहिए और उनके आदर्शों पर चलना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन अवधेश सक्सेना (नेताजी) के द्वारा किया गया। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष ममता अत्री, अलका सक्सेना, शांति स्वरूप गंगवार, प्रमोद सक्सेना, कमल सक्सेना इत्यादि उपस्थित रहे।

एक नफर वारन्टी को गिरफ्तार किया

शाह टाइम्स संवाददाता

मिलक खानम। पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1. वारन्टी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई । पुलिस अधीक्षक के आदेश पर बृहस्पतिवार की रात्रि थाना मिलक खानम प्रभारी निशा खटाना के कुशल नेतृत्व में पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए।

1 नफर गैर जमानती वारंटी मुस्तफा पुत्र नोसे निवासी ग्राम जिठनिया जागीर थाना मिलक खानम को सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि. हरिपाल सिंह हेड कांस्टेबल मुख्तियार अहमद आदि मौजूद रहे।

हम किसानो के मुद्दों पर बात करते हैं: चौधरी सुनील कुमार

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। शुक्रवार को भारतीय किसान संघ जनपद रामपुर के बिकास खण्ड चमरौआ के ग्राम भोट के शिव मन्दिर पर ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश पाल के नेतृत्व में प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। पहला सत्र प्रांत संगठन मंत्री चौधरी सुनील ने लिया जिसमे इन्होंने संगठन भारतीय किसान संघ की मूल संकल्पना पर प्रकाश डाला और दूसरा सत्र विभाग संगठन मंत्री रमेश चंद ने लिया इन्होंने संगठन की रीति नीति पर प्रकाश डाला गया।

तीसरा सत्र जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा ने लिया जिसमें इन्होंने भारतीय किसान संघ की कार्य पद्धति पर

प्रकाश डाला। चौथे सत्र मे ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश पाल ने ग्राम समिति पर प्रकाश डाला एवं सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया और कार्यक्रम समाप्त की घोषणा की। जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र गंगवार, घनश्याम कुर्मी, लखन बाल्मीकि, अरुण श्रीवास्तव, आकाश सक्सेना, मोरपाल, सोहन सिंह, सैकड़ों कार्यकर्ता सामिल रहे।

बालकृष्ण की माखन चोरी से लेकर सूर्पनखा प्रसंग तक, रामपुर डूबा भक्ति रस में

- रामलीला मैदान में छलका आस्था का ज्वार, देर रात तक गूंजते रहे जयकारे
- रामपुर की धरती बनी अयोध्या, रामलीला में उमड़ा जनसैलाब

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। शुक्रवार की रात उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड सिर्फ एक मैदान नहीं रहा, बल्कि ऐसा लगा मानो धरती पर अयोध्या उतर आई हो। ग्यारहवें दिन का श्रीरामलीला महोत्सव श्रद्धा, कला और अध्यात्म का ऐसा संगम बनकर सामने आया जिसने हर किसी के दिल पर अमिट छाप छोड़ दी।

सुबह का आगाज हुआ भगवान श्रीकृष्ण की रास और निकुंज लीलाओं से। नन्हें बालकृष्ण की माखन चोरी की अदाएं देखकर बच्चों की हंसी ठहाकों में बदल गई, तो वहीं बुजुर्गों की आंखें भक्ति से छलक उठीं। माहौल ऐसा था कि हर कोई खुद को वृंदावन की गलियों में महसूस कर रहा था।

जैसे ही सूरज ढला, रामलीला मैदान रंगीन रोशनियों से नहा उठा। 8:30 बजे मंच पर आए वृंदावन के कलाकारों ने ऐसी जीवंत प्रस्तुतियां दीं कि दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए। भारत जी का चित्रकूट प्रस्थान, भादुका प्राप्ति, सती अनुसुइया मिलन, पंचवटी का जीवन और सूर्पनखा नासिक छेदन जैसे प्रसंगों ने हर किसी की आत्मा को झकझोर दिया। मंचन के साथ गूंजते "जय श्रीराम" के नारों ने वातावरण को और अधिक दिव्यता से भर दिया। भीड़ का उत्साह इतना था कि तालियों की गड़गड़ाहट बार-बार मंचन को रोक देती और कलाकारों को

मुस्कुराकर झुककर आशीर्वाद स्वरूप वह प्रेम स्वीकारना पड़ता।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगरपालि. का चेयरमैन सना खानम, एसके अग्रवाल और मामून शाह का समिति की ओर से शॉल, पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल समेत नगर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। ग्यारहवें दिन का यह अध्याय न केवल रामकथा की गहराई तक ले गया बल्कि आने वाले दिनों के लिए उत्सुकता और रोमांच भी कई गुना बढ़ा गया। सच कहा जाए तो यह महोत्सव अब केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि पूरे शहर के लिए आध्यात्मिक उत्सव और सांस्कृतिक धरोहर बन चुका है।

रामलीला की यह यात्रा हर दर्शक के हृदय में ऐसी अविस्मरणीय स्मृतियां जोड़ रही है, जिन्हें आने वाले वर्षों तक बड़े गर्व और भक्ति भाव से याद किया जाएगा।

इस मौके पर अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, ईश्वर सरन अग्रवाल, विना. द कुमार गुप्ता ठेकेदार, वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड.), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया , राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल आदि मौजूद रहे।

ज्वाला नगर रामलीला में दशरथ मरण और भरत मिलाप देख भावुक हुए दर्शक

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से ज्वाला नगर में शुक्रवार रात दशरथ मरण, भरत मिलाप, अनसूया उपदेश, सुतीश्रनण मिलन आदि का अत्यंत मनमोहक मंचन राधिका कृष्ण कला मंडल वृंदावन मथुरा के कलाकारों द्वारा किया गया।

राजा दशरथ की मृत्यु के बाद जब भरत को इसका पता चलता है तो वे अत्यधिक दु:खी होते हैं। इस दौरान भरत और कौसल्या के बीच संवाद होता है, जिसमें भरत अपने पिता की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हैं।

भरत का राम से मिलाप चित्रकूट में होता है, जहां वे राम को वापस अयोध्या ले जाने का प्रयास करते हैं। इस दौरान दोनों भाइयों के बीच भावपूर्ण संवाद होता है।

अनसूया सीता को पतिव्रत धर्म के बारे में उपदेश देती हैं और उन्हें अपने पति की सेवा करने के महत्व के बारे में बताती हैं।

सुतीक्ष्ण एक ऋषि हैं जिनसे राम-लक्ष्मण और सीता की मुलाकात होती है। सुतीक्ष्ण राम की भक्ति

करते हैं और उन्हें अपने आश्रम में आमंत्रित करते हैं। राम सुतीक्ष्ण के प्रेम को स्वीकार करते हैं और उनके आश्रम में कुछ समय बिताते हैं।

इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डॉ तेजवीर यादव, त्रिभुवन पंडित, अनुज सक्सेना, आशु गुप्ता, डॉ अनिल सक्सेना, चितरंजन श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, संजू बाबा, नवनीत सक्सेना, संजू प्रजा. पति, अन्नु गंगवार, पीयूष कुमार, रामेंद्र गुप्ता, मोहित मल्होत्रा, धर्मवीर यादव, देवेश गुप्ता, दिनेश कश्यप, पुनीत अग्रवाल, अन्नु सक्सेना, अरुण कीर्ति सक्सेना, संजीव दयाल सक्सेना, विक्की सक्सेना, अनुज यादव, राजेश नायक, रवि रामपुरी, मक्खन लाल सैनी, सोनू शर्मा, अखिलेश बिसारिया, प्रेमपाल यादव, विनोद कश्यप, राजीव लोचन, जगन सिंह लोधी, मिंटू गुप्ता, राहुल शर्मा, ओपी सक्सेना, सचिन सिंह, संतोष प्रसाद आदि समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

टाइल्स की दुकान में हजारों की चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

स्वार। शुक्रवार बीती रात्रि स्वार रामपुर मार्ग पर एम बी आर अस्पताल के पास ग्राम नानकार रानी निवासी बिलाल अली की टाइल्स व मार्बल की दुकान है जिसमें अज्ञात चोरों ने दुकान का पीछे दरवाजा तोड़ कर दुकान में चोरी कर ली चोरो ने दुकान में रखे दो बैट्री व टेल्स की पेटियें व दुकान की दराज में रखे 25 हजार नकद चुरा कर ले गए।

सुबह जब दुकान मलिक ने अपनी दुकान खोली तो पीछे दरवाजा व दराज टूटी मिली जिसकी सूचना

दुकान मालिक बिलाल अली ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी कर दी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है।

जुआ खेलते दो जुआरियों को किया गिरफ्तार, रुपये व ताश बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

सैफनी। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पट्टी फैजुल्लाबाद के जंगलों में चल रहे जुए की सूचना सैफनी पुलिस को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने पट्टी फैजुल्लाबाद के जंगलों में मौके पर चल रहे जुए में जुआरियों पर छापा मारी कर दो अभियुक्त कलीम पुत्र निजामुद्दीन व उजैर अली पुत्र आजम अली निवासीगण ग्राम खध्सौल थाना सैफनी जनपद रामपुर को जुआ खेलते धर पकड़ा। पुलिस के मुता. बिक उपरोक्त अभियुक्तों से 1560 रुपए फड़ से 600 रूपये नगद व 52

पत्ते ताश के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सैफनी पर मु.अ.सं. 178/2025 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिकृत पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जिसमें गिरफ्तार करने वाली टीम में उ. नि. ब्रजेश कुमार जायसवाल का. नौशाद अली हो.गा. सूरजपाल सिंह सम्मिलित रहे।

कौशल विकास के माध्यम से युवा अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार करें

शाह टाइम्स संवाददाता

मसवासी। राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने युवाओं से कौशल विकास के माध्यम से स्वरोजगार को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल युवाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि दूसरों को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे।

सैनी ने भाजपा कार्यकर्ता एनजे मौर्य के खोदकला व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कई योजनाएं चला रही है। युवा बैंक ऋण की सहायता से टेंट हाउस, लघु उद्योग या उत्पादन इकाई स्थापित कर अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। सरकार युवाओं और महिलाओं के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को चल रही है युवा और महिलाएं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभउठा सकते हैं।

प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर लगातार प्रदान कर रही है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं से तैयार रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान डॉ. प्रेमपाल, नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र दिवाकर सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जेब कतरे ने बाजार में युवक की जेब से तीस हजार रुपये किए साफ

शाह टाइम्स संवाददाता

मसवासी। शुक्रवार की बाजार करने गये युवक के जेबकतरों ने जेब तीस हजार रूपए साफ कर दिए जेब से रुपए गायब देख युवक के होश उड़ गए बाजार मे जेबकतरों को काफी तलाश किया लेकिन कोई अता पता नही चला। रूपए गायब होने की तहरीर चौकी पुलिस दे दी गई है नगर मे चौकी से करीब शुक्रवार की बाजार लगती इस बाजार मे हर सप्ताह मोबाइलों पर जेब कतरे हाथ साफ करते रहते है। चौकी पास मे होने के बाद भी इन जेब कतरो मे पुलिस का जरा भी खोफ नही है आज फिर शुक्रवार की बाजार मे नगर निवासी युवक मोहम्मद यूसुफ बाजार से सामान खरीद ने गया था। उसकी जेब से जेबकतरों ने तीस हजार रूपए निकाल लिये जब उसने अपनी जेब से तीस हजार रुपए गायब देखे तो उसके होश उड़ गये। जेब से रूपए गायब की सूचना यूवक ने मिलने वालो को दी बाजार मे जेबकतरों को काफी तलाश किया लेकिन कोई अता पता नही चल सका। युवक ने रुपए गायब होने की तहरीर चौकी पुलिस को दे दी है।

वंश आत्महत्या के मामले में दोषियों पर हो कठोर कार्रवाई: प्रताप गुर्जर

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। वंश पवार आत्महत्या मामले में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। भाकियू कार्यकर्ता एसपी कार्यालय पहुंचे, जहां एसपी सूरज राय ने उन्हें निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बली निवासी नरेंद्र पवार के पुत्र वंश पवार 13 सितंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गए थे। वंश पवार आत्महत्या मामले में एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है और अन्य शामिल लोगों की तलाश जारी है।

भाकियू के जिलाध्यक्ष प्रताप गुर्जर के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसपी सूरज राय से मुलाकात कर मामले में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने बताया कि वंश पवार आत्महत्या मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पूरे मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और जो भी नाम सामने आएंगे, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रताप सिंह गुर्जर, प्रदीप धामा, हिम्मत सिंह, आशू ठाकुर, इंद्रपाल, जितेंद्र कुमार, देवकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

कब्जे को लेकर लोगों का धरना जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

टीकरी। कस्बे में शमशान घाट की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर स्थानीय लोगों का धरना नौवें दिन भी जारी रहा। कस्बावासियों का आरोप है कि कुछ लोगों ने श्मशान घाट की भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण कर लिया है। इस मामले में पहले भी कब्जा हटाने के आदेश जारी हो चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अधिका. रियों ने अब दो दिन का समय दिया है। राजस्व विभाग की टीम ने मौके का सर्वे किया। लेखपाल और कानूनगो ने अपनी जांच रिपोर्ट तहसीलदार बड़ौत को सौंप दी है। धरने पर बैठे लोगों ने कहा कि जब तक अवैध कब्जा नहीं हटेगा, उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इस धरने में विनोद राठी, अमित कुमार, रमेश, इंद्रपाल, ओमवीर, सोपाल, देशपाल, तेजपाल, सुभाष और मनोज, विकास और पुष्पेंद्र समेत कई लोग मौजूद रहे।

एक नजर

पं सुभाष शर्मा का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। नगर के पंचमुखी शिव मंदिर के प्रागण में लव कुश रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित विशाल रामलीला आयोजन पर मुख्य अतिथि चौधरी 84 ब्राह्मण समाज चौरासी देशखाप पं सुभाष शर्मा को प्रतीक चिन्ह एवं फुल मालाओं से स्वागत अभिनंदन किया गया। इसके अलावा चौधरी वेदप्रकाश शर्मा को सम्मानित किया गया। गणमान्य लोगों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर दिव्य,भव्य एवं मनमोहक कार्यक्रम के आयोजन के लिए पं देव कुमार शर्मा, केडी शर्मा, डा.मनोज बिश्नोई फोनू पंडित एवं लवकुश रामलीला कमेटी, का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

प्रभु श्रीराम ने केवट से अपनी नाव में बैठाकर गंगा पार कराने का किया आग्रह

शाह टाइम्स संवाददता

बड़ौत। नगर में श्रीकृष्ण महाराज ठाकुरद्वारा प्रेम मण्डल रंगमंच पर केवट संवाद घर भरत मिलाप का दर्शय दरशाय गया। जब भगवान राम ने केवट से अपनी नाव में बैठाकर गंगा पार कराने का आग्रह किया, तो केवट ने मना कर दिया। हे प्रभु, मैंने सुना है कि आपके चरण रज (पैरों की धूल) में इतना जादू है कि एक पत्थर भी स्त्री बन गया। मेरी तो यह नाव लकड़ी की है। अगर आपके चरण पड़ने से यह भी स्त्री बन गई, तो मेरी रोजी-रोटी का क्या होगा? मैं और मेरा परिवार कैसे जिएंगे? केवट ने आगे कहा कि वह उन्हें तभी नदी पार कराएगा जब वह अपने हाथों से उनके चरण धो लेगा। उसने कहा कि यह उसका डर नहीं, बल्कि भक्ति है। वह भगवान के चरणों को धोकर अपने और अपने पूर्वजों के पापों को धोना चाहता था।

मंदिर में पंडित पंकज दिवेद्वी ने पूजन और फिर किया दुर्गा सप्तशती का पाठ

बागपत। मां कूष्मांडा के शरीर की आखा सूर्य के समान है। दसों दिशाएं कूष्मांडा के प्रकाश से प्रकाशमान होती हैं। कूष्मांडा आठ खुजाएं है, सात खुजाओं में कमंडल, धनुष, बाण, कमल पुष्प, अमृत कलश, चक्र और गदा जबकि आठवीं खुजा में जपमाला है। माता कूष्मांडा साधक को सखी सिद्धियों और निधियों को देने वाली है। इनका वाहन शक्ति और साहस का प्रतीक सिंह है। ज्योतिषाचार्य पंडित राजकुमार शास्त्री ने बताया कि माता कूष्मांडा का पूजन करने से साधक का मन निर्मल होता है और उसे ख्राक्ति मार्ग पर बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। माता कूष्माण्डा अपने खाक्तों पर सहज की प्रसन्न हो जाती हैं। इनका पूजन करने से साधक को सांसारिक और आध्यात्मिक उन्नति का वरदान मिलता है। माता साधक को रोग, शोक से मुक्त कर आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। माता के इस स्वरूप का विधि-विधान से पूजन करने से ज्ञान, कौशल और बुद्धि की वृद्धि के साथ रुके हुए कार्य सिद्ध होते हैं। शुक्रवार को जानकीदास मंदिर में पंडित पंकज दिवेद्वी ने पूजन और फिर दुर्गा सप्तशती का पाठ किया।

वंश आत्महत्या के मामले में दोषियों पर हो कठोर कार्रवाई: प्रताप गुर्जर

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। वंश पवार आत्महत्या मामले में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। भाकियू कार्यकर्ता एसपी कार्यालय पहुंचे, जहां एसपी सूरज राय ने उन्हें निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बली निवासी नरेंद्र पवार के पुत्र वंश पवार 13 सितंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गए थे। वंश पवार आत्महत्या मामले में एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है और अन्य शामिल लोगों की तलाश जारी है।

भाकियू के जिलाध्यक्ष प्रताप गुर्जर के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसपी सूरज राय से मुलाकात कर मामले में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने बताया कि वंश पवार आत्महत्या मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पूरे मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और जो भी नाम सामने आएंगे, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रताप सिंह गुर्जर, प्रदीप धामा, हिम्मत सिंह, आशू ठाकुर, इंद्रपाल, जितेंद्र कुमार, देवकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

छात्राओं को स्वस्थ और ज़िम्मेदार नागरिक बनाना हमारी प्राथमिकता

शाह टाइम्स संवाददाता

छपरौली। शुक्रवार को श्रीशांति सागर दिगम्बर जैन कन्या इंटर कॉलेज में व्यक्तिगत स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत चांदनी जैन द्वारा स्कूल परिसर में छात्राओं के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। चांदनी जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि स्वच्छता कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के प्रति शिक्षित और संवेदनशील बनाना है। अभियान के दौरान, चांदनी जैन द्वारा छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के बुनियादी पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विशेष रूप से हाथ धोने की सही तकनीक, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन और दांतों व नाखूनों की देखभाल के

महत्व पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम में एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया, जहाँ छात्राओं ने खुले तौर पर अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। छात्राओं को यह भी बताया गया कि किस प्रकार व्यक्तिगत स्वच्छता का सीधा संबंध बीमारियों की रोकथाम, बेहतर एकाग्रता और आत्म-सम्मान में वृद्धि से है। हमारा मानना है कि शिक्षा केवल अकाद. मिक नहीं होती। छात्राओं को स्वस्थ और ज़िम्मेदार नागरिक बनाना हमारी प्राथमिकता है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बछरायूं जनपद-अमरोहा

पत्रांक: 3278/ई-निविदा निर्माण कार्य/2023-24 दिनांक: 25.09.2025

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, बछरायूं में शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, बछरायूं द्वारा निम्न कार्य राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से किये जाने हेतु पुन: ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अपनी-अपनी ऑन लाइन निविदायें दिनांक 27 सितम्बर 2025 को दोपहर 12:00 बजे से दिनांक 09 अक्टूबर 2025 को सांय 5:00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर डाल सकते हैं जो कि दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को 11:00 बजे गठित समिति तथा इच्छुक निविदादाताओं की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद, बछरायूं के कार्यालय/कार्यालय अपर जिलाधिकारी महोदय अमरोहा में खोली जायेगी। ई-निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जो कि वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

E-bid reference No.	3278/NPP B/2025
Publish date and time	27 Sep. 2025 12:00 Hrs
Last date and time for submission of E-Bids	09 Oct. 2025 17:00 Hrs
Date and time of opening of Online E-Bids	10 Oct. 2025 11:00 Hrs
Date and time of opening Financial Bids	After approval of Technical Bid
Place of opening of E-Bids	Executive officer, NPP Bachhraon

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बछरायूं
अमरोहा

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बछरायूं
अमरोहा

18 साल से पाक को फाइनल नहीं हरा पाया भारत

● अब तक 12 बार खिताबी मुकाबले में भिड़े दोनों देश, टीम इंडिया चार बार ही जीत पाई

नई दिल्ली, वार्ता। पाकिस्तान ने एशिया कप 2025 में बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बना ली। भारत ने बुधवार को ही खिताबी मुकाबले के लिए क्वालिफाई कर लिया था। दोनों टीमें अब 28 सितम्बर को दुबई में पहली बार एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने होंगी।

ग्रुप और सुपर-4 राउंड में दोनों बार टीम इंडिया ने बाजी मारी थी। भारत और पाकिस्तान के बीच इंटरनेशनल क्रिकेट में 13वीं बार किसी टूर्नामेंट या ट्राई सीरीज का फाइनल होगा। इससे पहले हुए 12 मुकाबलों में 8 बार पाकिस्तान और महज 4 बार भारत को जीत मिली। 2017 के आईसीसी चैंपियंस ट्राफी फाइनल में दोनों टीमें आखिरी बार खिताब के लिए भिड़ी थीं, तब भी पाकिस्तान ने ही बाजी मारी थी। भारत को आखिरी जीत 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप में मिली थी। वनडे में 11 फाइनल हुए, 8 पाकिस्तान जीता भारत और पाकिस्तान के बीच पहली बार किसी भी टूर्नामेंट का फाइनल 1985 में हुआ था। यह खिताबी मुकाबला वर्ल्ड चौंपियनशिप आफ क्रिकेट का था। इसे भारत ने 8 विकेट से जीता था। इसे मिलाकर दोनों टीमों ने वनडे फार्मेट के अलग-अलग टूर्नामेंट में 11 फाइनल खेले, 8 में पाकिस्तान और महज 3 में भारत को जीत मिली। मौजूदा एशिया कप टी-20 फार्मेट में खेला जा रहा है। इस फार्मेट में दोनों टीमें दूसरी बार ही एक-दूसरे के खिलाफ खिताबी मुकाबला खेलेंगी। इकलौती बार दोनों टीमें 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भिड़ीं थीं। तब एमएस धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने 5 रन से खिताबी मुकाबला जीतकर पहले वर्ल्ड कप की ट्राफी अपने नाम की थी। 12 फाइनल में क्या-क्या हुआ। फाइनल-1रू भारत ने वर्ल्ड चौंपियनशिप जीती 10 मार्च 1985 को पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच किसी टूर्नामेंट का फाइनल हुआ। वर्ल्ड चौंपियनशिप आफ क्रिकेट का यह फाइनल मेलबर्न के डब्ल्स स्टेडियम में खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए पाकिस्तान 176 रन ही बना सका। जवाब में भारत से कृष्णमचारी श्रीकांत और रवि शास्त्री ने फिफ्टी लगाकर टीम को 47.1 ओवर में 8 विकेट से जीते दिला दी। टूर्नामेंट में 7 टीमों ने हिस्सा लिया था। भारत ने पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज में भी 6 विकेट के अंतर से हराया था। भारत ने अजेय रहते हुए खिताब पर कब्जा किया। ग्रुप स्टेज में टीम ने आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को हराया। वहीं सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को मात दी। रवि शास्त्री प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे। फाइनल-2रू मियांदाद का आखिरी गेंद पर विनिंग सिक्स 18 अप्रैल 1986 को शारजाह में भारत और पाकिस्तान के बीच आस्ट्रल-एशिया कप का फाइनल खेला गया। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट खोकर 245 रन बनाए। श्रीकांत, गावस्कर और वेंगसरकर ने फिफ्टी लगाई। पाकिस्तान ने 49.5 ओवर तक 9 विकेट खोकर 242 रन बना लिए। आखिरी गेंद पर 4 रन चाहिए थे। मियांदाद ने चेतन शर्मा की गेंद पर छक्का लगाया और पाकिस्तान को फाइनल जिता दिया। उन्होंने 116 रन बनाए, इसके लिए उन्हें प्लेयर आफ द मैच का अवार्ड भी मिला। न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया और श्रीलंका ने भी टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। भारत ने श्रीलंका और पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल हराया था। गावस्कर प्लेयर आफ द सीरीज रहे। फाइनल-3रू विल्स ट्राफी में आकिब जावेद को 7 विकेट 25 अक्टूबर 1991 को विल्स ट्राफी के फाइनल में दोनों टीमें भिड़ीं। पाकिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 262 रन बना दिए। जाहिद फजल ने 98 और सलीम मलिक ने 87 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया 190 रन बनाकर सिमट गई। पाकिस्तान से तेज गेंदबाज आकिब जावेद ने महज 37 रन देकर 7 विकेट लिए। विल्स ट्राफी ट्राई सीरीज थी। जिसमें वेस्टइंडीज ने भी हिस्सा लिया था। ग्रुप स्टेज में भारत-पाक के बीच 2 मैच हुए। पहला मैच भारत ने 60 रन से जीता, वहीं दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान ने 4 रन से जीत दर्ज की।

फाइनल से पहले ध्यान केंद्रित रखे पाक: माइक हेसन

दुबई, वार्ता। पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन ने अपने खिलाड़ियों से टूर्नामेंट के फाइनल में भारत का सामना करने की तैयारी करते हुए, ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रहने और सिफ क्रिकेट पर ध्यान कें. द्रित करने का आग्रह किया है। दोनों चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमें इस प्रतियोगिता में तीसरी बार आमने-सामने होंगी, और अब तक ज्यादातर चर्चा क्रिकेट के बजाय मैदान के बाहर के मुद्दों और मैदान के हाव-भाव पर ही केंद्रित रही है। हेसन ने कहा कि देखिए, खिलाड़ियों को मेरा संद. ेश सिफ क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने का है और हम निश्चित रूप से ऐसा करेंगे।

संक्षिप्त खेल समाचार

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को मिला 'टाइगर' का समर्थन

नई दिल्ली। जैसे-जैसे आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 भारत नजदीक आ रहा है, जियोस्टार का 'जसी वही, जज़्बा वही' अभियान देश भर के प्रशंसकों को एकजुट और उत्साहित कर रहा है। बॉलीवुड सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ, भारतीय महिला टीम का समर्थन करने वाले नवीनतम सेलिब्रिटी हैं, क्योंकि वे अपने पहले आईसीसी खिताब के लिए प्रयासरत हैं। यह अभियान 30 सितम्बर को गुवाहाटी में हरमनप्रीत कौर एंड कंपनी की श्रीलंका के साथ भिड़ंत से शुरू होगा। भारत का समर्थन करने के महत्व पर, टाइगर श्रॉफ ने कहा कि हर बार जब टीम इंडिया यह जसी पहनकर मैदान पर उतरेगी, मैं हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा। इस बार, हमारी महिलाएं ही हैं जो विश्व कप जीतकर इतिहास रचने के लिए तैयार हैं। मेरे लिए, चाहे पुरुष टीम हो या महिला टीम, कोई फर्क नहीं है, हमेशा भारत खेलता है और हमेशा भारत जीतता है। जब जसी एक जैसी होगी, तो जुनून भी हमेशा एक जैसा ही रहेगा। एक जसी, एक जुनून, एक भारत। आइए, उसी ऊर्जा के साथ अपनी नीली महिलाओं का समर्थन करें, क्योंकि यह देश को गौरवान्वित करने का उनका क्षण है।

भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर किया क्लीन स्वीप

ब्रिसबेन, वार्ता। वेदांत त्रिवेदी (86) और राहुल कुमार (62) की अर्धशतकीय पारियों के बाद खिलन पटेल (चार विकेट) और उद्धव मोहन (तीन विकेट) की घातक गेंदबा. जी की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने शुक्रवार को तीसरे एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया को 167 रनों से करारी शिकस्त दी।

हमारा सारा ध्यान क्रिकेट पर है: हरमनप्रीत

बेंगलुरु, वार्ता। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पुरुष एशिया कप को लेकर हो रहे शोर-शराबे को दरकिनार करते हुए कहा है कि हम यहां केवल क्रिकेट खेलने आए और हमारा सारा ध्यान क्रिकेट पर ही रहेगा।

इस महीने की शुरुआत में आयोजित हुए एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के मैच में खिलाड़ियों के हाथ ना मिलाने और उसके लेकर हुई राजनीति और बयानबाजी को लेकर पाकिस्तान के साथ मुकाबले को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में हरमनप्रीत ने कहा कि हम केवल मैदान पर होने वाली घटनाओं को नियंत्रित कर सकते हैं। अन्य मामले हमारे हाथ से बाहर हैं। ड्रेसिंग रूम में, हम इन बातों पर चर्चा भी नहीं करते। हम यहां केवल क्रिकेट खेलने के लिए हैं, और हमारा ध्यान क्रिकेट पर ही रहेगा। हरमनप्रीत ने आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 से पहले कैप्टन्स डे पर संवाददाताओं से कहा कि फिलहाल, हमारा ध्यान शुरुआती मैच पर है, क्योंकि यही टूर्नामेंट की दिशा तय करता है। सभी मैच समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। हम मैदान के बाहर होने वाली किसी भी चीज पर ध्यान नहीं देंगे। यह सिफ इरादे का बयान नहीं था, बल्कि एक ऐसी खिलाड़ी के निजी सफर का प्रतिबिंब था।

हारिस रऊफ पर गिरी आईसीसी की गाज

● अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने लगाया 30 प्रतिशत जुर्माना, फरहान को भी मिली सख्त चेतावनी

दुबई, वार्ता। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान की शिकायत पर शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सुनवाई की।

एक एजेंसी ने टूर्नामेंट सूत्रों के हवाले से बताया कि दोनों को भारत के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ गतिविधियों के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच 21 सितम्बर को खेले गए मैच के दौरान माहौल गर्म हो गया था। दरअसल, लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने भारत को तेज शुरुआती दिलाई थी, इससे उत्साहित भारतीय फैंस लगातार कोहली-कोहली का नारा लगा रहा थे। बाउंड्री पर उस वक्त रऊफ खड़े थे और उन्होंने आपत्तिजनक इशारे किए। इतना ही नहीं, मैच के दौरान भारतीय खिलाड़ियों की पाकिस्तान के खिलाड़ियों से बहस भी हुई थी। पावरप्ले के दौरान भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों में बहस हुई जिससे मैदान पर माहौल गर्म हो गया। दरअसल, शाहीन अफरीदी भारत की पारी का चौथा ओवर डालने आए और गिल ने उन पर दो चौके लगाए।

इसके बाद शाहीन और गिल के बीच कुछ बहस हुई जिसके बाद गिल ने शाहीन को जाने का इशारा किया। इसके बाद अगला ओवर डालने हारिस रऊफ आए। गिल ने फिर आखिरी गेंद पर चौका जड़ा जिसके बाद अभिषेक और रऊफ के बीच तीखी बहस होने लगी। मामला बढ़ता देख अंपायर गाजी सोहेल ने बीच बचाव किया और दोनों को अलग किया। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने भारत के खिलाफ अर्धशतक लगाने के बाद बल्ले को बंदूक की तरह पकड़ा और फायरिंग जैसा इशारा कर जश्न मनाया था। साहिबजादा की इस हरकत की खूब आलोचना की गई थी, बीसीसीआई ने इसे लेकर आईसीसी से शिकायत कर दी। आईसीसी ने इस मामले पर शुक्रवार को सुनवाई की। पीटीआई के मुताबिक, रऊफ पर उनकी अभद्र भाषा और आक्रामक इशारों के लिए जुर्माना लगाया जा सकता है। वहीं, पाकिस्तान के साहिब. ाजादा फरहान ने अपने 'गनफायर सेलिब्रेशन' के लिए खुद को आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी नहीं माने जाने का अनुरोध किया है।

जोनाथन ने शानदार अंदाज में जीता स्वर्ण

● जोनाथन ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में खिताब अपने नाम किया रश्मिका को मिला रजत

नई दिल्ली, वार्ता। भारत के 16 वर्षीय जोनाथन गेविन एंटनी ने डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में जारी आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन नई दिल्ली 2025 के दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। युवा भारतीय ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में खिताब अपने नाम किया।

एंटनी, जिन्होंने क्वालिफिकेशन में 586-19ग के स्कोर से शीर्ष स्थान हासिल किया था, ने फाइनल में भी अपना दमखम बरकरार रखते हुए 24 में से 21 शॉट 10 में मारे और 8.5 अंकों के बड़े अंतर से स्वर्ण जीता। इटली के लुका अरिषी ने 236-3 (572-21ग) अंकों के साथ रजत जीता, जबकि स्पेन के लुकास सांचेज टोमे ने 215-1 (573-11ग) अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। फाइनल में टूर्नामेंट का पहला शूट-ऑफ भी देखने को मिला, जहां ईरान के होसैन गोहारी ने इटली के गेब्रिएले आल्डो विलानी को 156-8 के स्कोर पर बराबरी के बाद पछाड़ दिया और छठा स्थान पाया। गोहारी आगे चलकर 174-8 (572-12ग) के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इंडिविजुअल न्यूट्रल एथलीट्स व्लादिस्लाव मकारोव (194-3) और इगोर टुपिस्यम (134-9) क्रमशः चौथे और सातवें स्थान पर रहे। भारत के चिराग शर्मा, जिन्होंने 578-15ग के स्कोर से क्वालिफिकेशन में दूसरा स्थान हासिल किया था, फाइनल में 115-6 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहे। जूनियर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में इंडिविजुअल न्यूट्रल एथलीट एवलिना शीना ने संयमित प्रदर्शन करते हुए शुरू से अंत तक बढ़त बनाए रखी और 240-9 अंकों के साथ स्वर्ण जीता। भारत की रश्मिका सहगल, जिन्होंने 573-17ग के स्कोर से पांचवें स्थान पर क्वालिफाई किया था, ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन वह एवलिना से 4.8 अंक पीछे रहीं और 236.1 अंकों के साथ रजत अपने नाम किया। ईरान की फातेमा शेकरी, जिन्होंने 567-14ग के साथ आठवें स्थान पर क्वालिफाई किया था, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 213.8 अंकों के साथ कांस्य जीता। अन्य भारतीय फाइनलिस्टों में, वंशिका चौधरी, जिन्होंने 576-17ग के स्कोर से क्वालिफिकेशन में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था, 18 शॉट के बाद 174.2 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहीं, जबकि मोहिनी सिंह, जिन्होंने 576-12ग के साथ दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर किया था, 153.2 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहीं।

चोटिल शमार जोसेफ भारत दौरे से बाहर, योहान लेन को मौका

नई दिल्ली, वार्ता। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ चोट की वजह से अगले महीने भारत के खलिाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह अनकैप्ड तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर योहान लेन को टीम में शामिल किया गया है।

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने ट्वीट कर पुष्टि की है कि जोसेफ सीरीज से बाहर हो गए हैं और बांग्लादेश के दौरे से पहले उनकी चोट का दोबारा आकलन किया जाएगा। हालांकि चोट की प्रकृति का खुलासा नहीं किया गया है। भारत में 14 अक्टूबर को टेस्ट सीरीज खत्म करने के बाद वेस्टइंडीज की टीम बांग्लादेश में तीन वनडे खेलेगी, जो 18 अक्टूबर से शुरू होंगे। इसके बाद 27 अक्टूबर से 1 नवंबर तक तीन टी20 भी होंगे। इसके बाद टीम न्यूजीलैंड जाएगी, जहां पांच टी20, तीन वनडे और तीन टेस्ट की ऑल-फॉर्मेट सीरीज खेलेगी। फिलहाल टीम यूएई में है, जहां 27 सितम्बर से नेपाल के खिलाफ तीन टी20 खेले जाएंगे। जोसेफ अब तक 11 टेस्ट खेल चुके हैं, जिनमें उन्होंने 21-66 की औसत से 51 विकेट लिए हैं। उन्होंने जनवरी 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खलिाफ डेब्यू पर पांच विकेट लिए थे। लेन 22 साल के हैं और उन्होंने अब तक 19 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 22-28 की औसत से 66 विकेट लिए हैं, जबकि 19-03 की औसत से 495 रन बनाए हैं। वह चार बार पंजा भी हासिल कर चुके हैं।

लेन ने हाल ही में वेस्टइंडीज ए के लिए जून में दक्षिण अफ्रीका ए के खलिाफ दो चार-दिवसीय मैच खेले थे, जहां उन्होंने चार पारियों में 62 रन बनाए थे और तीन पारियों में एक-एक विकेट लिया था। हालांकि उन्हें घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता में वेस्टइंडीज एकेडमी के लिए ज़बादा सफलता मिली। उन्होंने विंडवर्ड आइलैंड्स के खलिाफ छह विकेट लिए। कुल मिलाकर लेन ने उस टूर्नामेंट में छह मैचों में 15-88 की शानदार औसत से 27 विकेट चटकाए थे, जिसमें दो बार पांच विकेट और दो बार चार विकेट शामिल हैं।

बारिश से अंतिम दिन का खेल रद्द जमाल हुसैन ने जीता खिताब

हैदराबाद, वार्ता। बांग्लादेश के जमाल हुसैन को शुक्रवार को हैदराबाद गोल्फ एसोसिएशन (एचजीए) में भारी बारिश के कारण अंतिम राउंड रद्द होने के बाद 1 करोड़ रुपये की एनएसएल लक्स प्रेज़ेंट्स तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स 2025 का विजेता घोषित किया गया। टूर्नामेंट का परिणाम 54 होल के बाद कुल स्कोर के आधार पर घोषित किया गया क्योंकि खराब मौसम के कारण चौथे राउंड में कोई खेल संभव नहीं था। जमाल हुसैन (61-62-64), जिन्होंने 54 होल के अपने 23-अंडर 187 के स्कोर की बदौलत तीसरे राउंड के बाद चार शॉट से बढ़त बनाई, ने इस तरह अपना छठा और पिछले साल नवंबर के बाद पहला खिताब जीता। परिणामस्वरूप, ढाका के 40 वर्षीय खिलाड़ी ने 15 लाख रुपये की विजयी राशि प्राप्त की, जिससे वह 2025 पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 14वें स्थान से 10वें स्थान पर पहुंच गए। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा (62-64-65) ने तीन राउंड के बाद 19-अंडर 291 का कुल स्कोर बनाकर उपविजेता स्थान प्राप्त किया।

अक्षय ने 10 लाख रुपये का चेक प्राप्त किया और पीजीटीआई की मेरिट सूची में 34वें स्थान से 21वें स्थान पर पहुंच गए। बेंगलुरू के खलिन जोशी (65-66-66) ने 13-अंडर 197 के कुल स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने 11-अंडर 199 के कुल स्कोर के साथ छठा स्थान हासिल किया। इस प्रकार अर्जुन 69,71,599 रुपये की सीजन की कमाई के साथ पीजीटीआई रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बने रहे।

भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को 5 विकेट से हराया

● केएल राहुल ने नाबाद 176 रनों की पारी खेली, साई सुदर्शन ने भी 78 रनों की पारी खेली

लखनऊ, वार्ता। केएल राहुल ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 176 रन बनाए और भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे अनाधिकृत टेस्ट में 412 रनों का पीछा करते हुए जीत हासिल की।

यह इतिहास में किसी 'ए' टीम द्वारा किया गया सबसे बड़ा सफल पीछा है। लखनऊ में रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ए ने पहला मैच ड्रॉ रहने के बाद 1-0 से सीरीज जीत ली। राहुल को शतक जड़ने वाले साई सुदर्शन (100) ने 78 रनों की साझेदारी में अच्छा साथ दिया, जिसके बाद ध्रुव जुरेल ने तेजी से अर्धशतक बनाकर टेस्ट के चौथे दिन जीत पक्की कर दी। केएल राहुल और साई सुदर्शन की शतकीय पारियों की बदौलत भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को पांच विकेट से हरा दिया। आज यहां मैच के चौथे दिन भारत ए ने कल के दो विकेट पर 169 से आगे खेलना शुरू किया। भारत का तीसरा विकेट मानव सुथार (पांच) के रूप में गिरा। उन्होंने साई सुदर्शन के साथ चौथे विकेट के लिए 78 रन जोड़े। इसके बाद कल रिटायर हर्ट हुए केएल राहुल फिर से बल्लेबाजी के लिए उतरे और अपना शतक पूरा किया। साई सुदर्शन ने 172 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (100) रन बनाए। उन्हें कोरी रॉकीचॉली ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान ध्रुव जुरेल ने केएल राहुल के साथ पांचवें विकेट के लिए 115 रन जोड़कर अपनी टीम को जीत की ओर अग्रसर किया।

भारत ए ने 93.3 ओवरों में पांच विकेट पर 413 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। केएल राहुल ने 210 गेंदों में 16 चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 176 रनों की मैच विजयी पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया ए के लिए टॉड मर्फी ने तीन विकेट लिए। कोरी रॉकीचॉली को दो विकेट मिले। ऑस्ट्रेलिया ए ने पहली पारी में 420 रन का स्कोर बनाया जिसके जवाब में भारत ए टीम पहली पारी में 194 रनों पर सिमट गई थी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 185 के स्कोर पर सिमट गई और भारत को जीत के लिए 412 रनों का लक्ष्य दिया था।

नेपाल को 3-0 से हराकर भारत सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के फाइनल में

कोलंबो, वार्ता। भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ने नेपाल को 3-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में जगह पक्की कर ली। गुरुवार रात रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में हुए सेमीफाइनल में गत चैंपियन ने आखिरकार अपने दबदबे को गोल में बदल दिया, जिससे अब खिताबी मुकाबले में उसका बांग्लादेश से सामना होगा, जिसने पहले पाकिस्तान को 2-0 से हराया था।

वांगखेराकपम गुनलेइबा (61वें मिनट) और स्थानापप्न अजलान शाह खान (80वें मिनट) और डायमंड सिंह थोकचोम (90वें मिनट) ने गोल किए और ब्लू कोल्ट्स ने टूर्नामेंट में अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की। हाफ-टाइम तक स्कोरलाइन गोलरहित रही। भारत को पहला असली मौका बॉक्स में मची अफरा-तफरी के बीच मिला जब वांगखेराकपम गुनलेइबा ने गोल की ओर शॉट मारा, लेकिन नेपाल के डिफेंडर के तेज ब्लॉक ने उसे नाकाम कर दिया। इस मौके ने भारतीय खेमे में और भी तेज़ी ला दी। कुछ ही पल बाद, मोहम्मद ऐमान ने बाईं ओर से एक शानदार क्रॉस दिया जो डल्लालमुआॅन गंगटे के पास गया, लेकिन आमतौर पर भरोसेमंद फॉरवर्ड गोल नहीं कर पाए। रक्षात्मक रूप से, भारत पूरी तरह से अडिग था। मिडफील्ड ने अनुशासन के साथ जगह बनाई, जबकि बैकलाइन ने पासिंग चैनल बंद कर दिए, जिससे नेपाल के पास लंबी दूरी के प्रयासों के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। प्रतिस थापा मगर के ऐसे ही एक प्रयास, बॉक्स के किनारे से एक शक्तिशाली ड्राइव, ने गोलकीपर मानशज्योति बरुआ को पूरी ताकत से बचाव करने पर मजबूर कर दिया।

हड़बड़ाहट में ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बेहद हड़बड़ी में दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका जैसे शक्तिशाली राष्ट्रपति के लिए इस तरह का आचरण बिल्कुल शोभा नहीं देता। एक तरफ भारत व अमेरिका के अधिकारी व्यापारिक डील को लेकर व्यस्त हैं, तो वहीं दूसरी तरफ इस वार्ता का नतीजा आए बिना ही डोनाल्ड ट्रम्प इस तरह की घोषणा कर देते हैं जो रिश्तों को और उलझा देती है। इस समय भारतीय प्रतिनिधिमंडल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गया हुआ है। जहां उसने 22 से 24 सितम्बर तक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और भारत के लिए नामिक अमेरिकी राजदूत सर्जियो के साथ बैठक की। बैठक के बाद दोनों ही पक्षों ने माना है कि समझौते के विभिन्न पहलुओं पर रचनात्मक बैठक हुई। इस बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रांडेड या पेटेंट दवाई पर सौ फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। इतना ही नहीं यह टैरिफ एक अक्टूबर से लागू होने की बात भी कही है। हालांकि यह टैक्स उन कंपनियों पर लागू नहीं होगा जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। जैनरिक दवाओं को अभी इस टैरिफ से बाहर रखा गया है। हालांकि ऐसी आशंका जताई जा रही है कि अगला निशाना जैनरिक दवाइयां भी हो सकती हैं जैसाकि जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट वीके विजय कुमार ने कहा भी है कि भारत जो जैनरिक दवाओं का एक्सपोर्टर है, उसे इससे ज्यादा असर नहीं होगा, लेकिन हो सकता है कि राष्ट्रपति का अगला निशाना जैनरिक दवाएं हों। जैनरिक दवाइयां अमेरिका को एक्सपोर्ट करने वाला भारत सबसे बड़ा देश है। 2024 की ही बात करें तो भारत ने अमेरिका को लगभग 8.73 अरब डॉलर की जैनरिक दवाइयां भेजी। जो भारत के कुल दवा एक्सपोर्ट का 31 फीसदी है। अमेरिका पहले से ही रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर 50 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगा चुका है। यहां यह भी याद दिलाना जरूरी है कि 16 सितम्बर को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय का एक दल भारत आया था और उसकी नई दिल्ली में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई थी, उस समय भी यह कहा गया था कि बातचीत बेहद सकारात्मक रही है। तो जब दोनों ही पक्षों के अधिकारी बातचीत को सकारात्मक बता रहे हैं, तो ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति के इस फैसले को समझना बेहद मुश्किल हो जाता है कि आखिर वह क्या चाहते हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समय-समय पर वह प्रशंसा करते दिखाई देते हैं, उन्हें अपना मित्र बताते हैं तो वहीं दूसरी तरफ वह भारत के साथ इस तरह के निर्णय लेने में देर नहीं लगाते जिससे भारत की स्थिति असहज हो जाती है। जाहिर है इस तरह के वातावरण में भारत को बेहद सतर्कता के साथ अमेरिका से ट्रेड के मामले में आगे बढ़ने की जरूरत है।

भाजपा का दूसरा नाम पेपर चोर

आज भाजपा का दूसरा नाम पेपर चोर है, देशभर में बार-बार होने वाले पेपर लीक ने करोड़ों मेहनती युवाओं की जिंदगी और सपनों को तबाह कर दिया गया है, उत्तराखंड का पेपर लीक कांड इसका ताजा उदाहरण है, लाखों युवाओं ने दिन-रात मेहनत की, लेकिन भाजपा ने चोरी से उनकी पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया, हम लगातार मांग कर रहे हैं कि पेपर लीक रोकने के लिए मजबूत और पारदर्शी सिस्टम बनाया जाए, लेकिन मोदी सरकार इस पर आंखें मूंदकर बैठी है क्योंकि उन्हें युवाओं की बेरोजगारी की नहीं, बल्कि अपनी सत्ता की चिंता है, बेरोजगारी आज देश की सबसे बड़ी समस्या है और यह सीधे तौर पर वोट चोरी से जुड़ी है. पेपर चोरों को पता है कि अगर युवाओं को रोजगार नहीं भी मिलेगा, तो भी वे चुनाव में वोट चोरी करके सत्ता में बने रहेंगे।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

प्रकृति, संस्कृति और समाज को जोड़ता सतत पर्यटन

पर्यटन केवल मनोरंजन, सैर-सपाटे या विश्राम का माध्यम नहीं है बल्कि यह मानव सभ्यता के विकास में निरंतर योगदान देने वाला एक ऐसा वैश्विक उद्योग है, जिसने संस्कृतियों को जोड़ा, विविधताओं को समझने का अवसर दिया और आर्थिक समृद्धि के साथ सामाजिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया। विश्व पर्यटन दिवस 2025 का विषय 'पर्यटन और सतत परिवर्तन' इसीलिए अत्यंत प्रासंगिक है क्योंकि यह न केवल पर्यटन उद्योग के महत्व को रेखांकित करता है बल्कि यह भी दर्शाता है कि पर्यटन किस प्रकार दुनिया में सकारात्मक बदलाव का वाहक बन सकता है। 'संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन' द्वारा प्रतिवर्ष 27 सितम्बर को मनाया जाने वाला यह दिवस विश्व समुदाय को पर्यटन के बहुआयामी महत्व और इसके दूरगामी प्रभावों पर पुनर्विचार करने का अवसर प्रदान करता है।

पर्यटन का दुनिया की अर्थव्यवस्था में स्थान असाधारण है। वैश्विक स्तर पर यह उद्योग प्रतिवर्ष अरबों डॉलर का राजस्व उत्पन्न करता है और करोड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्टों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर प्रत्येक दस में से एक नौकरी पर्यटन से जुड़ी है। विकसित देशों के साथ-साथ विकासशील राष्ट्रों की अर्थव्यवस्था में भी यह एक प्रमुख आधार स्तंभ के रूप में कार्य करता है। भारत की बात करें तो यह क्षेत्र देश की जीडीपी में लगभग 10 प्रतिशत योगदान देता है और सीधे या अपरोक्ष रूप से पांच करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। विश्व पर्यटन दिवस का महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता है क्योंकि यह हमें केवल आर्थिक आंकड़ों की चमक पर नहीं बल्कि उन सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों पर भी ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करता है, जिन्हें पर्यटन उद्योग के सतत विकास के लिए प्राथमिकता देना आवश्यक है।

पर्यटन सामाजिक समानता और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है। जब एक यात्री किसी दूसरे देश, राज्य या संस्कृति से जुड़ता है तो यह केवल यात्रा नहीं होती बल्कि यह संवाद, सहअस्तित्व और समझदारी का अवसर बनती है। एक ओर यह यात्रियों को नए अनुभव और दृष्टिकोण प्रदान करता है तो दूसरी ओर स्थानीय समुदायों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली को साझा करने का अवसर देता है। यही कारण है कि पर्यटन सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और पारंपरिक कलाओं, शिल्प और रीति-रिवाजों को पुनर्जीवित करने में मदद करता है। कई बार जो कला या परंपरा लुप्त होने के कगार पर होती है, वह पर्यटन के कारण नए जीवन का संचार प्राप्त करती है। विश्व पर्यटन दिवस 2025 का केंद्रीय विचार पर्यटन की परिवर्तनकारी शक्ति है और यह परिवर्तन तभी संभव है, जब पर्यटन विकास के केंद्र में स्थिरता, लचीलापन और सामाजिक समानता को रखा जाए। आधुनिक समय में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियां पर्यटन के समक्ष सबसे बड़ी बाधाएं बनकर उभरी हैं।

पर्यटन का अत्यधिक और अनियंत्रित विकास कई बार प्राकृतिक पारिस्थितिक संतुलन को बिगाड़ देता है। पर्वतीय क्षेत्रों में अत्यधिक पर्यटकों का दबाव ग्लेशियरों और प्राकृतिक संसाधनों पर प्रतिकूल असर डालता है, समुद्र तटों पर अनियंत्रित पर्यटन समुद्री जीवन को खतरे में डालता है और ऐतिहासिक धरोहरों पर भीड़भाड़ से उनका संरक्षण कठिन हो जाता है। यही कारण है कि 'सतत पर्यटन' की अवधारणा आज सर्वाधिक चर्चा में है। सतत पर्यटन का अर्थ है ऐसा पर्यटन, जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग हो, स्थानीय समुदायों को अधिकतम लाभ मिले और भविष्य की पीढ़ियों के लिए पर्यावरण सुरक्षित रहे। इस दिशा में अनेक देशों ने उल्लेखनीय पहल की है। उदाहरणस्वरूप, भूटान ने पर्यटन पर 'हाई वैल्यू, लो वॉल्यूम' नीति अपनाई है, जिसके अंतर्गत वह पर्यटकों की संख्या सीमित रखते हुए गुणवत्तापूर्ण अनुभव प्रदान करता है ताकि पर्यावरणीय और सांस्कृतिक संतुलन बना रहे। इसी प्रकार यूरोप के कई देशों ने 'ग्रीन टूरिज्म' मॉडल को अपनाकर पर्यावरणीय जिम्मेदारी को प्राथमिकता दी है। भारत में भी सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें इको-टूरिज्म, ग्रामीण पर्यटन और आध्यात्मिक पर्यटन को विशेष महत्व दिया जा रहा है। पर्यटन का महत्व शिक्षा और कौशल विकास के संदर्भ में भी कम नहीं है। यह न केवल यात्रियों को नई संस्कृतियों और भौगोलिक क्षेत्रों से परिचित कराता है बल्कि

युवाओं को आतिथ्य, प्रबंधन, संचार और सांस्कृतिक समझ जैसे कौशल सीखने के अवसर भी देता है। भारत जैसे देश, जहां युवाओं की जनसंख्या बड़ी संख्या में है, पर्यटन क्षेत्र के माध्यम से विशाल रोजगार और उद्यमिता के अवसर प्रदान कर सकते हैं। छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में होम-स्टे, स्थानीय गाइड सेवा, पारंपरिक व्यंजन और हस्तशिल्प आधारित पर्यटन न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बना सकते हैं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। पर्यटन का एक और महत्वपूर्ण पक्ष शांति और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना है। जब विभिन्न देशों के लोग एक-दूसरे से जुड़ते हैं तो यह न केवल सांस्कृतिक समझ को बढ़ाता है बल्कि आपसी विश्वास और सहयोग की नींव भी रखता है। संयुक्त राष्ट्र ने भी पर्यटन को 'शांति का दूत' कहा है। इतिहास गवाह है कि जब भी देशों के बीच पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ा है, आपसी संबंध मजबूत हुए हैं। इसीलिए पर्यटन को केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं बल्कि वैश्विक शांति और सहयोग की दिशा में एक प्रभावी उपकरण के रूप में देखा जाना चाहिए।

डिजिटल तकनीक ने पर्यटन उद्योग में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। ऑनलाइन बुकिंग, वर्चुअल टूर, एआई आधारित ट्रैवल गाइड और स्मार्ट पर्यटन समाधान ने यात्रियों के अनुभव को न केवल सरल बनाया है बल्कि अधिक सुलभ और सुरक्षित भी बनाया है। हालांकि तकनीक के उपयोग के साथ-साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी है। यात्रियों को अपने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने, स्थानीय संस्कृति का सम्मान करने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। केवल सरकार या उद्योग नहीं बल्कि प्रत्एक यात्री को भी यह समझना होगा कि उसकी छोटी-सी आदतें पर्यटन को सतत और परिवर्तनकारी बनाने में योगदान कर सकती हैं। भारत जैसे विविधताओं से भरे देश के लिए यह अवसर और चुनौती दोनों है।

यहां हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं से लेकर केरल की बैकवाटर्स, राजस्थान के रेगिस्तान से लेकर पूर्वोत्तर की हरियाली, वाराणसी के घाटों से लेकर कश्मीर की वादियों तक असीमित संभावनाएं हैं लेकिन इन संभावनाओं के साथ जिम्मेदारियों का बोझ भी जुड़ा हुआ है। अगर पर्यटन को अनियंत्रित और असंतुलित तरीके से बढ़ने दिया गया तो यह न केवल प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचाएगा बल्कि स्थानीय समुदायों और सांस्कृतिक विरासत को भी प्रभावित करेगा। इसलिए पर्यटन विकास की हर नीति में स्थिरता और समावेशिता को प्राथमिकता देनी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नमकीन स्राव से पनपता रेगिस्तानी पौधा

व्यापक शोध के बाद अल-हंदावी और उनकी टीम ने पाया कि दिन के समय में उत्सर्जन से बने नमक के रवे रात में पानी सोख कर फूल जाते हैं। टीम द्वारा की गई जांच से साबित हुआ कि जल संचयन में लवणों का प्राथमिक योगदान है, क्योंकि विशिष्ट परिस्थितियों में प्राकृतिक रूप से रवेदार परत वाली शाखाएं धुली हुई शाखाओं की तुलना में काफी अधिक पानी एकत्र करती है। यहां तक कि 50 प्रतिशत से कम आर्द्रता पर भी रवों पर ओस बन सकती है। एथल टमारिस्क की विशिष्टता इसके द्वारा उत्सर्जित लवणों का जटिल मिश्रण है।

मध्य पूर्व के शुष्क क्षेत्र में एथल टमारिस्क Tamari aphylla नामक एक रेगिस्तानी पेड़ जिंदा रहने के लिए एक अनूठी रणनीति अपनाता है। यह पौधा झुलसाने वाली गर्मी में पानी प्राप्त करने के लिए नमकीन स्राव का फायदा उठाता है। प्रोसीडिंग्स ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित यह अध्ययन संकेत देता है कि पौधे दूभर परिस्थितियों में जीवित रहने के लिए किस तरह के रासायनिक जुगाड़ करते हैं। गौरतलब है कि लवण से समृद्ध तटीय मिट्टी में पनपने वाला यह पौधा एक लवणमृदोद्भिद (हैलोफाइट) है जो अतिरिक्त लवण को ग्रंथियों से बूंदों के रूप में स्रावित करके पत्तियों पर जमा करता है। जैसे-जैसे दिन गर्म होता है, इन चमकदार बूंदों का पानी तो वाष्पित हो जाता है जिससे पौधे पर सफेद रवों की परत जम जाती है जो अंततः तेज हवा से झड़ जाते हैं।

इस रणनीति का खुलासा तब हुआ जब अबू धाबी स्थित न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी की वैज्ञानिक मारिएह अल-हंदावी ने संयुक्त अरब अमीरात के गर्म, आर्द्र रेगिस्तानों से गुजरते समय इन रवों पर पानी को संघनित होते देखा। उनका अनुमान था कि इस प्रक्रिया में उत्सर्जित लवण-मिश्रण के रासायनिक संघटन की महत्वपूर्ण भूमिका रही होगी। व्यापक शोध के बाद अल-हंदावी और उनकी टीम ने पाया कि दिन के समय में उत्सर्जन से बने नमक के रवे रात में पानी सोख कर फूल जाते हैं। टीम द्वारा की गई जांच से साबित हुआ कि जल संचयन में लवणों का प्राथमिक योगदान है, क्योंकि विशिष्ट परिस्थितियों में प्राकृतिक रूप से रवेदार परत वाली शाखाएं धुली हुई शाखाओं की तुलना में

काफी अधिक पानी एकत्र करती है। यहां तक कि 50 प्रतिशत से कम आर्द्रता पर भी रवों पर ओस बन सकती है। एथल टमारिस्क की विशिष्टता इसके द्वारा उत्सर्जित लवणों का जटिल मिश्रण है, जिसमें सोडियम क्लोराइड, जिप्सम (कैल्शियम सल्फेट) और एक अन्य घटक-लीथियम सल्फेट-शामिल है जिसमें सोडियम क्लोराइड और जिप्सम की अपेक्षा कम आर्द्रता पर भी नमी को अवशोषित करने की क्षमता कहीं अधिक होती है। कई विशेषज्ञों के अनुसार यह अध्ययन एक नए स्तर की समझ प्रदान करता है जिससे यह पता चलता है कि कैसे रेगिस्तानी पौधे लवणों से छुटकारा भी पाते हैं और हवा से पानी संचय के लिए इनका उपयोग भी करते हैं। इन लवणों का संघटन रेगिस्तानी पौधों द्वारा विकसित जटिल रणनीतियों को उजागर करता है। शोधकर्ताओं द्वारा किया गया यह अध्ययन अन्य रेगिस्तानी पौधों में भी इस प्रकार की विशेषता का संकेत देता है। संभव है कि अपना अस्तित्व बचाने के लिए हर पौधे के पास कोई विशिष्ट गुप्त नुस्खा हो। बहरहाल, इस अध्ययन से हमें विश्व भर में पानी की कमी से निपटने के तरीके के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई है जो आगे खोज की संभावना का संकेत देती है। **-स्रोत फीचर्स**

सभी रोगों की जड़ है आपका मोटापा

चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि मोटापा आने से जीवन में पाबंदियों और परेशानियों के बढ़ जाने से जीवन की खुशियों में कमी आने लगती है और यही नहीं मोटापे से युक्त बेडौल शरीर अनेक बीमारियों को निमंत्रण देता है। यह सच ही है मोटे और थुलथुल शरीर की एक ओर तो लोग हंसी उड़ाते हैं, वहीं दूसरी ओर यह अनेक रोगों की जड़ भी होता है। मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति अन्य कई शारीरिक समस्याओं से घिर जाता है जैसे मोटापे से पीड़ित व्यक्ति के रक्त संचार में बाधा पहुंचती है। इस के साथ ही खतरा बढ़ जाता है हाई ब्लडप्रेशर, हार्ट अटैक जैसी कई अन्य जानलेवा बीमारियों का। खून की नलिकाओं में कैल्शियम व वसा की परत चढ़ जाती है, जिससे वे संकरी हो जाती हैं। इसी वजह से रक्त सामान्य रूप से नलिकाओं में नहीं बह पाता। इस प्रकार मोटे व्यक्ति के रक्त संचार में रुकावट पैदा होती है।

ज्यादा मोटापा होने पर आदमी अगर थोड़ा सा भी काम करे, तो वह हांफने लगता है अर्थात उसकी सांस फूलने लगती है, साथ ही वेरीकोस वेंस (शिराओं के अवरुद्ध होकर फूल जाना) हार्निया, श्वसन तंत्र का संक्रमण जैसी बीमारियां भी मोटे व्यक्ति को आ घेरती हैं। जिसके कारण मोटा व्यक्ति पराश्रित हो जाता है। मोटापा मधुमेह रोग के लिए खुला निमंत्रण होता है। मोटे व्यक्ति मोटापे के बुरे प्रभाव को अच्छी तरह जानते हैं इसीलिए वे भीतर से काफी डरे हुए व हीनभावना का शिकार होते हैं। दवा, गोली, व्यायाम के साथ-साथ मोटापा कम करने के लिए आपरेशन भी एक आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। इसके अन्तर्गत दो प्रकार से मोटापे को दूर किया जाता है। एक में आमाशय का आकार कम कर दिया जाता है और दूसरे में, छोटी आंत की बाईपास सर्जरी करके मोटापे को दूर किया जाता है। मोटापे की वजह कम से कम श्रम करने वाली आधुनिक जीवन शैली है, ऐसा चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं। यह ज्यादातर मध्य आयु वर्ग में शुरू होता है पर यह जरूरी नहीं कि यह मध्य आयु वर्ग में ही हो, यह किसी भी आयु वर्ग में शुरू हो सकता है।

मोटापा एक वंशानुगत रोग होता है। इसलिए जिन के परिवार में कोई भी मोटापे से भूतकाल या वर्तमान में परेशान हो तो उनको इसके लिए सावधानी बरतनी चाहिए। स्टीरोइड्स इंसुलिन और गर्भ निरोधक गोलियां आदि कुछ दवाएं भी मोटापे की वजह बन सकती हैं। कुछ बीमारियों के कारण मोटापा होता है जैसे थायरायड ग्रंथि का कम काम करना (हाइपो थायरायडिज्म), पिट्यूटरी ग्रंथि का कम काम करना, (हाइपो पिट्यूटरिज्म), कशिंग सिंड्रोम (एड्रीनल ग्रंथि का अधिक काम करना), हाइपागोने डिज्म (सेक्स ग्रंथियों का कम काम करना) इत्यादि। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि हर एक ग्राम वसा से नौ कैलोरी ऊर्जा का उत्पादन होता है और उनका कहना है कि हमें हर रोज 800-1600 कैलोरी का ही भोजन ग्रहण करना चाहिए। चिकित्सकों के अनुसार शराब पीने वालों को तो शराब का सेवन बिल्कुल कम कर देना चाहिए, क्योंकि 30 सीसी व्हिस्की में पानी मिला कर पीने से 70 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है। किसी भी व्यक्ति को कितनी ऊर्जा (कैलोरी) की आवश्यकता होती है, यह जानना हमारे लिए आवश्यक है। एक व्यस्क पुरुष को 2600 एवं व्यस्क स्त्री को 2100 कैलोरी की आवश्यकता होती है। एक आराम की जिंदगी जीने वाली स्त्री को 2000 और पुरुष को 2400 कैलोरी की जरूरत पड़ती है। मध्यमश्रमी पुरुष को 2600, अधिक परिश्रमी पुरुष को 3500 और कठोर परिश्रम करने वाले पुरुष को 4100 कैलोरी आवश्यक होती है। आप कितने मोटे हैं इसका अनुमान आप अपने वजन को देखकर लगा सकते हैं उदाहरण के लिए यदि आप की ऊंचाई 165 सेंटीमीटर है, तो 45 किलोग्राम आपके लिए कम वजन, 56.70 किलोग्राम सामान्य वजन है और यदि आप का वजन 85 किलोग्राम है, तो आप मोटे हैं और अगर आप का वजन 113 किलोग्राम है, तो आप ज्यादा मोटे हैं। अगर आप मोटे हैं, तो 0.5 से 1 किलाग्राम भार प्रतिमाह कम करने की ठान लें। इसके लिए व्यायाम करना काफी हद तक लाभप्रद होता है, क्योंकि इससे हमारी ऊर्जा की खपत होती है। कड़े परिश्रम के समय 10 किलो कैलोरी खेलकूद और साइकिल चलाते समय सात किलो कैलोरी तथा टहलते समय पांच किलो कैलोरी ऊर्जा प्रति मिनट खर्च होती है। मोटापा एक ऐसी चीज है, जिसके कारण आप दूसरों के द्वारा उपहास का केन्द्र बन सकते हैं। अतः हमें अपनी सेहत का ख्याल रखना चाहिए। खानपान की अच्छी आदतों का पालन करना चाहिए। तली हुई चीजों से परहेज करना चाहिए, क्योंकि इनसे कोलेस्ट्रोल की मात्रा बढ़ती है। रोज व्यायाम व खेलकूद से भी शरीर चुस्त दुरुस्त रहता है।

मोटापे को दूर करने के लिए कई प्रकार की दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है। आइए इनके बारे में जानें।

एंफीटामीन- इस दवा का इस्तेमाल आजकल कम होता जा रहा है, क्योंकि यह दवा दिमाग में ज्यादा उत्तेजना पैदा कर देती है और इससे भूख भी बहुत कम ही घटती है, जबकि चिकित्सक ज्यादा भूख घटाने की आशा करते हैं।

सीरोटोनीनार्जेक दवाएं- जैसे डेक्सफेन फ्लोरेमीन, फेन लोरेमीन आदि। इन दवाओं का इस्तेमाल उस स्थिति में किया जाता है, जबकि वजन बहुत तेजी से कम करना हो। जैसे हाई ब्लडप्रेशर या मधुमेह में ये दवाएं भूख घटाने की जगह व्यक्ति की तृप्ति का अहसास देती हैं।

कोलीसिस्टो कायनीन दवाइंया- इस प्रकार की दवाएं भूख को शांत करती हैं। इन सबके अलावा आंतों के (लाइपेज एंजाइम) को निष्क्रिय करने वाली दवाओं का इस्तेमाल भी किया जाता है।

वेस्ट बैंक पर इजरायल का कब्जा मंजूर नहीं: ट्रम्प

कहा: मैं इसकी इजाजत नहीं दूंगा, नेतन्याहू के अगले हफ्ते अमेरिका आने पर इस मुताल्लिक होगी बातचीत

■ इस हफ्ते फ्रांस, ब्रिटेन समेत कई देशों ने फलस्तीन को मान्यता दी है
■ इस फैसले का इजरायल ने विरोध किया था
■ ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में नेतन्याहू का यह चौथा वाशिंगटन दौरा है

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वेस्ट बैंक (फलस्तीन का हिस्सा) पर इजरायल का कब्जा मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा है कि वे कभी इसकी इजाजत नहीं देंगे। हाल ही में इजरायल के अधिकारियों ने वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों को इजरायल में मिलने की बात कही थी। इस पर ट्रम्प ने ओवल आफिस में कहा, मैं इजरायल को वेस्ट बैंक को मिलाने की परमिशन नहीं दूंगा।

ऐसा नहीं होगा। अब बहुत हो चुका है। इस हफ्ते फ्रांस, ब्रिटेन समेत कई देशों ने फलस्तीन को मान्यता दी है। इस फैसले का इजरायल ने विरोध किया था। इसके बाद वेस्ट बैंक पर कब्जे को लेकर इजरायली अधिकारियों की बयानबाजी शुरू हो गई थी। नेतन्याहू अगले हफ्ते सोमवार को अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच व्हाइट हाउस में मुलाकात होगी। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में नेतन्याहू का यह चौथा वाशिंगटन दौरा है। वेस्ट बैंक, जार्डन के पश्चिम और येरुशलम के पूरब में स्थित है। 1948 में अरब-इजरायल जंग के बाद जार्डन ने इस पर कब्जा कर लिया था। जार्डन नदी के पश्चिम में होने की वजह से तब इसका नाम वेस्ट बैंक रख दिया गया। 1967 में 6 दिनों तक चले जंग के बाद इजरायल ने इस इलाके को जार्डन से छीन लिया। तब से वेस्ट बैंक पर इजरायल का कब्जा बरकरार है। इस इलाके में 30 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। इसमें ज्यादातर फलस्तीनी हैं। इजरायल ने वेस्ट बैंक पर कब्जे के बाद कई यहूदी बस्तियां भी बसाईं। अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के मुताबिक यहां बनाई गई इजरायली बस्तियां अवैध हैं। ट्रम्प लंबे समय से नेतन्याहू के करीबी सहयोग का दावा करते रहे हैं। लेकिन उन पर अब अरब नेताओं का दबाव भी है। संयुक्त अरब अमीरात ने चेतावनी दी है कि किसी भी इजरायली कब्जे को रेड लाइन माना जाएगा।

ट्रम्प ने कहा है कि वो इजरायल को ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाने देंगे, जिससे अरब देशों के नेताओं में नाराजगी हो। 1967 के युद्ध में इजरायल ने वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पटी पर कब्जा किया था। फलस्तीनियों की मांग है कि ये तीनों क्षेत्र भविष्य में उनके राज्य का हिस्सा होने चाहिए। मानना है कि इजरायल का कब्जा टू स्टेट साल्यूशन (दो राष्ट्र समाधान) या अलग फलस्तीनी देश बनाने की संभावना को खत्म कर देगा। इजरायल की मौजूदा सरकार फलस्तीनी देश के बनने का विरोध करती है और वेस्ट बैंक के ज्यादा से ज्यादा हिस्से को अपने में मिलाना चाहती है।

बिहार। मोतीहारी में हर घर अधिकार रैली में शामिल होतीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी रैली में अपार भीड़ से गदगद नजर आईं।

UNRWA के लिए धन, राजनीतिक समर्थन का आग्रह

■ यूएनआरडब्ल्यूए को बढ़ते दबाव में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को निकट पूर्व में फलस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के लिए धन और राजनीतिक समर्थन का आग्रह किया।

गुटेरेस ने यूएनआरडब्ल्यूए के समर्थन में आयोजित मंत्रिस्तरीय बैठक में कहा कि मैं आज आपसे अपील करता हूं कि आप यूएनआरडब्ल्यूए को आवश्यक धनराशि और राजनीतिक समर्थन प्रदान करें, ताकि फिलिस्तीनियों, इजरायिलों और क्षेत्र के लिए शांति एवं स्थिरता का निर्माण किया जा सके। अपने संबोधन में, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि फलस्तीनी शरणार्थियों की कई पीढ़ियां शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए यूएनआरडब्ल्यूए पर निर्भर रही हैं। अक्टूबर 2023 से पहले, इसने पूरे क्षेत्र में पांच लाख लड़कियों और लड़कों को स्कूली शिक्षा प्रदान की। आज यह 26 लाख लोगों को आपातकालीन भोजन और नकद सहायता प्रदान करता है और इसके प्राथमिक क्लीनिकों में प्रति वर्ष 1-5 करोड़ लोग आते हैं। गुटेरेस ने कहा कि इन सबके बावजूद, यूएनआरडब्ल्यूए को अत्यधिक और बढ़ते दबाव में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, इसके कर्मचारी गाजा में मारे जा रहे हैं, इसके परिसर नष्ट हो गए हैं, और इसे बजट की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

संक्षिप्त समाचार

अवैध प्रवास को रोकने के लिए ब्रिटेन में अब डिजिटल आईडी

लंदन। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को कहा कि अवैध प्रवास को रोकने के लिए सरकार अब डिजिटल आइडी योजना को क्रियान्वित करने जा रही है। उन्होंने यहां आयोजित ग्लोबल प्रोग्रेस एक्शन सम्मेलन में अपने संबोधन में कहा कि मुझे पता है कि आप इस देश में अवैध प्रवास के स्तर को लेकर चिंतित हैं। डिजिटल आईडी यहां अवैध रूप से काम करने को और भी कठिन बनाने का एक और उपाय है, जिससे हमारी सीमाएं और भी सुरक्षित हो जाएंगी।

भारत ने आतंकवाद के प्रति अपने शून्य सहिष्णुता दृष्टिकोण को दोहराया

संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली। भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ाई में दुनिया के एकजुट होने की आवश्यकता पर बल दिया है। भारत ने 'आतंकवाद पीड़ितों के मित्र समूह' की छठी मंत्रिस्तरीय बैठक में सीमा पार आतंकवाद के संकट का उल्लेख किया और आतंकवाद के प्रति अपने शून्य सहिष्णुता वाले दृष्टिकोण को दोहराया है। सचिव 'पश्चिम राजदूत' सिबी जॉर्ज ने इस बैठक में भारत का पक्ष रखा।

मीरवाइज ने लगातार तीसरी बार नजरबंद होने का किया दावा

श्रीनगर। कश्मीर के प्रमुख मौलवी एवं हुर्रियत अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कहा कि अधिकारियों ने उन्हें फिर से नजरबंद कर दिया है, जिससे वह श्रीनगर की ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में नमाज अदा नहीं कर सकेंगे। मीरवाइज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह लगातार तीसरा शुक्रवार है जब उन्हें मस्जिद में जाने से रोका गया है। उन्होंने लिखा कि पुलिस ने अभी सूचित किया है कि आज फिर, लगातार तीसरे शुक्रवार को, मुझे घर में नजरबंद कर दिया गया है और जामा मस्जिद जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी? मीरवाइज ने आरोप लगाया कि प्रतिबंध मनमाने तरीके से और बिना किसी जवाबदेही के लगाए गए हैं।

यमन में इजरायल का बड़ा हवाई हमला

■ चार बच्चे समेत नौ की मौत, कई लोग घायल

सना। यमन की राजधानी सना में इजरायल के भयावह हवाई हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। शुक्रवार को इस बात की जानकारी यमन के हूथी विद्रोहियों ने दी। यह हमला गुरुवार को हुआ था, जो इजरायल और ईरान समर्थित हूथियों के बीच गाजा युद्ध को लेकर बढ़ते तनाव का हिस्सा है।

इससे पहले गुरुवार को हूथियों द्वारा दक्षिणी इजरायल के ईलात शहर में ड्रोन हमला किया गया था, जिसमें 22 लोग घायल हुए थे, जिसके जवाब में इजरायल ने ये हमला किया। मामले में हूथी नियंत्रित क्षेत्र की स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मरने वालों में चार बच्चे, दो महिलाएं और तीन बुजुर्ग शामिल हैं। इसके अलावा 59 बच्चे, 35 महिलाएं और 80 बुजुर्ग घायल हुए हैं। राहत कर्मी मलबे के नीचे फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं, इसलिए मौतों की संख्या बढ़ सकती है। इजरायली सेना ने कहा कि उन्होंने सना में हूथी सैन्य कमांड सेंटर, कैंप और सुरक्षा केंद्रों को निशाना बनाया। वहीं हूथी प्रवक्ता ने दावा किया कि इजरायली हमले ने आवासीय इलाकों और बिजली सुविधाओं को नुकसान पहुंचाया, लेकिन उनकी सुरक्षा प्रणालियों ने हमला रोकने में मदद की। ऐसे में अब बात अगर सना के निवासी की करें तो उन्होंने इस हमले के बारे में बताया कि एक हमले में एक भवन क्षतिग्रस्त हुआ, जहां हूथी नेता रहते थे। विस्फोट इतना जोरदार था कि आस-पास के कई घर और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। इसके साथ ही स्थानीय लोगों ने बताया कि विस्फोट के बाद पूरा इलाका धूल और काले धुएं से भर गया था।

कंबोडिया से जुड़े अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़ चार लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली साइबर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जिसके तार कंबोडिया में सक्रिय धोखेबाजों से जुड़े पाए गए हैं। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चार अत्याधुनिक मोबाइल फ़ोन बरामद किए हैं। यह गिरोह नकली ट्रेडिंग ऐप बनाकर लोगों को करोड़ों रुपये का चूना लगा रहा था। दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बुलंदशहर निवासी मनीक अग्रवाल (25), अब्दुल्ला उर्फ लूसिफर (23), मोहम्मद आमिर उर्फ रॉकी (26) और शनमियां खान के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता टी- सिंह ने बताया कि 10 जून 2025 को उन्हें '101 शून्य वेल्थ सर्किल' नामक एक व्हाट्सऐप समूह में जोड़ा गया।

शहबाज-मुनीर से मुलाकात से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहे ट्रम्प

पाकिस्तानी पीएम और आर्मी चीफ को 30 मिनट इंतजार कराया

■ व्हाइट हाउस ने फोटो-वीडियो तक जारी नहीं किया
■ बाद में दोनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक

वाशिंगटन। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने गुरुवार देर रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की। बैठक से पहले ट्रम्प ने शहबाज को करीब 30 मिनट तक इंतजार कराया। इस दौरान ट्रम्प प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहे। दरअसल पाक पीएम रात करीब 2 बजे व्हाइट हाउस पहुंचे थे। उस वक्त ट्रम्प कार्यकारी आदेशों पर साइन कर रहे थे और पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

इस दौरान शहबाज व्हाइट हाउस में ही ट्रम्प का इंतजार करते रहे। बाद में दोनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक चली। यह मुलाकात व्हाइट हाउस में बंद कमरे में हुई। इस मीटिंग से मीडिया को दूर रखा गया। व्हाइट हाउस की तरफ से ट्रम्प और शरीफ-मुनीर की बातचीत को लेकर कोई तस्वीर या वीडियो अब तक जारी नहीं की गई है। अमूमन अमेरिकी राष्ट्रपति जब किसी विदेशी नेता से मिलते हैं, तो व्हाइट हाउस आधिकारिक तस्वीरें जारी करता है। ट्रम्प और शहबाज के यह 3 दिन में दूसरी मुलाकात थी। इससे पहले दोनों नेताओं ने 23 सितम्बर को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के दौरान मुलाकात की थी। उस बैठक में कतर, तुर्की, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, मिस्र, यूएई और जार्डन के नेता भी शामिल थे। उस दौरान गाजा जंग रोकने पर बात हुई थी। शहबाज शरीफ की किसी अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ ओवल आफिस में पहली मुलाकात थी। पाकिस्तान के किसी पीएम अमेरिकी राष्ट्रपति से 6 साल बाद मुलाकात हुई है। इससे पहले जुलाई 2019 में इमरान खान और ट्रम्प के बीच बैठक हुई थी। इससे पहले शहबाज शरीफ ने 23 सितम्बर को न्यूयार्क में ट्रम्प से मुलाकात की थी। इस दौरान मुस्लिम देशों के कई नेता मौजूद थे। बैठक से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि व्हाइट हाउस में एक 'महान नेता' आ रहा है। ट्रम्प ने मीडिया से कहा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल आ रहे हैं। वे बहुत अच्छे व्यक्ति हैं और प्रधानमंत्री भी। दोनों ही (शहबाज और मुनीर) बहुत अच्छे हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि बैठक में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद थे।

छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोपी चैतन्यानंद की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े एक मामले में आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती की अग्रिम जमानत याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। अदालत ने याचिका पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया कि उन्हें अग्रिम जमानत देना उचित नहीं होगा। चैतन्यानंद पर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और यौन शोषण के भी गंभीर आरोप लगे हैं। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने जमानत का पुरजोर विरोध करते हुए अदालत को बताया कि आरोपी पिछले एक महीने से फरार है।

फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को 5 साल की जेल

92 लाख का जुर्माना भी लगा, 2007 में लीबियाई तानाशाह से पैसे लेने की साजिश रची थी

■ 70 साल के सरकोजी ने फैसले को कानून के खिलाफ बताते हुए ऊपरी कोर्ट में अपील करने का ऐलान किया

पेरिस। फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को पेरिस की एक अदालत ने गुरुवार को आपराधिक साजिश के आरोप में 5 साल जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 1 लाख यूरो (लगभग 92 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया गया और 5 साल तक कोई सरकारी पद लेने पर रोक लगा दी गई है।

यह मामला 2007 के राष्ट्रपति चुनाव में उनकी जीत के लिए लीबिया के तत्कालीन तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी की अवैध फंडिंग से जुड़ा है। हालांकि, कोर्ट ने सरकोजी को भ्रष्टाचार जैसे अन्य आरोपों से बरी कर दिया। 70 साल के सरकोजी ने फैसले को कानून के खिलाफ बताते हुए ऊपरी कोर्ट में अपील करने का ऐलान किया है। निकोलस सरकोजी 2007 से 2012 तक फ्रांस के राष्ट्रपति रहे थे। उनकी पत्नी कार्ला ब्रूनी एक फेमस सिंगर और मॉडल हैं। निकोलस सरकोजी अपनी पत्नी कार्ला ब्रूनी के साथ सुनवाई के लिए कोर्ट पहुंचे थे। अदालत ने फैसला दिया कि सरकोजी ने अपने करीबी सहयोगियों के साथ मिलकर 2007 के इलेक्शन कैंपेन के लिए लीबिया से पैसे लेने की साजिश रची थी। हालांकि, यह साबित नहीं हो सका कि ये पैसा उनके कैंपेन में इस्तेमाल हुआ, इसलिए उन्हें भ्रष्टाचार जैसे अन्य आरोपों से बरी कर दिया गया। फिर भी अदालत ने कहा कि यह साजिश गंभीर अपराध है, क्योंकि इससे लोगों का भरोसा टूटता है। सरकोजी को एक महीने के अंदर जेल जाना होगा। आधुनिक फ्रांस के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी पूर्व राष्ट्रपति को जेल जाना पड़ेगा। सरकोजी ने सभी आरोपों से इन्कार किया है। उनका कहना है कि यह मामला 'राजनीतिक साजिश' है और गद्दाफी परिवार ने बदला लेने के लिए ये आरोप लगाए हैं। सरकोजी ने कहा: अगर उन्हें जेल में सोना पड़ा, तो वे सिर ऊंचा करके सोएंगे।

भारत का परमाणु क्षमता को बढ़ाने की दिशा में सराहनीय काम: विश्व परमाणु संघ

■ चीन, भारत और अन्य एशियाई देशों में परमाणु ऊर्जा का अच्छा विकास हुआ

मास्को। विश्व परमाणु संघ की महानिदेशक समा बिलबाओ लियोन ने विश्व परमाणु सप्ताह समारोह में कहा है कि भारत अपने स्वदेशी कार्यक्रम के साथ परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में शानदार काम कर रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि चीन, भारत और अन्य एशियाई देशों में परमाणु ऊर्जा का अच्छा विकास हुआ है। लियोन ने समारोह में अंतर्राष्ट्रीय मीडिया से बात करते हुए यह भी कहा कि दुनिया भारत की क्षमता की ओर देख रही है। उल्लेखनीय है कि यह समारोह रूसी परमाणु उद्योग की 80वीं वर्षगांठ को समर्पित है। उन्होंने कहा कि कई देश आपूर्ति श्रृंखला के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। उन्होंने 2047 तक भारत के 100 गीगावाट के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के पास करने के लिए बहुत बड़ा काम है और सभी का ध्यान इसी पर है कि इसे कैसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने नीतिगत विकास पर कहा कि भारत को अपने परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में संशोधन करने की जरूरत है।

तुर्की के जवाब में भारत ने साइप्रस का मुद्दा उठाया

कहा: यूएन के मुताबिक समाधान हो, एर्दोगन ने यूएन में कश्मीर मुद्दे का किया था जिक्र

■ इस पर जायसवाल ने कहा कश्मीर मुद्दे पर हमारा स्टैंड 10 साल से पूरी तरह क्लियर है

नई दिल्ली। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को वीकली प्रेस कान्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में साइप्रस के विदेश मंत्री से बात की है। इस दौरान उन्होंने साइप्रस विवाद को यूएन नियमों के मुताबिक हल करने पर बात की। दरअसल तुर्की ने 1974 में साइप्रस के उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया था, तब से वहां विवाद की स्थिति बनी हुई है।

भारत के आज के बयान से तीन दिन पहले तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने यूएन में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। इस पर जायसवाल ने कहा कश्मीर मुद्दे पर हमारा स्टैंड 10 साल से पूरी तरह क्लियर है। जायसवाल ने नाटो प्रमुख मार्क रुटे के उस बयान को पूरी तरह खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था पीएम मोदी ने यूक्रेन वार मुद्दे पर राष्ट्रपति पुतिन से बात की है। जायसवाल ने कहा कि ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई। उन्होंने नाटो से सावधानी से बयान देने को कहा। इसके साथ यह भी कहा कि भारत अपने लोगों के लिए सस्ती बिजली और देश की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाता रहेगा। हाल ही में मार्क रुटे ने कहा था कि अमेरिका ने जो टैरिफ भारत पर लगाए हैं, उसका असर रूस पर भी पड़ रहा है।

उनके मुताबिक, टैरिफ की वजह से भारत ने रूस से उसकी यूक्रेन युद्ध रणनीति को लेकर जवाब मांगा है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी इस बारे में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात कर रहे हैं। जायसवाल ने बताया कि इस साल जनवरी से अब तक 2,417 भारतीय अमेरिका से वापस आए। ये लोग सही दस्तावेजों के बिना वहां थे। भारत चाहता है कि लोग कानूनी तरीके से विदेश जाएं। अवैध तरीके से विदेश जाने वालों को रोकने के लिए केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही है। लोगों को जागरूक करने और झूठे नौकरी के आफर से बचने की सलाह दी गई है।

लश्कर डिप्टी चीफ बोला: हिंदुस्तान व हिंदुओं का सफाया होगा

■ पहलगाम हमले के पहले का वीडियो सामने आया, भारत में इस्लामी राज लाने की धमकी दी

इस्लामाबाद। लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो भारत से हिंदुओं का सफाया करने की धमकी देता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये वीडियो 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले से पहले का है।

कसूरी इस हमले के मास्टरमाइंड में से एक है। वीडियो में वह कहता है कि हमारे काफिले न रुकेंगे, न थमेंगे और तब तक चौन से नहीं बैठेंगे जब तक पूरे हिंदुस्तान पर 'ला इलाहा इलल्लाह' (अल्लाह के अलावा कोई दूसरा नहीं) के परचम लहरा नहीं देते। कसूरी आगे कहता है कि ये वक्त आने वाला है, कोई नाउम्मीदी नहीं। हम जिस मैदान में खड़े हुए हैं, अपने दुश्मन को चारो खाने चित्त किया है। ये हिंदू हमारे सामने क्या है। हिंदुस्तान का हिंदू मिट जाएगा और इस्लाम का राज आने वाला है। कसूरी वीडियो में कहता है कि ये भाषण वो लश्कर के मुरीदके हेडक्वार्टर से दे रहा है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लश्कर के इस हेडक्वार्टर पर हमला बोला था। बाद में पाकिस्तानी सेना ने झूठा दावा किया था कि यह आतंकवादी अड्डा नहीं, बल्कि एक मस्जिद है। कसूरी ने पाकिस्तान को 'अल्लाह की दी हुई पनाहगार' बताया। उसने कहा: पाकिस्तान सलामती और अमन की सरजमीं है, ये दुनियाभर के मुस्लिमों का हमदर्द और मददगार है। इसके अलावा कसूरी ने दुनिया से पाकिस्तान की कद्र करने और जुड़ने को कहा।